12 जून, 2025
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 232

भगवान जगन्नाथ का देव स्नान संपन्न, 15 दिन के एकांतवास में रहेंगे



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SMD TRADERS
कटहल मोड़ चौक
पटाखा गली, श्रीराम नगर
गुटवा, थाना - नगरी, राँची
हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता
जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ क्यो ?..................इसलिए ! मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे
संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847

## केंद्रीय कैबिनेट ने झारखंड को दिया तोहफा

# बरकाकाना-कोडरमा के बीच मल्टीट्रैकिंग परियोजना मंजूर

- कर्नाटक-आंध्र प्रदेश में बेल्लारी-चिकजाजुर के बीच 185 किमी रेल लाइन का दोहरीकरण किया जायेगा
- तीन राज्यों के सात जिलों को होगा लाभ, 6400 करोड़ के रेलवे प्रोजेक्ट को दी मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में बुधवार को झारखंड, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के सात जिलों को शामिल करते हुए भारतीय रेल की दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी। केंद्र सरकार के अनुसार इन पहलों से यात्रा सुविधा में सुधार होगा, लॉजिस्टिक लागत घटेगी, कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में गिरावट आयेगी, जिससे टिकाऊ और कुशल रेल प्रचालन को बढ़ावा मिलेगा। बताते चलें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को आर्थिक मामलों की कैबिनेट बैठक हुई। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक में लिये गये निर्णय के बारे में बताया।

**कोडरमा-बरकाकाना मल्टीट्रैकिंग परियोजना को मंजूरी:** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कोडरमा से बरकाकाना के बीच 133 किमी की दोहरीकरण को मंजूरी मिल गयी है, जिसकी लागत 3,063 करोड़ रुपये है। इससे पटना और रांची के बीच की दूरी कम हो जायेगी। यह कोडरमा, चतरा, हजारीबाग और रामगढ़ जिलों को अच्छी कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों की गणना के अनुसार इस परियोजना से कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा सात करोड़ पेड़ लगाने के बराबर होगी। इससे देश में सालाना 32 करोड़ लीटर डीजल की बचत भी होगी। इससे 938 गांवों और 15 लाख की आबादी को लाभ होगा। यह 30.4 मिलियन टन अतिरिक्त माल ले जा सकती है, जो सड़क मार्ग से माल भेजने के विपरीत पर्यावरण के दृष्टिकोण से भी अच्छा साबित होगा।



### बल्लारी-चिकजाजुर मल्टीट्रैकिंग प्रोजेक्ट को मंजूरी

केंद्र सरकार ने कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में भारतीय रेलवे की बल्लारी-चिकजाजुर मल्टीट्रैकिंग परियोजना को मंजूरी दी है। इसे दोहरीकरण किया जायेगा, जिससे मंगलौर पोर्ट से कनेक्टिविटी अच्छी हो जायेगी। इसे लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस प्रोजेक्ट के तहत 185 किमी रेलवे लाइन का दोहरीकरण किया जायेगा, जिसमें 3,342 करोड़ रुपये का खर्च आयेगा।

### पीएम परिवहन और लॉजिस्टिक्स को दे रहे बढ़ावा : वैष्णव

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के दौरान, परिवहन और लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने के लिए कई परियोजनाएं शुरू की गयी हैं। आइआइएम बेंगलुरु और आइआइएम कलकत्ता के हालिया अध्ययन से पता चलता है कि परिवहन में निवेश से देश की लॉजिस्टिक्स लागत में लगभग चार फीसदी की कमी आयी है।

### झारखंड को क्या होगा लाभ

रांची और पटना को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण रेल लाइन को मंजूरी दी गयी है। दोहरीकरण से ट्रेनों की संख्या बढ़ेंगी, माल ढुलाई में गति आयेगी। रांची और पटना के बीच की दूरी घट जायेगी। सबसे छोटा रास्ता होगा। झारखंड के चार जिलों कोडरमा, चतरा, हजारीबाग और रामगढ़ को जोड़ेगी। 938 गांवों और 15 लाख जनसंख्या को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। यह ट्रैक 133 किलोमीटर लंबा होगा। इस ट्रैक पर 17 बड़े पुल, 180 छोटे पुल, 42 आरओबी (रेल ओवर ब्रिज) और 13 आरयूबी (रेल अंडर ब्रिज) बनेंगे। इस ट्रैक के बनने से 30.4 मिलियन टन अतिरिक्त माल परिवहन हो सकेगा। हर साल 163 करोड़ किलो प्रदूषण कम होगा जो 7 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है। ट्रैक के बन जाने से 32 करोड़ लीटर डीजल की बचत होगी।

## मुख्यमंत्री से मिले जर्मनी के राजदूत

# फिलिप ने झारखंड में सहयोग और भागीदारी की जतायी इच्छा

हेमंत सोरेन को जर्मनी आने का दिया न्योता



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन ने मुलाकात की। सीएम आवास पर हुई इस मुलाकात के दौरान जर्मनी के इकोनॉमी काउंसलर और मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी मौजूद थे। इस अवसर पर उनके बीच विभिन्न क्षेत्रों में विकास से संबंधित विभिन्न विषयों एवं पहलुओं को लेकर चर्चा हुई। जर्मन राजदूत ने कहा कि विशेषकर कोयला खनन और उत्पादन को लेकर जर्मनी और झारखंड में काफी समानताएं हैं, ऐसे में कोल आधारित उद्योगों के विकास को लेकर झारखंड के साथ जर्मनी सहयोग बढ़ाने को लेकर इच्छुक है।

मुख्यमंत्री ने झारखंड में औद्योगिक निवेश की संभावनाओं से जर्मनी के राजदूत को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इस दिशा में राज्य सरकार देश-विदेश के औद्योगिक समूहों के साथ लगातार संपर्क स्थापित कर रही है और इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने जर्मन राजदूत से कहा कि भारत में निवेश करने वाले जर्मन निवेशकों को सरकार पूरा सहयोग करेगी। जर्मन राजदूत ने मुख्यमंत्री को जर्मनी आने का न्योता भी दिया।

# झारखंड में सार्वजनिक स्थलों पर सिगरेट पीने वालों को लगेगा 1000 रुपये जुर्माना

## राष्ट्रपति ने संशोधन बिल को दी मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में बुधवार से सार्वजनिक स्थान पर सिगरेट पीते पकड़े जाने पर 1000 रुपये का जुर्माना लगेगा।

इससे संबंधित विधेयक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपनी स्वीकृति दे दी है। यह विधेयक अब कानून का रूप ले लिया है। यह जानकारी राजभवन सचिवालय ने दी।



बताते चलें कि सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण विनियमन) (झारखंड संशोधन) विधेयक को करीब चार साल पहले हेमंत सरकार ने विधानसभा से पारित कराया था। इस संशोधन विधेयक के स्वीकृत होने से पहले तक राज्य में सार्वजनिक स्थल पर सिगरेट पीने पर 200 रुपये जुर्माना का प्रावधान था, जो अब पांच गुणा बढ़कर 1000 रुपये हो गया है।

## न्यूज रील्स

### वेटिंग टिकट कंफर्म हुआ या नहीं, 24 घंटे पहले पता चलेगा

नयी दिल्ली। भारतीय रेलवे ने वेटिंग लिस्ट वाले पैसेंजर्स के लिए नये नियम लेकर आयी है। अब यात्रियों को सीट कंफर्म हुई या नहीं इसकी जानकारी ट्रेन निकलने के एक दिन पहले पता चल जायेगी। रेलवे ने अब चार्ट बनाने का समय ट्रेन के चलने से 24 घंटे पहले कर दिया है। अभी सिर्फ 4 घंटे पहले रिजर्वेशन चार्ट बनाया जाता था। ऐसे में वेटिंग टिकट वालों को आखिरी वक्त तक कंफर्मेशन का इंतजार करना पड़ता था। यह नियम 6 जून से बीकानेर डिवीजन में लागू किया गया है। धीरे-धीरे इसे देशभर के अन्य डिवीजनों में भी लागू किया जायेगा। नये नियम से तत्काल टिकट बुकिंग या अन्य नियमों में कोई बदलाव नहीं होगा। वेटिंग लिस्ट टिकट वाले यात्रियों को स्लीपर या एसी कोच में यात्रा करने की अनुमति नहीं होगी। वह अब सिर्फ जनरल कोच में ही सफर कर सकेंगे।

### केरल हाइकोर्ट का प्रियंका गांधी को नोटिस

कोच्चि। केरल हाइकोर्ट ने बुधवार को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा को नोटिस जारी किया है। इसमें वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव में उनकी जीत को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब मांगा है। याचिका भाजपा नेता नव्या हरिदास की ओर से दायर की गयी है। उन्होंने वायनाड सीट पर प्रियंका के खिलाफ चुनाव लड़ा था। नव्या का आरोप है कि प्रियंका ने अपने नॉमिनेशन फॉर्म में अपनी और परिवार की संपत्तियों की जानकारी सही नहीं दी। नव्या ने दावा किया कि प्रियंका ने जानबूझकर संपत्ति छिपाई, ताकि चुनाव परिणाम प्रभावित हो। यह भ्रष्ट आचरण (करप्ट प्रैक्टिस) की कैटेगरी में आता है। झूठी जानकारी देकर प्रियंका ने आचार संहिता का भी उल्लंघन किया है। याचिका पर अगली सुनवाई अगस्त में होगी।

## पीएम को प्रतिपक्ष के नेता ने लिखा पत्र, दो मांग रखी

# दलित और ओबीसी विद्यार्थियों के हॉस्टल में हो सुधार : राहुल

छात्रवृत्ति भी समय पर देने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने छात्रों की समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। जिसमें राहुल ने हॉस्टल में होने वाली असुविधाओं का जिक्र किया। राहुल ने इसके अलावा छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति का मुद्दा भी उठाया। राहुल ने लिखा कि दलित, एसटी इकोनॉमिक बैकवर्ड क्लास, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदायों के विद्यार्थियों को मिलने वाली छात्रवृत्ति में देरी न हो। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति पाने वाले दलित छात्रों की संख्या लगभग आधी हो गयी है। 2023 में ये 1.36 लाख थी, जो 2024 में घटकर 0.69 लाख रह गयी है। प्रधानमंत्री



को लिखे पत्र में राहुल ने कहा कि मैं आपसे दो महत्वपूर्ण मुद्दों को हल करने का अनुरोध करता हूं, जो 90% छात्रों के लिए शिक्षा के अवसरों में बाधा डालते हैं। उन्होंने अपने बिहार दौरे का जिक्र करते हुए दलित, एसटी, इबीसी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों के लिए छात्रावासों की समस्या के बारे में विस्तार से बताया। छात्रवृत्ति की स्थिति बतायी। राहुल ने कहा कि कमोबेश यह स्थिति पूरे देश की है। मुझे यकीन है कि आप इस बात से सहमत होंगे औ जल्द समाधान निकालेंगे।

# प्रधानमंत्री से मिलने वाले मंत्रियों को कोरोना टेस्ट करवाना होगा

देश में कोरोना के एक्टिव मामले 7000 पार, 74 मौतें
रोज 350 से अधिक नये मामले सामने आ रहे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के मामलों और मौतों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इसी को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने वाले सभी मंत्रियों के लिए कोराना टेस्ट (आरटी-पीसीआर) कराना अनिवार्य कर दिया गया है। सरकारी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आयी है। बताते चलें कि देशभर में कोरोना के एक्टिव मामलों की संख्या 7121 पहुंच गयी है। बीते 24 घंटे में 300 से ज्यादा नये मामले सामने आये हैं। केरल में सबसे ज्यादा 2223 मामले हैं। इसके बाद गुजरात में 1223, दिल्ली में 757 और पश्चिम बंगाल में 747 पॉजिटिव मरीज हैं।




### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सतर्क रहने का दे रहे संदेश

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में भी कोरोना के मामले सामने आये हैं। अब तक 10 लोग कोरोना से पीड़ित हैं। देश में बढ़ते मामले को देखते हुए राज्य सरकार सतर्क है। स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त किया जा रहा है। इस बीच लोगों के मोबाइल पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से सर्तक रहने का एसएमएस संदेश पहुंच रहा है। इसमें मुख्यमंत्री की तरफ से लिखा गया है कि 'जोहार! हाल के दिनों में देश के कई हिस्सों में कोविड-19 के मामले बढ़ रहे हैं।



ऐसे समय में लापरवाही नहीं, सजगता जरूरी है। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मास्क का प्रयोग करें, हाथों की सफाई का ध्यान रखें और जरूरत पड़ने पर जांच करवाएं। अपना और अपने परिवार का ख्याल रखें।'

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार कोरोना के नये वैरिएंट से 74 मौतें हुई हैं। मंगलवार को छह लोगों ने जान गंवायीं। इनमें केरल में तीन, कर्नाटक में दो और महाराष्ट्र में एक मौत हुई है। बीते 10 दिन में 3000 नये मामले सामने आये हैं, वहीं 40 मरीजों की मौत हुई है।

## बेंगलुरु भगदड़: हाइकोर्ट में कर्नाटक सरकार बोली

# बीसीसीआइ और आरसीबी घटना के लिए जिम्मेदार

सोशल मीडिया पर पूरी दुनिया को बुलाया था

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में हुई भगदड़ के लिए कर्नाटक सरकार ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) को जिम्मेदार ठहराया है। कर्नाटक सरकार ने बुधवार को हाइकोर्ट में सुनवाई के दौरान बताया कि इस इवेंट के लिए किसी तरह की अनुमति नहीं ली गयी थी और आयोजकों ने सोशल मीडिया के जरिए पूरी दुनिया को इस इवेंट में शामिल होने बुला लिया। हाइकोर्ट में आरसीबी के मार्केटिंग हेड निखिल सोसले और चार अन्य लोगों की गिरफ्तारी की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई हो रही है। सोसले ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताया है। सोसले ने 10 जून को कोर्ट में दलील दी थी कि पुलिस अधिकारियों को सिर्फ सस्पेंड किया गया है, वे गिरफ्तार नहीं हुए। सिर्फ मेरे साथ ऐसा क्यों किया। बताते चलें कि 4 जून को बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर आरसीबी की विक्ट्री परेड में मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गयी थी। वहीं, 33 लोग घायल हो गये थे। यहां 3-4 लाख क्रिकेट फैंस खिलाड़ियों को देखने आये थे, जो स्टेडियम की क्षमता से कहीं ज्यादा थे। राज्य सरकार की तरफ से पेश हुए एडवोकेट जनरल शशि किरण शेट्टी ने कोर्ट को बताया कि आरसीबी ने 29 मई को पंजाब के खिलाफ मैच जीत लिया था। टीम को पहले से पता था कि वे फाइनल में पहुंच चुके हैं। इसके बावजूद उन्होंने विक्ट्री परेड या स्टेडियम में होने वाले जश्न के लिए कोई अनुमति नहीं ली।

# शिलांग हत्याकांड: सोनम समेत पांच आरोपियों को आठ दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया

राजा रघुवंशी की मां से गले मिलकर रोया सोनम का भाई, कहा-हमने उससे सारे रिश्ते तोड़े

आजाद सिपाही संवाददाता

**शिलांग/ इंदौर।** मेघालय पुलिस ने राजा मर्डर केस में मंगलवार को सोनम और राज समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इन्हें शिलांग लाया गया है। सभी आरोपियों को बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने अदालत से इनकी रिमांड मांगी। जिसके बाद कोर्ट ने सोनम समेत सभी आरोपियों को आठ दिन की पुलिस रिमांड पर सौंपा है।

रिमांड पर लेने के बाद मेघालय पुलिस आरोपियों का आमना-सामना करा सकती है। साथ ही सीन रीक्रिएशन भी करायेगी। इधर, सोनम रघुवंशी के भाई गोविंद ने बुधवार को इंदौर में राजा रघुवंशी की मां उमा रघुवंशी से मुलाकात की। गोविंद राजा की मां के गले लगकर रोया और कहा कि सोनम ने गलती की, उसे सजा-ए-मौत होनी चाहिए। गोविंद ने कहा कि आरोपी राज कुशवाह और सोनम के बीच अफेयर नहीं था। वह राज को राखी बांधती थी। राजा के हत्यारों को सजा मिलनी चाहिए। बताते चलें कि 11 मई को शादी के बाद 21 मई को राजा-सोनम शिलांग पहुंचे थे। 23 मई को परिवार से आखिरी बात की। 2 जून को राजा का शव मिला। 17 दिन से गायब सोनम 9 जून को गाजीपुर में मिली थी। इसके बाद ही हत्याकांड का खुलासा हुआ।

# शराब घोटाला मामला: कोर्ट ने विनय कुमार सिंह के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया

## एसीबी की नोटिस पर नहीं पेश होने पर हुई कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शराब घोटाला मामले में विनय कुमार सिंह के खिलाफ एंटी करपशन ब्यूरो (एसीबी) की विशेष अदालत में गिरफ्तारी वारंटी जारी किया है। एसीबी की टीम ने विशेष अदालत में आवेदन देकर विनय कुमार सिंह के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आग्रह किया था।




दरअसल, एसीबी की ओर से विनय कुमार सिंह को नोटिस करने के बाद भी वह एसीबी के समक्ष उपस्थित नहीं हो रहे हैं। विनय सिंह को मामले में अपनी गिरफ्तारी का डर है। हालांकि उससे बचाने के लिए उन्होंने 29 मई को एसीबी कोर्ट अग्रिम जमानत याचिका दायर की है, जिसपर 20 जून को सुनवाई होगी। बताते चलें कि शराब घोटाला मामले में एसीबी ने अबतक निलंबित आइएएस विनय चौबे समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। विनय चौबे और तत्कालीन संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह को 20 मई को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद 21 मई को पूर्व जीएम फाइनेंस सुधीर कुमार दास, जीएम सुधीर कुमार और कर्मचारी नीरज कुमार सिंह को भी गिरफ्तार किया गया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 12 जून, 2025
www.azadsipahi.in


# बिहार में अपने ही जाल में फंसता जा रहा है राजद

## ■ परिवार और पार्टी से लेकर गठबंधन तक में उलझ गये हैं लालू-तेजस्वी

## ■ मोदी-नीतीश की जोड़ी से अधिक अपने ही बनते जा रहे हैं बड़ी चुनौती

## ■ गठबंधन के सहयोगियों की उम्मीदों और दावों से निबटने का उपाय जरूरी

**बिहार में इस साल के अंत में होनेवाला विधानसभा चुनाव इस बार कई अहम फैसले करेगा। इसमें सबसे प्रमुख दो फैसले होंगे। पहला, यह कि नीतीश कुमार और पीएम मोदी की जोड़ी एक बार फिर इस राज्य की सत्ता संभालती है और दूसरा यह कि क्या लालू-तेजस्वी यादव अपनी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल को सत्ता में वापस लाने में सफल रहते हैं। इन दोनों में से कोई भी फैसला विरोधी दल के भविष्य के लिए बेहद खतरनाक होगा। जहां तक पीएम मोदी और सीएम नीतीश की जोड़ी का सवाल है, तो इनके सामने केवल सत्ता बचाने की ही चुनौती है, लेकिन लालू-तेजस्वी के सामने तो सत्ता में वापसी के साथ अपने परिवार को बचाने का भी चैलेंज है। इस लिहाज से बिहार का चुनाव राजद के लिए अधिक चुनौतीपूर्ण होनेवाला है। 1997 में लालू यादव और जगदानंद सिंह द्वारा स्थापित राष्ट्रीय जनता दल अपनी अलग किस्म की राजनीति के लिए जाना जाता है, लेकिन यह 'अलग किस्म की राजनीति' ही उसके लिए मुसीबत बन गयी है। भ्रष्टाचार, कुशासन, पिछड़ापन, सामाजिक तनाव, जातिवाद जैसे नकारात्मक तत्वों के सहारे राजनीति में अपनी जगह बना चुके राजद के लिए यह चुनाव इसलिए अहम है, क्योंकि उसके नेतृत्व की दूसरी पीढ़ी, यानी तेजस्वी यादव ने कमान संभाल ली है। ऐसे में अपनी पुरानी छवि से बाहर निकल कर आक्रामक राजनीति का रास्ता अख्तियार करना राजद के लिए आसान नहीं है। फिर परिवार में कलह और पार्टी के भीतर के समीकरणों ने भी लालू-तेजस्वी के सामने नयी चुनौती पेश कर दी है। ऐसे में बिहार चुनाव से पहले क्या है राजद का अंदरूनी माहौल और लालू-तेजस्वी के सामने क्या हैं चुनौतियां, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

**आजाद सिपाही विशेष**



राकेश सिंह

बिहार विधानसभा चुनाव का एलान भले ही अभी ना हुआ हो, लेकिन यहां पर सियासी सरगर्मी काफी तेज हो गयी है। राजद ने प्रदेश में अपनी सत्ता के वनवास को खत्म करने के लिए पूरी ताकत झोंक रखी है, लेकिन एक के बाद एक ऐसे मामले आते जा रहे हैं, जिससे पार पाना मुश्किल हो रहा है। सियासी तपिश के बीच भाजपा से मुकाबला करने की बजाय राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव को अपने परिवार से लेकर पार्टी के सहयोगी दलों के साथ उलझना पड़ रहा है। ऐसे में चुनाव से पहले ही राजद सियासी चक्रव्यूह में घिरा हुआ नजर आ रहा है।

साल 2005 में बिहार की सत्ता से राष्ट्रीय जनता दल बेदखल हुआ। उसके बाद से कुछ-कुछ समय के लिए दो बार सरकार में आया। इस दौरान राजद ने दोनों ही बार नीतीश कुमार के सहयोग से सत्ता का स्वाद चखा। तेजस्वी यादव 2020 में सत्ता के दहलीज तक पहुंच गये थे, लेकिन भाजपा-जदयू गठबंधन के चलते सरकार बनाने से वंचित रह गये थे। ऐसे में राजद इस बार सत्ता में आने की उम्मीद लगाये हुए है, लेकिन तेज प्रताप यादव के रवैये और कांग्रेस के सियासी तेवर कहीं सारे किये धरे पर पानी न फेर दे।

### तेजप्रताप यादव फैक्टर

लालू प्रसाद यादव ने अपने बड़े बेटे तेज प्रताप को अनुष्का यादव के साथ फोटो वायरल हो जाने के बाद पार्टी और परिवार से बाहर कर दिया है, लेकिन राजद के लिए यह बड़ा सियासी संकट भी खड़ा हो गया है। तेज प्रताप यादव की वजह से पार्टी की जमकर किरकिरी हो रही है। तेज प्रताप पहले से शादीशुदा हैं। उनकी ऐश्वर्या यादव से शादी हुई थी। हालांकि उनके बीच विवाद चल रहा है। ऐसे में तेज प्रताप की अनुष्का यादव के साथ आयी तस्वीर ने राजद की चिंता बढ़ा दी है। ऐश्वर्या ने खुले तौर पर लालू परिवार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। तेज प्रताप के बहाने लालू यादव के साले और पूर्व सांसद साधु यादव भी अब खुलकर विरोध में उतर गये हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि तेज प्रताप के मामले की जानकारी लालू परिवार को पहले से थी। अनुष्का यादव ही नहीं, दूसरी अन्य लड़कियों से भी तेज प्रताप के संबंध रहे हैं।

### अनुष्का का भाई भी एक्टिव

इतना ही नहीं, अनुष्का यादव के भाई आकाश यादव ने तेज प्रताप को पार्टी और परिवार से बेदखल करने के फैसले की अलोचना की है। आकाश यादव ने अनुष्का के सम्मान की रक्षा के लिए संघर्ष करने और लालू यादव द्वारा पहल करके विवाद को नहीं खत्म करने पर लंबी लड़ाई लड़ने की चेतावनी दे दी है। आकाश ने कहा कि तेज प्रताप यादव को बेदखल करने का फैसला लालू ने जल्दबाजी में लिया है। यह मुगल-ए-आजम का दौर नहीं, बल्कि संविधान और लोकतंत्र का दौर है। तेज प्रताप यादव और अनुष्का के संबंध पर आकाश ने कहा कि दोनों बालिग हैं, इस पर वह चर्चा नहीं करेंगे। दो परिवारों की इज्जत, मान-सम्मान को नीलाम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लालू यादव को हम लोग मानते हैं। उनसे आग्रह है कि वह पहल करें। चीजों को संज्ञान में लें। अगर समय रहते इसे रोका नहीं गया, तो यह लड़ाई दूर तक जायेगी। इस तरह पारिवारिक खींचतान का असर चुनावी रणनीति पर पड़ सकता है।




### तेजस्वी के चेहरे पर सस्पेंस

राजद ने बिहार चुनाव तेजस्वी यादव के चेहरे पर लड़ने का एलान किया है, लेकिन कांग्रेस रजामंद नहीं है।

कांग्रेस तेजस्वी यादव को सीएम पद का चेहरा बनाने में हिचक रही है, जबकि लालू यादव अपने बेटे को सीएम बनाने के लिए एक्सरसाइज कर रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस बिना सीएम चेहरे के, यानि सामूहिक नेतृत्व के साथ चुनाव लड़ना चाहती है।

कांग्रेस का कहना है कि चुनाव नतीजे के बाद जिस पार्टी के सबसे ज्यादा विधायक होंगे, उसका सीएम होगा।

कांग्रेस को लगता है कि तेजस्वी के चेहरे पर चुनाव लड़ने से गैर-यादव वोटों पर सियासी असर पड़ सकता है। कांग्रेस की तरफ वामपंथी दल भी तेजस्वी के नाम पर राजी नहीं है। इस तरह से तेजस्वी के चेहरे पर संस्पेंस बना हुआ है।

वहीं, भाजपा ने नीतीश कुमार की अगुवाई और चेहरे पर चुनाव लड़ने का एलान पहले ही कर रखा है। इस तरह लालू यादव को अपने बेटे को चेहरा बनाने के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है।

### सीट शेयरिंग बना संकट

राजद की अगुवाई वाले महागठबंधन के घटक दलों की रूपरेखा बन गयी है, लेकिन सबसे बड़ी चुनौती सहयोगी दलों को संतुलित तरीके से सीटें देना है। राजद के अलावा महागठबंधन में कांग्रेस, वाम दल, मुकेश सहनी और पशुपति पारस की पार्टियां शामिल हैं। बिहार की कुल 243 सीटों में से सबसे ज्यादा सीट राजद अपने पास रखना चाहता है। राजद 150 से ज्यादा सीट पर खुद चुनाव लड़ना चाहता है, जबकि कांग्रेस को 30 से 40 सीट ही देना चाहता है। 30 सीट ही वाम दलों को भी देने के मूड में है, तो मुकेश सहनी की पार्टी को आठ से 10 सीट और पशुपति पारस की पार्टी को भी ऐसे ही पांच से छह सीट देने का मन उसने बनाया है। दूसरी तरफ कांग्रेस की कोशिश 60 से 70 सीटों पर लड़ने की है। कांग्रेस ने बिहार में सीटों की संख्या से ज्यादा जीत की संभावना वाली सीटों को तरजीह देने का मन बनाया है। वह उन सीटों पर लड़ने का प्रयास करेगी, जहां वह मजबूत स्थिति में है। कांग्रेस की नजर दलित और मुस्लिम सीटों पर है, जिसे राजद किसी भी सूरत में छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। इस तरह अगर सीट बंटवारे में संतुलन नहीं बना, तो अंदरूनी खींचतान से महागठबंधन कमजोर पड़ सकता है।

### ओवैसी-पीके का प्रभाव

बिहार में राजद के लिए अगली सबसे बड़ी चिंता असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआइएमआइएम भी है। ओवैसी ने इस बार बिहार की 50 सीटों पर प्रत्याशी उतारने का मन बनाया है, जो राजद के मुस्लिम वोट बैंक के समीकरण को बिगाड़ सकता है। 2020 में सीमांचल की मुस्लिम बहुल पांच सीटें ओवैसी जीतने में कामयाब रहे, जिसमें चार विधायक बाद में राजद में शामिल हो गये। इस बार मुस्लिम बहुल इलाके में ओवैसी फैक्टर राजद ही नहीं, उसकी सहयोगी कांग्रेस के लिए भी चिंता का सबब बन सकते हैं। इसके अलावा चुनावी रणनीतिकार से सियासी पिच पर उतरे प्रशांत किशोर ने जन सुराज नाम से अपनी पार्टी बना ली है। पिछले दिनों उपचुनाव में पीके ने अपने प्रत्याशी उतार कर राजद का खेल खराब कर दिया था। इसके चलते राजद अपनी परंपरागत सीट भी हार गया था। विधानसभा चुनाव में पीके ने सभी 243 सीट पर प्रत्याशी उतारने का एलान कर दिया है। प्रशांत किशोर के निशाने पर भाजपा से ज्यादा तेजस्वी यादव और राजद रहता है। लालू परिवार पर जिस तरह से पीके हमले करते हैं, उसके चलते राजद का खेल 2025 में खराब हो सकता है।

### सीएम नीतीश-पीएम मोदी की जोड़ी

बिहार में राजद के सामने सबसे बड़ी चुनौती नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी की जोड़ी है। नीतीश 2005 से बिहार की सत्ता की धुरी बने हुए हैं। उनके चेहरे को आगे करके भाजपा चुनावी जंग फतह करती रही है। नीतीश कुमार के साथ कम से कम 15 से 20 फीसदी वोट है, जिसमें गैर-यादव ओबीसी, अति पिछड़ी जातियां और महिलाएं हैं। नीतीश के साथ पीएम मोदी की जोड़ी जब सियासी मंच पर नजर आती है, तो चुनावी फिजां ही बदल जाती है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पीएम मोदी ने बिहार की धरती से ही पाकिस्तान को सीधी चेतावनी दी थी और फिर उस पर कार्रवाई भी करके भी दिखाया। पीएम मोदी सियासी फिजां को अपनी तरफ मोड़ना जानते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहला चुनाव बिहार में है। ऐसे में पीएम मोदी की हर रैली में आतंकवाद को मिट्टी में मिलाने और पाकिस्तान को सियासी सबक सिखाने की बात करते नजर आ रहे हैं। इस तरह तेजस्वी कैसे नीतीश-मोदी की जोड़ी से मुकाबला कर पायेंगे।

---

## 11वीं जेपीएससी मुख्य परीक्षा

# मेरिट लिस्ट को हाइकोर्ट में चुनौती कोर्ट ने आयोग से मांगा जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 11वीं जेपीएससी सिविल सेवा (विज्ञापन 1/ 2024 ) की मुख्य परीक्षा की मेरिट लिस्ट को चुनौती देने वाली राजेश प्रसाद एवं अन्य की याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति दीपक रोशन की कोर्ट ने जेपीएससी को नोटिस जारी कर कई बिंदुओं पर उससे जवाब मांगा है। कोर्ट ने शपथ पत्र के माध्यम से जेपीएससी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। अगली सुनवाई 23 जुलाई को होगी। दरअसल, प्रार्थियों की ओर से विज्ञापन या नियमों का हवाला देते हुए कहा गया कि उक्त सिविल सेवा परीक्षा में डिजिटल इवेलुएशन किया गया, जबकि




इसका कोई प्रावधान नहीं है। थर्ड पार्टी एजेंसी के माध्यम से इवेलुएशन कराया गया, यह थर्ड पार्टी एजेंसी कौन है और टेंडर कब हुआ, इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेज में कार्य 10 साल से अधिक अनुभव वाले शिक्षकों या पोस्ट ग्रैजुएट डिग्री होल्डर शिक्षक जिनकी जिनके अनुभव 5 साल से ज्यादा हो उससे मूल्यांकन कार्य कार्य जाना था, सकते लेकिन इस परीक्षा में 2 साल अनुभव वाले गेस्ट फैकल्टी से उत्तर पुस्तिका की जांच करायी गयी। इसलिए मुख्य परीक्षा की मेरिट लिस्ट को खारिज करते हुए दोबारा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करायी जाये।

# दिल्ली एम्स में होगा दिनेश गोप का इलाज, जेल प्रशासन ने शुरू की तैयारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पीएलएफआइ के सुप्रीमो दिनेश गोप का इलाज अब दिल्ली स्थित एम्स में किया जायेगा। वर्तमान में दिनेश गोप पलामू सेंट्रल जेल में बंद है और उसे हाथ में स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्या है, जिसके लिए पूर्व में भी दिल्ली एम्स में उसका इलाज हो चुका है। जानकारी के अनुसार, 24 मई को दिनेश गोप के इलाज के लिए दिल्ली एम्स में अप्वॉइंटमेंट लिया गया था। शुरूआत में यह विचार किया गया कि उसका इलाज देवघर स्थित एम्स में भी संभव हो सकता है, लेकिन देवघर एम्स प्रशासन ने सूचित किया कि दिनेश की बीमारी से जुड़ी तकनीकी जांच और विशेष उपचार की सुविधाएं केवल दिल्ली एम्स में उपलब्ध हैं। इसके बाद पलामू सेंट्रल जेल प्रशासन और पुलिस विभाग ने दिल्ली में



इलाज की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पलामू की पुलिस अधीक्षक (एसपी) रीष्मा रमेशन ने इलाज से संबंधित पत्र प्राप्त होने की पुष्टि की है। वहीं, जेलर आशीष कुमार ने बताया कि दिल्ली एम्स से इलाज के लिए नयी तिथि पर अप्वॉइंटमेंट लिया जायेगा और आवश्यक प्रशासनिक अनुमति प्राप्त की जा रही है। जेल प्रशासन और जिला पुलिस इस पूरी प्रक्रिया को सुचारू और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए विभिन्न पहलुओं पर कार्य कर रहे हैं। गौरतलब है कि दिनेश गोप 2024 से पलामू सेंट्रल जेल में बंद है।

## राज्य के सभी मतदान केंद्रों की होगी जियो फेंसिंग

# 13 जून तक राज्य के निर्वाचन से संबंधित विभिन्न स्तर के अधिकारियों को बैचवार दी जायेगी एक दिवसीय ट्रेनिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या 1200 के अंदर रहनी चाहिए, जिससे मतदान के समय क्यू मैनेजमेंट और वोटिंग की स्पीड बढ़ायी जा सके। मतदाताओं की सुविधा के लिए राज्य में विभिन्न मतदान केंद्रों की सीमाओं को जियो फेंसिंग के माध्यम से चिह्नित व ऑनलाइन किया जा रहा है। इससे बीएलओ को अपने क्षेत्र के मतदाताओं और उनके घरों तक पहुंचने में आसानी होगी। इस प्रक्रिया के संपन्न होने के बाद सभी बीएलओ के अपने-अपने क्षेत्र निर्धारित होंगे व ऑनलाइन एप के माध्यम से




मतदाता अपने लोकेशन से ही अपने मतदान केंद्र, उसका लोकेशन व अपने बीएलओ को जान पायेंगे।

**13 जून तक ट्रेनिंग प्रोग्राम :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि 11 से 13 जून तक चलने वाले ट्रेनिंग सत्र में सभी प्रतिभागियों को मतदान केंद्रों के मैप एवं जियो फेंसिंग के बारे में पुडुचेरी, भारतीय जनगणना कार्यालय एवं आइटी के विशेषज्ञों के अनुभवों को संकलित कर बनाये गये प्रशिक्षण मॉड्यूल से विस्तृत रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को मतदान केंद्रों के मैप एवं जियो फेंसिंग के बारे में पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी जायेगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 33.5 °C | 24.6 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.35 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.02 बजे |

# भगवान जगन्नाथ का देव स्नान संपन्न, 15 दिन के एकांतवास में रहेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** धुर्वा स्थित जगन्नाथपुर मंदिर में बुधवार दोपहर भक्ति और आध्यात्मिकता की अनुपम धारा प्रवाहित हुई, जब भगवान जगन्नाथ अपने भक्तों के प्रेममय जलाभिषेक से अभिभूत हुए। देवस्नान पूर्णिमा के पावन अवसर पर भगवान जगन्नाथ, उनके भ्राता बलभद्र और बहन सुभद्रा का महा जलाभिषेक संपन्न हुआ।

इस पावन दृश्य के साक्षी बनने के लिए मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। जैसे ही स्नान अनुष्ठान पूरा हुआ, श्रद्धालु जय जगन्नाथ के जयघोष के साथ हाथ उठाकर मंदिर परिसर को भक्तिरस में डुबोने लगे।

**दोपहर 2 बजे से 3:30 बजे तक जलाभिषेक :** इस दौरान भगवान के विग्रह का जलाभिषेक 108 पवित्र कलशों से किया गया, जिनमें गंगाजल, चंदन मिश्रित जल, पुष्पजल और औषधीय जल शामिल थे। भक्तों ने स्वयं अपने हाथों से जल अर्पण किया, जिसमें उनकी श्रद्धा, प्रेम और आस्था का भाव झलक रहा था।

जलाभिषेक के पश्चात 3:30 बजे भगवान की विशेष महाआरती की गयी। इस दौरान मंदिर परिसर शंख, घंटा, मृदंग और जयघोषों से गूंज उठा। भगवान को विशेष चंदन और वस्त्र अर्पित किये गये, जिससे वातावरण अत्यंत भावविभोर हो उठा।

**4 बजे से एकांतवास में भगवान :** शाम 4 बजे के उपरांत भगवान जगन्नाथ गर्भगृह में प्रवेश कर एकांतवास में चले गये। यह एक विशेष धार्मिक परंपरा है, जो रथयात्रा से पूर्व 15 दिनों तक चलती है। इसे भगवान के बीमार पड़ने की लीला माना जाता है, जिसमें उन्हें औषधियां दी जाती हैं



और उनके दर्शन बंद हो जाते हैं। पूजारी रामेश्वर पाढ़ी ने बताया कि यद्यपि भगवान दर्शनों से ओझल हो जाते हैं, परंतु उनकी कृपा सदैव भक्तों पर बनी रहती है। एकांतवास के इन दिनों को भजन, ध्यान और रथयात्रा की तैयारी का काल माना जाता है। हर वर्ष भक्तों की आस्था और संख्या दोनों में निरंतर वृद्धि हो रही है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना। उच्चस्तरीय लोगों से संपर्क बनाने की कोशिश कामयाब होगी।

**वृष** यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, राजनीतिक लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति होगी।

**मिथुन** प्रभावशाली लोगों के सहयोग से रुका हुआ काम पूरा होगा, सुख-सौहार्द की वृद्धि, आर्थिक क्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**कर्क** औपचारिक सम्पर्क और सम्बन्ध बढेगा, आत्मविश्वास में वृद्धि, धन-द्रव्य का लाभ,शुभसमाचार की प्राप्ति होगी।

**सिंह** सक्रियता बनाये रखें, सभी काम देर-सबेर पूरा होगा। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर बनेंगे। आर्थिक स्थिति संतुलित रहेगी।

**कन्या** आर्थिक उन्नति,पारिवारिक दायित्व पूरे होंगे। पत्नी का परामर्श लाभप्रद सिद्ध होगा। जमीन-मकान संबंधी काम पूरे होंगे।

**तुला** कर्मक्षेत्र में अत्यधिक कार्यव्यस्तता,नियमित आमदनी के स्रोत मिलेंगे। पारिवारिक समस्या का समाधान मिलेगा।

**वृश्चिक** चिरसंचित अभिलाषा पूरी होगी, स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा। अपने श्रेष्ठत्व बोध करा पाने में सफल होंगे।

**धनु** साधनों की वृद्धि, आत्मविश्वास में वृद्धि,विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा। महत्वकांक्षा पूरी होगी।

**मकर** सामयिक प्रयास सफल होंगे, सट्टा-लाटरी से लाभ, हर्षदायक समाचार मिलेंगे। छात्रों के लिए समय ठीक रहेगा।

**कुंभ** आरोग्यसुख,दिमागी तनाव दूर होंगे, अनेक महत्वपूर्ण काम जो काफी दिनों से लम्बित था, वह पूरा होगा।

**मीन** सामयिक प्रयास सफल होंगे। व्यापार में लाभ। समस्याओं का निराकरण होकर नौकरी में कुछ उन्नति होने की संभावना।

### पेसा नियमावली को लेकर कांग्रेस ने आयोजित की कार्यशाला

# राज्य स्तरीय कमेटी के गठन पर बनी सहमति




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में पेसा (पंचायत अनुसूचित क्षेत्र विस्तार) कानून पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन गीतांजलि बैंक्विट हॉल, चिरौंदी में किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी के राजू उपस्थित रहे।

कार्यशाला में राज्य सरकार के मंत्रियों, कांग्रेस विधायकों, अधिसूचित जिलों के जिला अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। पेसा कानून के मसौदे (ड्राफ्ट) पर विस्तार से चर्चा हुई, और इसके विभिन्न अध्यायों पर सुझाव दिये गये। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि पेसा नियमावली न केवल संविधान की पांचवीं अनुसूची की भावना के अनुरूप हो, बल्कि झारखंड के ग्राम समाज की परंपराओं और अधिकारों की भी रक्षा करे।

प्रभारी के राजू ने कहा कि पेसा कानून को बने 30 वर्ष हो गये हैं, अब झारखंड में इसे प्रभावी रूप देने का वक्त है। उन्होंने कहा कि 20 जून तक सभी संबंधित पक्षों से लिखित सुझाव लिये जायेंगे, जिनके आधार पर नियमावली को अंतिम रूप दिया जायेगा। एक राज्य स्तरीय कमेटी भी गठित की जायेगी जो जन संवाद के जरिए कानून की जागरूकता फैलायेगी।

प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि पेसा कानून झारखंड में स्वशासन की ऐतिहासिक शुरूआत करेगा। यह कानून आदिवासी समाज की परंपराओं, ग्राम सभा की शक्ति और स्थानीय निर्णय प्रक्रिया को सशक्त बनायेगा।

सह प्रभारी सीरीबेला प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस आदिवासियों के पारंपरिक अधिकारों और स्वशासन के लिए प्रतिबद्ध है। विधायक प्रदीप यादव ने पेसा को पंचायती राज का विस्तार बताते हुए इसे ग्राम सभा को मजबूती देने वाला कानून कहा।

विधायक राजेश कच्छप ने पेसा को आदिवासी स्वशासन का संवैधानिक माध्यम बताया। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि भाजपा इस कानून के खिलाफ दुष्प्रचार कर रही है, जबकि कांग्रेस सरकार इसे जमीनी स्तर पर लागू करने को प्रतिबद्ध है।

वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने पेसा के सामाजिक और कानूनी प्रभावों पर विचार करते हुए कहा कि ग्राम सभा को जिम्मेदार बनाना होगा ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया बनी रहे। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने भाजपा पर आदिवासियों के अधिकारों को खत्म करने का आरोप लगाया और कहा कि कांग्रेस ने हमेशा उनका साथ दिया है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि भाजपा की नीतियां आदिवासी विरोधी रही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नहीं होती तो सीएनटी-एसपीटी जैसे कानूनों को भाजपा बदल देती।

कार्यक्रम में बंधु तिर्की, सुधीर पाल, अंबा प्रसाद, दयामनी बारला, रामचंद्र सिंह, सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने अपने सुझाव रखे। धन्यवाद ज्ञापन मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुजनी ने किया।

# झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन का 8वां महाधिवेशन 28 जून को

### शिबू सोरेन ने दिया संगठन के पुनर्गठन का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन का आठवां महाअधिवेशन 28 जून को रांची के कांके रोड स्थित सीएमपीडीआइ रविंद्र भवन में आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में प्रतिनिधि पंजीकरण और संगठन के ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा। इसको लेकर केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। यूनियन के अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर आयोजित इस बैठक में आगामी सांगठनिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गयी।



**समितियों का पुनर्गठन :** बैठक में निर्णय लिया गया कि यूनियन की सभी शाखा, परियोजना, कोलियरी/क्षेत्रीय एवं जोनल कमिटियों को भंग कर दिया गया है। नये कार्यकाल के लिए नये सिरे से कमेटियों का गठन किया जायेगा।

**संयोजक मंडल का गठन :** तीन प्रमुख कोल इंडिया कंपनियों-सीसीएल, बीसीसीएल और इसीएल के लिए संयोजक मंडल का गठन किया गया है। इन संयोजक मंडलों को निर्देश दिया गया है कि वे 20 जून तक सभी शाखा/परियोजना/क्षेत्रीय जोनल कमिटियों का पुनर्गठन कर उसकी कार्यवाही पुस्तिका की छायाप्रति केंद्रीय कार्यालय को प्रस्तुत करें।

**प्रतिनिधियों की संख्या और शुल्क**

प्रत्येक जोनल कमेटी में प्रतिनिधियों की संख्या न्यूनतम 150 और अधिकतम 200 होगी। प्रत्येक प्रतिनिधि को 1000 रुपये शुल्क देना होगा। सभी परियोजनाओं एवं कमेटियों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जायेगी।

## इग्नू का जून सत्रांत परीक्षा 12 जून से 19 जुलाई तक

**रांची (आजाद सिपाही)। इग्नू की जून सत्रांत परीक्षा 12 जून से प्रारंभ होकर 19 जुलाई, 2025 को संपन्न होगी। यह परीक्षा पूरे देश में कुल 700 परीक्षा केंद्रों पर संचालित होगी। रांची क्षेत्रीय केंद्र के अंतर्गत कुल 20 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं जिसमें हजारीबाग केंद्रीय जेल भी शामिल है। सभी परीक्षार्थियों का प्रवेश पत्र (हॉल टिकट) इग्नू की बेवसाइट पर उपलब्ध लिंक https://ignou.samarth.edu.in में लॉगइन कर डाउनलोड कर सकते हैं। मोबाइल एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा केंद्र के अंदर लाना मना है। परीक्षा केंद्र में परिवर्तन मान्य नहीं होगा। परीक्षार्थियों को अपने साथ इग्नू द्वारा जारी पहचान-पत्र परीक्षा केंद्र में लाना अनिवार्य है।**

# मोदी सरकार के 11 साल को बाबूलाल ने बताया विकसित भारत का अमृत काल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्र की मोदी सरकार के 11 साल को नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने विकसित भारत का अमृत काल बताया है। सोशल मीडिया पोस्ट में बाबूलाल ने लिखा है कि ये 11 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के हैं। चिनाब ब्रिज की ऊंचाई हो, अटल टनल की गहराइ हो या स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की भव्यता, ये सिर्फ कंक्रीट की इमारतें नहीं, बल्कि मोदी युग में उभरते भारत के सपनों की ऊंचाई, साहस और संकल्प का प्रतीक हैं। वहीं देश में हुए रेलवे के विकास को लेकर लिखा है कि विगत 11 वर्षों में भारतीय रेल की अभूतपूर्व प्रगति, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की ताकत से भारत आगे बढ़ रहा है।



# राज्य सरकार नये वेतनमान से शिक्षकों का कर रही अपमान : रमाकांत महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जारी झारखंड प्रशिक्षित माध्यमिक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2025 (विज्ञापन संख्या 02/2025 दिनांक 10/06/2025) को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने कड़ा एतराज जताया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने इसे शिक्षकों के सम्मान और राज्य की शिक्षा व्यवस्था के साथ गंभीर खिलवाड़ बताया है। महतो ने कहा कि राज्य सरकार न केवल नयी नियुक्ति नियमावली के माध्यम से शिक्षकों के वेतनमान में कटौती कर रही है, बल्कि टीजीटी और पीजीटी जैसे स्थापित पदों को समाप्त कर माध्यमिक आचार्य के नाम पर शिक्षकों को कम वेतन पर नियुक्त कर रही है। इससे न केवल शिक्षकों का अपमान हो रहा है, बल्कि योग्य शिक्षित बेरोजगारों के भविष्य के साथ भी अन्याय हो रहा है। उन्होंने बताया कि पहले टीजीटी शिक्षकों की नियुक्ति 4600/- ग्रेड पे एवं 44,900/- बेसिक वेतन, और पीजीटी शिक्षकों



की नियुक्ति 4800/- ग्रेड पे एवं 47,600/- बेसिक वेतन पर होती थी, जबकि अब सरकार इन्हीं पदों के स्थान पर नियुक्त माध्यमिक आचार्य को केवल 4200/- ग्रेड पे एवं 35,400/- बेसिक वेतन देने जा रही है। महतो ने कहा कि सरकार द्वारा इस प्रकार वेतनमान में कमी और पदनाम में बदलाव से शिक्षकों के मनोबल पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा और विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना मुश्किल हो जायेगा। उन्होंने कहा कि जब नौवीं से बारहवीं तक की कक्षा एक ही शिक्षक को पढ़ानी होगी तो यह शिक्षकों पर अनावश्यक कार्यभार का बोझ डालेगा। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि सरकार द्वारा जारी नये नियमावली के तहत उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक और +2 विद्यालय के प्राचार्य के पदों को हटाकर एक साझा प्रधानाचार्य का पद बनाया गया है, जिसका ग्रेड पे मात्र 4800/- निर्धारित किया गया है, जबकि पूर्व में क्रमशः 5400/- और 7600/- ग्रेड पे मिलते थे। यह शिक्षकों के प्रति घोर अवमानना को दर्शाता है।

भाजपा प्रवक्ता ने सवाल उठाया कि जब केंद्र सरकार की ओर से संचालित केंद्रीय विद्यालयों में अभी भी टीजीटी और पीजीटी का पद बरकरार है, तो झारखंड में इन्हें क्यों समाप्त किया गया? क्या यह निर्णय नयी शिक्षा नीति 2020 के नाम पर शिक्षकों का शोषण करने की साजिश नहीं है?

यह राज्य के शिक्षित युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय है। भाजपा ने मांग की है कि सरकार जल्द से जल्द इस गलत नियमावली को वापस ले और पूर्व की तरह टीजीटी और पीजीटी पदों की बहाली के साथ उचित वेतनमान सुनिश्चित करे।

### नयी शिक्षा नीति : भाजपा के विरोध पर जेएमएम का पलटवार

# झारखंड में शिक्षकों को जो वेतनमान और ग्रेड पे दिया जा रहा है, वह कई भाजपा शासित राज्यों से ज्यादा है : डॉ तनुज खत्री

**हेमंत सरकार ने पहली बार आधुनिक विषयों और स्थानीय भाषाओं को माध्यमिक शिक्षा में स्थान दिया**

**भाजपा की रघुवर सरकार ने स्कूल बंद कर शराब की दुकानें खोली थीं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता सह केंद्रीय सदस्य डॉ तनुज खत्री ने भाजपा प्रवक्ता रमाकांत महतो के बयान पर तीखा पलटवार करते हुए कहा है कि भाजपा अपनी ही केंद्र सरकार द्वारा लागू की गयी नयी शिक्षा नीति 2020 का झारखंड में विरोध कर रही है। डॉ तनुज ने कहा कि हेमंत सरकार ने नयी शिक्षा नीति को झारखंड की सामाजिक और शैक्षणिक आवश्यकताओं के अनुसार लागू किया है, जबकि भाजपा इसके नाम पर युवाओं को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या भाजपा अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति के भी खिलाफ हो गयी है?

**आधुनिक विषयों और स्थानीय भाषाओं को पहली बार मिला स्थान :** डॉ तनुज ने बताया कि हेमंत सरकार द्वारा जारी माध्यमिक आचार्य की नियुक्ति प्रक्रिया में पहली बार राजनीति, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, मानवशास्त्र, दर्शनशास्त्र, गृह विज्ञान, भूगोल, एप्लायड इंग्लिश, कंप्यूटर साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी और डेटा साइंस जैसे समसामयिक और वैश्विक विषयों को शामिल किया गया है।

इसके अतिरिक्त, संथाली, मुंडारी, नागपुरी, खोरठा, कुरमाली, बंगला, उड़िया और उर्दू जैसी स्थानीय भाषाओं को भी माध्यमिक शिक्षा के दायरे में



शामिल किया गया है। झारखंड के इतिहास में यह पहला अवसर है जब शिक्षा नीति को इस रूप में समावेशी और क्षेत्रीय बनाया गया है।

**भाजपा शासित राज्यों से बेहतर वेतनमान :** डॉ तनुज ने स्पष्ट किया कि झारखंड में शिक्षकों को जो वेतनमान और ग्रेड पे दिया जा रहा है, वह कई भाजपा शासित राज्यों की तुलना में अधिक है।

पूर्व में जहां टीजीटी शिक्षकों को 4600 ग्रेड पे और पीजीटी को 4800 ग्रेड पे मिलता था, अब एकीकृत माध्यमिक आचार्य के पद पर नियोजन के साथ वेतन संरचना में समुचित संतुलन बनाया गया है। भाजपा जानबूझकर भ्रामक प्रचार कर रही है, जबकि हेमंत सरकार शिक्षकों को आर्थिक और सामाजिक दोनों सम्मान देने का काम कर रही है।

भाजपा के शासनकाल में स्कूल बंद, शराब दुकानें खुलीं

डॉ तनुज ने कहा कि रघुवर दास के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने स्कूलों को मर्ज करने के नाम पर हजारों विद्यालय बंद कर दिये और कई स्थानों पर शराब की दुकानें खोल दी गयीं। भाजपा शासनकाल में शिक्षा को प्राथमिकता देने की बजाय सामाजिक विषमता को बढ़ावा दिया गया।

इसके विपरीत, हेमंत सरकार ने सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस योजना शुरू कर सरकारी विद्यालयों को उच्च गुणवत्ता के संसाधनों और आधारभूत ढांचे से लैस कर आधुनिक शिक्षा की ओर बढ़ाया है।

**पारा शिक्षकों को दिया गया सम्मान :** डॉ तनुज ने स्मरण कराया कि भाजपा शासनकाल में शिक्षकों को पारा शिक्षक कहकर अपमानित किया गया। जब वे सड़कों पर अपनी मांगों को लेकर उतरे, तो लाठीचार्ज हुआ। वहीं हेमंत सरकार ने उन्हें सहायक आचार्य का पदनाम दिया और टेट पास शिक्षकों की नियमित नियुक्ति की दिशा में निर्णायक कदम उठाये।

डॉ तनुज खत्री ने कहा कि भाजपा के पास झारखंड के युवाओं और शिक्षकों को देने के लिए कोई ठोस नीति नहीं है। वह केवल अफवाह और असंतोष फैलाकर शिक्षा जैसे गंभीर विषय पर भी राजनीति करना चाहती है। हेमंत सरकार की नीयत और नीति दोनों साफ है, शिक्षक और शिक्षा को सम्मान देना।

## विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सांढ़ पंचायत भवन में 12वीं इंटर आट्र्स साइंस कॉमर्स में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया सुलेखा कुमारी और संचालन गिनी वर्मा ने किया। 12वीं परीक्षा में पंचायत स्तरीय बेहतर परिणाम प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पूर्व मुखिया भीखन महतो के नेतृत्व में सम्मानित समारोह किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को 12वीं के बाद किस क्षेत्र में और किस यूनिवर्सिटी से शिक्षा प्राप्त करना है इसके बारे में जानकारी दी गयी साथ ही साथ अलग - अलग क्षेत्र में कैसे अपने आप को प्लेसमेंट किया जा सकता है इसके बारे में पंचायत सचिव अलका कुमारी ने अपने संबोधन से जानकारी दी। इस दौरान जनप्रतिनिधियों शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति भारत बनाने के लिए शपथ लिए। शपथ लेते हुए लोगों ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं और युवकों की शक्ति का समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है अतः यह अति आवश्यक है कि नशा मुक्त भारत अभियान में सर्वाधिक संख्या में युवा जुड़े देश के इस चुनौती को स्वीकार करते हुए हम आज नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एकजुट होकर प्रतिज्ञा करते हैं। मौके पर मुखिया सुलेखा कुमारी, पंचायत सचिव अलका कुमारी, रोजगार सेवक सुरेंद्र ठाकुर, पूर्व मुखिया भीखन महतो, वार्ड सदस्य संजय कुमार राणा, टेकलाल कुमार, केंद्रीय कुशवाहा समाजसेवी सचिव गिन्नी वर्मा, पूर्व वार्ड सदस्य आनंद कुमार पासवान, ओमकार कुमार, शिक्षक जितेंद्र कुमार, विकास प्रसाद दांगी, लीलावती सहित छात्र-छात्राओं मैं कुमारी अंशु प्रिया, श्वेता कुमारी, शशिकांत शर्मा, चंचल कुमारी, मुस्कान कुमारी, मोनिका कुमारी, राजेश कुमार, ललिता कुमारी, राहुल कुमार, मुस्कान कुमारी, सृष्टि कुमारी, प्रतिभा कुमारी, जूही कुमारी उपस्थित थे।

## सुकल्याण मोइत्रा की सास का निधन




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ सुकल्याण मोइत्रा की सास-मां और डॉ मोइत्रा की पत्नी सरिता बरला की माता बीना बारला का निधन बुधवार सुबह चुरचू प्रखंड के डूमर गांव में अपने निवास स्थान में हो गया। वह कुछ समय से बीमार चल रही थी। उनके पिता स्वर्गीय बसंत अवध्या भारतीय नौसेना से अवकाश प्राप्त किये थे। शिक्षिका के रूप में मध्य विद्यालय चूरचू में लगभग चार दशक की सेवा के बाद वह 2007 में अवकाश प्राप्त की थी। उनके पति अवकाश प्राप्त शिक्षक डेविड बरला का निधन कुछ वर्ष पहले हुआ था। इनका अंतिम संस्कार ग्राम डूमर में इनके पारिवारिक सिमेट्री मे संपन्न हुआ। आसपास के गांव और हजारीबाग नगर से बड़ी संख्या में रिश्तेदार और शुभचिंतक इसमें भाग लिए। रांची और बोकारो जिले से भी रिश्तेदार इस मौके पर अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे। डूमर ग्राम के संत लुका चर्च के पादरी निशांत कुमार भूईया और पादरी रंजीत मरांडी ने इस अवसर पर प्रार्थना सभा का संचालन किया। मौके पर ईसाई धर्म पुस्तक बाइबल की पंक्तियां पाठ की गयी और ईसा मसीह के स्मरण में कई अर्थपूर्ण गीत की सामूहिक गायन हुई। अंत में सभी लोगों ने कबर पर पुष्प अर्पण कर उसे सजाया और मोमबत्ती और अगरबत्ती जलाकर बीना बरला को अंतिम विदाई दी। बीना बारला ने अपने पीछे अपने स्वर्गीय बड़े पुत्र विनय बरला के परिवार के साथ-साथ छोटे पुत्र असीम बरला, दोनों पुत्री सरिता बरला, अर्चना बरला, दामाद सुकल्याण मोइत्रा, शिवाजी मोइत्रा सहित उनके परिवार और अनेकों रिश्तेदार को पीछे छोड़ गयी।

## जनवितरण प्रणाली की दुकान में सड़े चावल की सूचना पर सक्रिय हुआ विभाग


**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के खंभवा पंचायत के जनवितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानदार गणेश गोप की दुकान में सड़े चावल के वितरण की मिल रही शिकायत के बाद जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए जांच पड़ताल करने पहुंचे विदित हो कि शनिवार को प्रमुख संतोष मंडल और पंचायत समिति सदस्य - (पंसस) राजेश यादव ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान - दुकान में रखे गये चावल की गुणवत्ता - देख वे भड़क उठे, क्योंकि वहां सड़ा हुआ और दुर्गंधयुक्त चावल पाया गया। दुकानदार गणेश गोप ने बताया - कि पिछले माह विभाग द्वारा जो चावल आपूर्ति किया गया था, उसमें से अब तक पांच बोरियां खोली गयी हैं और सभी में सड़ा चावल मिला है। उपभोक्ता इसे लेने से साफ इनकार कर रहे हैं। जिसकी सूचना उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दी है, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी बुधवार को इसकी जांच करने पहुंचे जांच करने के बाद बाद प्रेस से बातचीत के दौरान बताया कि निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि चावल की बोरियों में आवागमन के दौरान कहीं तिरपाल वगैरह फट जाने से पानी चावल में प्रवेश किया होगा या इस दुकान में कहीं से पानी लग गया जिससे दुकान में रखा हुआ चावल खराब हुआ चावल में पानी पड़ जाने से उसमें फफूंद बन कर (लोंधा) बने हुए हैं और अधिकांश चावल से दुर्गंध आ रही है। जिसके वितरण पर तत्काल रोक लगा दिया गया है खराब हुआ चावल उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डाल सकता था ऐसी घटनाएं दोबारा न हों इस के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है और सभी चावल को जब्त कर इसे बदलकर जन वितरण प्रणाली के दुकानदार को नया चावल उपभोक्ताओं को वितरण करने के लिए प्रक्रिया प्रारंभ कर दिया गया है साथ ही डीलर को यह निर्देश दिया गया है कि जहां तक हो सके उपभोक्ताओं को अच्छा चावल दें जिसका उपयोग उपभोक्ताओं करें, और जो चावल खराब है, उसे बदल दिया जायेगा।

## मत्स्य किसानों के बीच शिविर का आयोजन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** मत्स्य विभाग हजारीबाग के द्वारा बड़कागांव प्रखंड के महुगाईकला पंचायत भवन में मत्स्य किसानों के बीच मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के किसान क्रेडिट कार्ड बनाने को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही साथ किसानों के बीच मत्स्य पालन की उतम तकनीक के बारे जानकारी दी गयी। रोजगार बढ़ाने के तरीके पर चर्चा की गयी है। मत्स्य प्रसार पदाधिकारी रजनी गुप्ता ने बताया कि सभी तालाबों का तैयारी अभी से ही कर लें। उन्नत मत्स्य बीज का चयन करें। विभाग के द्वारा प्रशिक्षण समय-समय पर दिया जाता है इसका लाभ सभी किसान उठावें। मौके मुख्य रूप से मुखिया बेबी देवी, उपमुखिया सुबोध सिंह, रामकिशोर शुक्ला, मत्स्य मित्र श्याम कुमार भार्गव, मो रमजान, ननकू राम, मगन राम, रामकृष्ण शुक्ला, कृष्ण कुमार भार्गव, मोहम्मद साबीर, विपिन सिंह, निरंजन कुमार आदि लोगों उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ कृषक मित्र संघ हड़ताल पर



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** झारखंड कृषक मित्र महासंघ के निर्देशानुसार विष्णुगढ़ कृषक मित्र अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने का फैसला किया है। इस संबंध में विष्णुगढ़ कृषक मित्र के अध्यक्ष विश्वनाथ महतो के नेतृत्व में संघ का प्रतिनिधि मंडल प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी को पत्र सौंप कर इसकी जानकारी दी है। इस संबंध में उन्होंने कहा है कि हम सभी कृषक मित्रो का प्रोत्साहन राशि पिछले साल से नही मिला है जिससे हमलोगों की हालत दयनीय हो गयी है। जिसकी प्रदेश नेतृत्व ने संज्ञान में लेते हुए अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष के आलावा अशोक सिंह, विशेश्वर सिंह, लखन गंझू, बिजेंद्र राय आदि शामिल थे।

# सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने अवैध रूप से बनाया संजीवनी सेवा कुटीर, प्रशासन ने हटाया

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के द्वारा शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्थापित संजीवनी सेवा कुटीर को जिला प्रशासन ने बुधवार को हटा दिया। प्रशासन का कहना है कि सरकारी जमीन पर विधायक ने अतिक्रमण किया था, जिसे मुक्त कराया गया है। जिला प्रशासन की टीम सुबह आठ बजे के करीब शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज पहुंची और संजीवनी कुटीर को हटाने की प्रक्रिया शुरू की जो दोपहर के लगभग डेढ़ बजे के आसपास समाप्त हुआ। बाकायदा किसी भी तरह का तनाव न हो इसे देखते हुए अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया गया। एसडीओ बैजनाथ कामती, सदर सीओ मयंक भूषण, सदर थाना प्रभारी सुभाष सिंह समेत अन्य पदाधिकारी और मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में पूरी प्रक्रिया संपन्न करायी गयी। प्रशासन ने संजीवनी सेवा कुटीर हटाने के लिए क्रेन बुलाया। कुटीर को हटाने में लगभग 1 घंटे से अधिक का समय लग गया। सेवा कुटीर को मेडिकल कॉलेज परिसर से हटाकर विधायक कार्यालय पहुंचाया गया।

संजीवनी कुटीर हटाने के दौरान भारी संख्या में प्रदीप प्रसाद के समर्थक भी अस्पताल परिसर पहुंचे। प्रशासन और स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ लोगों ने नारेबाजी भी की। कड़ी सुरक्षा के बीच संजीवनी सेवा कुटीर हटाई गयी। संजीवनी सेवा कुटीर हटाने के दौरान मरीजों को परेशानी ना हो इसे लेकर भी इंतजाम किया गया था।

हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बना संजीवनी कुटीर पिछले एक महीना से चर्चा है। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने भी संजीवनी कुटीर को लेकर कड़ी टिप्पणी करते हुए इसे हटाने की बात कही थी। अंततः जिला प्रशासन ने संजीवनी सेवा कुटीर को मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर से हटा दिया है। इस कुटीर का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को सहायता और जानकारी उपलब्ध कराना था। कहा जाये तो यह एक तरह का हेल्प डेस्क के रूप में काम कर रहा था। इसे लेकर राजनीति के गर्म हो गयी थी। सरकार ने स्पष्ट किया था कि सरकारी परिसर में एक पार्टी विशेष का दफ्तर खोल दिया गया है। राजनीति का अड्डा बन गया है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और विधायक अपने मर्जी से अस्पताल चलाना चाहते हैं। इस कारण यह हटना चाहिए। जिला प्रशासन और सरकार ने कहा था कि सरकारी संपत्ति पर विधायक ने अतिक्रमण कर लिया है इस कारण अतिक्रमण हटाना चाहिए। इस बाबत जिला प्रशासन ने सदर विधायक को सरकारी जमीन पर अतिक्रमण को लेकर नोटिस भी जारी किया था। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद अपने जन्मदिन के अवसर पर 4 जनवरी 2025 को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में संजीवनी सेवा कुटीर की स्थापना किये थे। सांसद के साथ आधे दर्जन से अधिक विधायक इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए थे। सभी जनप्रतिनिधियों ने यह वकालत की थी संजीवनी कुटीर आम जनता के लिए बेहद मददगार साबित होगा।

सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने संजीवनी सेवा कुटीर हटाने को लेकर कहा है कि आम जनता को मदद पहुंचाने के लिए इसकी स्थापना की गयी थी। राजनीति के तहत संजीवनी सेवा कुटीर हटाया गया है। साथ ही कहा कि कुटीर हट जाये लेकिन सेवा भाव कम नहीं होगा।

# चिंतपूर्णी स्टील प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में बड़ा हादसा, चार मजदूर घायल, एक गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**चरही।** हजारीबाग जिले के चरही थाना क्षेत्र के पर स्थापित पंद्रह माईल स्थित चिंतपूर्णी स्टील प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में एक बड़ा हादसा हो गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हादसे में लगभग तीन-चार मजदूरों को घायल होने की सूचना है। जिसमें से एक की हालत गंभीर बतायी जा रही है। हादसे के बाद हरकत में आए फैक्ट्री प्रबंधन ने सभी घायल मजदूरों को रांची के सैमफोर्ड अस्पताल में भर्ती कराया है।

आपको बता दे कि चिंतपूर्णी स्टील प्लांट का 5 नंबर ब्लोअर फटने से हादसा हुआ है। यह हादसा बुधवार की सुबह लगभग 9 बजे की है। घटना के बाद फैक्ट्री में अफरा-तफरी मच गयी।

बताया जाता है कि चिंतपूर्णी स्टील प्लांट में सुरक्षा को लेकर हर वर्ष लाखों रुपये खर्च किया जाता है, लेकिन सुरक्षा के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। लगातार एक साल में 4 हादसे हुए हैं, जिनमें कई लोग घायल हुए और कई मजदूर की मौत हुई है।

तीन माह पूर्व 5 मार्च 2025 को भट्ठी फटने से 5 मजदूर घायल हुए हैं। 2 अक्टूबर 2024 को विस्फोट से 2 मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए। 11 जुलाई 2024 को बॉयलर फटने से चार मजदूर गंभीर रूप से झुलस गये। एवं इसी प्लांट में एक ठेका मजदूर बिहार के बांका निवासी विकास प्रसाद यादव की मौत 23 सितंबर 2021 की रात भट्ठी में गिरने से हो गयी थी। दरअसल चिंतपूर्णी स्टील प्लांट में हादसों की वजह मेंटेनेंस की कमी व लापरवाही माना जा रहा है। आए दिन स्टील प्लांट में हादसे हो रहे हैं और लोग घायल हो रहे, साथ ही लोगों की मौत भी हो रही है।

# महिला को हाथी ने लिया चपेट में, मौत

**अंतिम संस्कार के लिए विभाग ने किया सहयोग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**टाटीझरिया।** हजारीबाग जिले के टाटीझरिया में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार इस क्षेत्र में हाथियों की तबाही जारी है। झुंड से बिछड़ा एक हाथी कल मंगलवार को दिनभर अमनारी बौधा जंगल में राहगीरों के लिए मुसीबत बना रहा। इसी बीच टाटीझरिया के साप्ताहिक बाजार से वापस लौट रही महिला को हाथी ने पटक कर मौत के घाट उतार दिया। मृतका की पहचान धर्मपुर पंचायत के खंभवा गांव निवासी मोसोमात लाजवंती के रूप में हुई है। इस घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

**बाइक से गिर गयी थी महिला**

महिला टाटीझरिया के साप्ताहिक बाजार से अपने भतीजे के साथ मोटरसाइकिल से वापस घर लौट रही थी। इसी बीच बौधा डैम के समीप पश्चिमी वन प्रमंडल अमनारी जंगल के पास पहुंचते ही हाथी उन्हें दौड़ाने लगा। इसी दौरान महिला बाइक से नीचे गिर गयी। बाइक सवार को इसका पता भी नहीं चला और वह घर पहुंच गया।

**देर रात 1 बजे मिला शव:** मामले की जानकारी होते ही परिजन और ग्रामीण महिला को ढुंढने निकलें। देर रात करीब 1 बजे अमनारी जंगल में झाड़ियों से घिरी गड्ढे में महिला का शव मिला। घटना की सूचना मिलते ही टाटीझरिया थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी और फोरेस्टर विद्या भूषण घटनास्थल पर पहुंचे।

**अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को मिले 50 हजार रुपये:** घटना से आक्रोशित परिजनों ने जब मुआवजे की मांग की, तो रैंजर एस एन तिवारी ने मृतक के परिजन को तत्काल में अंतिम संस्कार करने के लिए 50 हजार रुपये दिये। इसके अलावा परिजनों को मुआवजे की राशि दी जायेगी। राशि देने समय मुख्य रूप से वनपाल विद्याभूषण, कैलाशपति सिंह, मिथलेश पाठक, उपेंद्र पांडेय, महेश अग्रवाल, अमरेश सिंह, अरूण सिंह समेत विभाग के वनरक्षी और थाना के लोग उपस्थित था।

## हजारीबाग में आज तीन घंटे बिजली रहेगी बाधित

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)। गुरुवार सुबह से डीवीसी सिंदूर यार्ड में, बिजली विभाग द्वार सुबह 8.30 बजे से 11.30 बजे तक मेंटेनेंस कार्य किया जायेगा, जिससे चलते सर्किट 01 02 और 03 से संचलित जबरा, सिलवार, बड़कागांव, इचाक, कटकमसांडी, कटकमदाग, केरेडारी, दारू, टाटीझरिया, डेमोटांड़ के ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बाधिज रहेगी यह विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, हजारीबाग, सुब्रत बनर्जी ने अधिसूचना जारी कर बताया। इससे लगभग 3 घंटा तक उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता विभाग ने खेद प्रकट करते हुए उपभोक्ताओं से सहयोग और संयम की अपेक्षा करती है।**

# श्रद्धा और उल्लास संग भक्तों ने की हनुमान भक्ति

**प्रसाद लेने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**झुमरीतिलैया।** ज्येष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगलवार को झुमरीतिलैया में भक्तों ने श्रद्धा और उल्लास के साथ हनुमानजी की आराधना की। सुबह से ही गांव से लेकर शहर तक हनुमान मंदिरों में 'को नहिं जानता है जग में कपि संकट मोचन', ह्यश्रीराम चन्द्र कृपालु भजुमन हरण भव भय दारुणम और बुद्धिहीन तनु जानिके, सुमिरो पवन कुमार, बल बुद्धि विद्या देहु मोहिं, हरहु कलेश विकार का पाठ गुजने लगा। मंदिरों में दर्शन-पूजन करने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। भक्तों ने विधि-विधान से हनुमानजी की आराधना कर सभी संकटों का निवारण कर बल, बुद्धि और विद्या प्रदान करने की कामना की गयी। जिसमें प्रसाद लेने के लिए श्रद्धालुओं को लंबी कतारें लगी रहीं। झुमरीतिलैया समेत ग्रामीण अंचलों में हनुमान मंदिरों पर सुबह से ही श्रीराम और हनुमानजी के गीत बजना शुरू हो गए थे। मंदिर के श्रद्धालु भक्त और पुजारी ने विधिवत बजरंगबली का श्रृंगार किया। मंदिरों में 'जय श्रीराम जय हनुमान' के उद्घोष सुनाई देने लगे। भक्तों के दर्शनों के साथ-साथ ही प्रातः आरती का आयोजन किया गया। आरती के बाद मंदिरों में भक्त दर्शन के लिए अपनी अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। हाथों में पूजा की थाली के साथ साथ कोई चोला चढ़ाने आ रहा था। बीर बजरंगी को मनाने के लिए उत्सुक दिख रहे थे। शहर के स्टेशन रोड़ हनुमान मंदिर, रेलवे स्टेशन, रांची पटना रोड़, सीएच स्कूल रोड़, महाराणा प्रताप चौक, अड्डी बंग्ला, विंध्या पुरी आदि स्थानों पर स्थित हनुमान मंदिर के अलावा जिले के छोटे-बड़े सभी हनुमान मंदिर पर सुबह से शाम तक यह सिलसिला चलता रहा। नगर के सीएच स्कूल रोड़ स्थित गुरुकृपा शांति भवन, में सुंदर कांड, ऊं संकिर्तन मंडल में भजनों का कार्यक्रम, किर्तन भवनों में भजनों का कार्यक्रम और श्याम मित्र मंडल के द्वारा कलयुग के दो देव बाबा वीर हनुमान और बाबा श्याम पर भजन गायकों ने राजस्थानी भोजपुरी क्लासिकल आधारित भजन प्रस्तुत किये। भक्ति के सागर में गोता लगाने का मौका दिया। मंदिरों में श्रद्धालुओं ने की भगवान की पूजा-अर्चना। ज्येष्ट माह के अंतिम मंगलवार को मंदिरों में श्रद्धालुओं ने अपने आराध्य को फूल, माला, पुष्प अर्पित किये। लड्डुओं और खीर का भोग लगाया और परिवार सहित समाज और इष्ट मित्रों के सुख शांति समृद्धि के लिए हनुमंत लला से प्रार्थना की। सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। वहीं, मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, बजरंगबाण के पाठ सहित बजरंग बली की आरती के स्वर गूंज रहे थे।

## पशुओं की तस्करी कर ले जाया जा रहा ट्रक जब्त, 6 पशु बरामद, दो हिरासत में



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मंगलवार की देर रात को कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह को सूचना मिली कि कोडरमा थाना क्षेत्र के रास्ते अवैध रूप से एक ट्रक में पशुओं की तस्करी कर ले जाया जा रहा है। इसके सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए कोडरमा थाना प्रभारी अरविंद कुमार को दी गयी। निर्देश के आलोक में उनके नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना अंतर्गत बाघीटाड चेकनाका के पास एक ट्रक में लदे 6 गाय जब्त कर, 2 अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया गया। ट्रक सख्या जेएच- 02एके-55 89 मे बिहार के छपरा से पशु लोड करके कोडरमा सलेडीह की तरफ जा रहे थे। इसमे गिरफ्तार मे व्यापारी सुरेश यादव पिता त्रिलोकी यादव ग्राम कंदाजोर जमुमा गिरिडीह, चालक सुरेंद्र शार्म पिता खिरू शर्म ग्राम पंडेडीह के नाम शामिल है। इस संबंध में कोडरमा थाना कांड सं- 92/25 दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। दोनों को जेल भेजने की तैयारी की जा रही है।

## ओल्ड एज होम में लालू यादव का जन्मदिन मना



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** ओल्ड एज होम में बुधवार को राजद युवा नेताओं ने राजद सुप्रीमो लालू यादव का जन्म दिन मनाया। वृद्धों के बीच नास्ता पैकेट वितरण किया। नेतृत्व राजद युवा नेता रौशन यादव ने किया। इस दौरान लालू यादव की लंबी उम्र की कामना की।रौशन यादव ने कहा कि प्रत्येक वर्ष यह कार्यक्रम होगा। मौके पर रौशन यादव, आयुष झा, अशीष यादव, छोटी यादव सहित काफी संख्या में ओल्ड एज होम के कर्मी मौजूद थे।

## नशा मुक्त अभियान को लेकर इचाक में कार्यशाला का आयोजन




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** नशा मुक्ति अभियान के तहत इचाक प्रखंड मुख्यालय सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनों के बीच नशा उन्मूलन के लिए जन जागरूकता और सभी के प्रयास से इसका समूल समाप्ति का संकल्प लेना था। कार्यक्रम के उपरांत सबों ने नशा नहीं करने और समाज को नशा से बचाने का शपथ लिया। कार्यशाला में उपस्थित पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने नशा उन्मूलन और इसके दुष्प्रभाव के बारे में बारी-बारी से अपने अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता ने कहा कि नशा और नशा कारोबारी की पहुंच अब गांव-गांव तक हो गयी है। इनसे समाज को बचाना है। इसके लिए आम जनता का सहयोग चाहिए। जब तक आम जनता जागरूक नहीं होगी यह अभियान सफल नहीं होगा। हमलोग गांव और पंचायत स्तर पर कमेटी बना कर लोगों से नशा मुक्त समाज बनाने में सहयोग करने का कार्य करेंगे। बीडीओ संतोष कुमार ने कहा कि राज्य सरकार ने नशा मुक्त अभियान चलाया है। नशा एक लाइलाज रोग बन गया है, जिससे अगर नहीं बचा गया तो यह कैंसर का रूप ले लेगा। हम सबों का दायित्व है कि समाज में फैल रहे नशा कारोबार को जड़ से कबाड़े, इसमें सबों का सहयोग जरूरी है। थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने कहा कि कम उम्र के युवक अब नशा के गिरफ्त में आकर अपना कैरियर बर्बाद कर रहे हैं। अब हमलोग का फोकस गांव के तरफ होगा। हमलोग गांव-गांव में कमेटी बना कर ग्रामीणों को जिम्मेदारी देंगे कि अगर उनके गांव में कोई नशा का कारोबार करता है तो उसे पकड़े और पुलिस को सूचित करे। 10 मिनट में पुलिस आपके पास होगी, प्रशासन कार्रवाई करेगी। उप प्रमुख सतेंद्र कुमार ने कहा कि इस कोढ़ से समाज को बचाने के लिए अब हर गांव और घर घर में जाकर लोगों को जागरूक करना होगा, तभी इस कोढ़ से समाज बच सकता है। बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम ने कहा कि आज क्षेत्र में नशा चिंता का विषय बन गया है। इसपर हर किसी को जिम्मेवारी लेकर चिंतन करना होगा और क्षेत्र को नशा से बचाना होगा। कार्यशाला में प्रखंड पशु चिकित्सक नकुल मोदी, डाढा मुखिया प्रतिनिधि दयानंद कुमार, बरीयठ मुखिया प्रतिनिधि अभिषेक कुमार, पूर्व मुखिया उमेश मेहता, बिएओ बिनोद रवि समेत कई अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखे।

## परियोजना बालिका विद्यालय में मनाया गया शहीद विद्यानंद सिंह का शहादत दिवस




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** नागालैंड में सैन्य अभियान और कारगिल के द्रास सेक्टर में आतंकियों का सफाया करने वाले वीर शहीद विद्यानंद सिंह को समर्पित 26 वें शहादत दिवस का आयोजन बुधवार को परियोजना बालिका उच्च विद्यालय, चरही में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा किया गया, जिसमें छात्राओं, शिक्षकों और अतिथियों ने भावनात्मक रूप से भाग लिया। मुख्य अतिथि कैप्टन डॉ. एसके पांडेय ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा वर्दी पहनने वाला हर सपूत मौत को भी गले लगाने से नहीं चूकता। देश के लिए बलिदान हर किसी को नसीब नहीं होता। शहीद विद्यानंद सिंह ने जिस साहस और निष्ठा से देश की रक्षा की, वह नयी पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने भारतीय सेना, बिहार रेजिमेंट, और कारगिल युद्ध की परिस्थितियों की जानकारी देते हुए युवाओं को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत किया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, स्वामी विवेकानंद और शहीद विद्यानंद सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। दीप प्रज्वलन शहीद के पुत्र रविशंकर सिंह, ग्राहक पंचायत के प्रांतीय सहमंत्री अरविंद राणा, प्रधानाध्यापिका अंजनी कुमारी, और शिक्षिका कुमारी ममता मौजूद रहीं। मंच संचालन कक्षा नवम की ताप्ती कुमारी और शिक्षिका ममता कुमारी ने किया। शहीद के बेटे रविशंकर सिंह ने कहा मेरे पिता की शहादत पर आज देश गर्व करता है। इस विद्यालय में मुझे जो सम्मान मिला है, वह मेरे पिता के प्रति देश की सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम को सफल बनाने में नूरी प्रवीण, सुप्रिया कुमारी, साजिया अंजुम, सनोबर प्रवीण, कौशिला, सबिता कुमारी, काजल कुमारी, सृष्टि, आफिया, रंगीला, खुशबू, शिक्षिका विद्यावती कुमारी, नीतू कुमारी और सहायक तुषार कुमार ने विशेष भूमिका निभाई।

## जीएम ने डीएवी उरीमारी और बरकाकाना के छात्रों को किया सम्मानित



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** सीसीएल बरका सयाल महाप्रबंधक कार्यालय स्थित बुधवार को महाप्रबंधक अजय सिंह ने डीएवी पब्लिक स्कूल उरीमारी और बरकाकाना के होनहार छात्र-छात्राओं को मोमेंटो, उपहार और बुके देकर सम्मानित किया। वहीं महाप्रबंधक अजय सिंह के हाथों सम्मानित होने वाले छात्रों में डीएवी उरीमारी के अशांक राज सीबीएसइ से दसवीं परीक्षा में 95.80 प्रतिशत लाकर प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण और सीद्धार्थ कुमार सीबीएसई दसवीं परीक्षा में 94 प्रतिशत लाकर प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। इन दोनों बच्चों का चयन सीसीएल की लाल लाडली योजना में चयन किया गया है। वहीं डीएवी बरकाकाना के रौशन कुमार ने जेई एडवांस में 4036 वां और ओबीसी में 758 रैक प्राप्त किया है। डीएवी बरकाकाना की तान्या महतो ने बारहवीं में मानविकी शैक्षणिक संस्थानों में 98.6 प्रतिशत लाकर प्रथम श्रेणी से रामगढ़ जिला टापर्स व राज्य सेकेंड टापर्स आई है। डीएवी बरकाकाना की जयश्री रॉय ने बारहवीं में 98.4 प्रतिशत लाकर प्रथम श्रेणी से रामगढ़ जिला टापर्स आई है। सभी बच्चों के प्रति महाप्रबंधक अजय सिंह ने उज्जवल भविष्य की कामना की और शुभकामनाएं दी। साथ ही महाप्रबंधक ने कहा कि बच्चों ने बहुत ही कड़ी मेहनत कर इस मुकाम तक पहुंचे हैं। मैं चाहता हूं कि बच्चे और मेहनत करें और अपने आयाम को एक नई उर्जा के साथ मुकाम हासिल करें। इस मौके पर एसोइंडएम अमरेन्द्र कुमार, वंदना कुमारी आदि लोग मौजूद थे।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल केंद्रीय चिकित्सालय रामगढ़ के तत्वावधान में राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरमसिया में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में दंत चिकित्सक डॉ शरद जैन, फिजिशियन डॉ बिपिन, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ श्यामल ने ग्रामीण क्षेत्र से आए करीब 82 मरीजों का विभिन्न बीमारियों की जांच की। साथ ही, दंत चिकित्सक डॉ शरद ने विद्यालय के 60 बच्चों के साथ संगोष्ठी आयोजित कर मुंह से जुड़े बीमारियों के बचाव की जानकारी दी। इस अवसर पर पूर्व मुखिया शक्ति कुमार महतो, उप मुखिया रीता देवी, सुनील कुमार शर्मा, तुलसी रविदास, राजेश मुंडा, कजरू महतो, तेजू रविदास, सरताज आलम, विक्रम सागर गोप, सुरेंद्र मुर्मू, सुभाष तिवारी शामिल रहे।

## चोरी की बाइक लेकर घूम रहा था अपराधी पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर में चोरी की बाइक लेकर एक अपराधी घूम रहा था। पुलिस ने उस संदिग्ध अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। रामगढ़ थाना प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि उस अपराधी को बुधवार को जेल भेजा गया है। मंगलवार की रात दामोदर नदी पुल के पास एक युवक संदिग्ध हरकतें कर रहा था। जब पुलिस जांच करने वहां पहुंची तो उसके पास एक बाइक भी मिला। जब पुलिस ने तहकीकात की तो पता चला कि उस बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट जेएच 02 एम 7657 लगाकर उसका इस्तेमाल किया जा रहा था। उस युवक की पहचान बोकारो जिले के महुआटांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सिमराबेड़ा गांव निवासी जमील अंसारी पिता रियाज अंसारी के रूप में हुई है। इधर, पुलिस ने उसके खिलाफ कांड संख्या 153/25 दर्ज कर बुधवार को जेल भेज दी।

## पुलिस ने तीन वारंटियों को किया गिरफ्तार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ थाना पुलिस ने बुधवार को स्पेशल ड्राइव चलाकर 5 वर्षों से फरार तीन वारंटी को गिरफ्तार किया। थाना क्षेत्र के बूढ़ाखुकरा गांव निवासी संजय मुंडा, बहादुर मुंडा और दिलीप मुंडा को पुलिस ने छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया है। बुधवार को उन तीनों को जेल भेज दिया गया। रामगढ़ थाना प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## भंडारे के साथ संपन्न हुआ 24 घंटे का अखंड कीर्तन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के नेहरू रोड स्थित श्री श्री शिव शंकर समिति के तत्वाधान में श्री संकट मोचन मंदिर का जीर्णोद्धार के उपरांत 24 घंटे का अखंड कीर्तन बुधवार को भव्य भंडारे के साथ संपन्न हो गया। समापन से पूर्व पुजारी धर्मेंद्र पाठक ने यजमान के हाथों समस्त पूजन कार्य संपन्न कराया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंदिर निर्माण समिति के संरक्षक राम बाबू, विशाल सिंह, अध्यक्ष वरुण कुमार सिंह, पिंकू चौधरी, विनोद अग्रवाल, मुरारी लाल पोद्दार, संदीप यादव, पवन मिश्रा, हिर्दय शर्मा, अमित अग्रवाल, अलोक कुमार, अमित राम, विजय राम, श्याम राम, अमर राम, अविनाश राम, मोहन राम, सतीश तिवारी, दिनेश कुमार, कोषाध्यक्ष अमित पाठक, आशीष गुप्ता सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा।

## स्पेशल ड्राइव में पकड़े गये दो वारंटी

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** एसपी अजय कुमार के निर्देश पर मांडू और कुजू थाना पुलिस के द्वारा स्पेशल ड्राइव चलाया गया। इस दौरान दो वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। पहली गिरफ्तारी मांडू थाना क्षेत्र के तोयर गांव निवासी परमेश्वर महतो की हुई। कांड संख्या 48/2016 में परमेश्वर महतो के खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी किया गया था। दूसरी ओर कुजू ओपी पुलिस के द्वारा कांड संख्या 47/25 के वारंटी मोहम्मद शौकत अली को जमुआ गांव से गिरफ्तार किया गया। दोनों वारंटी को बुधवार को जेल भेज दिया गया है।

## इलाजरत बाइक सवार की मौत

**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के कोरिया घाटी के पास हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार युवक की मौत इलाज के दौरान हो गयी। मृतक युवक बोकारो जिले के ग्राम चौरा, थाना कसमार का रहने वाला 40 वर्षीय रमेश करमाली पिता लालजी करमाली था। कुजू पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मालूम हो कि बीते दिन कोरियाघाटी में कोयला लोड ट्रक और बाइक की सीधी टक्कर में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका रिम्स में इलाज के मौत हो गयी थी।

# निजी अस्पताल में इलाजरत महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

### अस्पताल संचालक ने खुद को किया पुलिस के हवाले

आजाद सिपाही संवाददाता





**कुजू।** क्षेत्र के दिगवार चौक स्थित अशोक हेल्थ केयर एंड ट्रामा सेंटर में बुधवार की सुबह इलाजरत महिला की मौत हो गयी। मौत की सूचना के बाद मृतका के मायके वाले और ग्रामीणों ने अस्पताल पहुंचकर अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा और तोड़फोड़ किया। इधर, घटना की सूचना पाकर पहुंचे कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, अनि आशीष गौतम सदलबल के साथ अस्पताल पहुंचे। जहां पुलिस पदाधिकारियों ने मामले को शांत कराने का प्रयास किया। जिस पर परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजा देने और आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की। करीब 3 घंटे के काफी मशक्कत के बाद मामले को शांत कराया। साथ ही, शव को पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया। इधर, अस्पताल संचालक सह पारटांड़ दिगवार निवासी अशोक कुशवाहा ने कुजू ओपी पहुंचकर पुलिस को अपने आप को हवाले किया। मामले को लेकर कुजू पुलिस जांच में जुटी है। वहीं, मृतका के पिता सुगदेव यादव ने अपनी पुत्री के मौत पर अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कुजू ओपी में आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, अंगवाली पेटरवार बोकारो निवासी आशा देवी (24 वर्ष) पति त्रिगुणी गोप एक माह पूर्व अपने मायके दिगवार पोचरा नीमटोला आयी हुई थी। इसी बीच मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे सांस लेने में समस्या को लेकर अशोक हेल्थ केयर एंड ट्रामा सेंटर, दिगवार में जांच के बाद भर्ती कराया। इस दौरान बुधवार की सुबह करीब 9 बजे आशा देवी को सांस लेने में अधिक समस्या होने लगी। इसके बाद अस्पताल की नर्स द्वारा आशा को इंजेक्शन दिया गया। जिसके बाद आशा ने दम तोड़ दिया। आशा के दम तोड़ने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर मोटी रकम वसूलकर लापरवाही से इलाज करने व मरीज को मारने का आरोप लगाया। साथ ही, परिजनों ने जमकर हंगामा किया। वहीं, अस्पताल प्रबंधक समेत कर्मी मौके से फरार हो गये। इधर, अस्पताल संचालक पारटांड़ दिगवार निवासी अशोक कुशवाहा ने बताया कि मरीज के हालत बिगड़ता देख बेहतर इलाज के उसे रेफर कर दिया गया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद परिजनों सहित ढाई साल की पुत्री व दो माह का पुत्र का रो-रो कर बुरा हाल था। इस मामले में मांडू इंस्पेक्टर रजत कुमार ने बताया कि महिला के शव का अंत्यपरीक्षण मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में कराया जायेगा। जिसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# एलआरडीसी और अंचल कार्यालय पहुंची एसी, नहीं मिले बिचौलिये

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** एलआरडीसी और अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि ने बुधवार को किया। डीसी फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश पर उन्होंने दोनों कार्यालयों में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों से बात की। डीसी को यह सूचना मिली थी कि इन दोनों कार्यालयों में बिचौलियों के द्वारा कार्य किया जा रहा है। जिससे आम लोगों को परेशानी हो रही है। अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि ने बताया कि पहले अनुमंडल परिसर में स्थित एलआरडीसी दीप्ति प्रियंका कुजूर के कार्यालय में पहुंची। हालांकि जिस समय वह पहुंची उस वक्त एलआरडीसी अपने कार्यालय नहीं पहुंची थी। उनकी अनुपस्थिति में ही उपसमाहर्ता ने कार्यालय के कर्मचारियों से पूरी रिपोर्ट ली। इस दौरान ना तो वहां कोई बिचौलिया मिला और ना ही कोई ऐसी स्थिति बनती हुई दिखायी दी। जांच के दौरान यह भी स्पष्ट हुआ कि मामलों और फाइल के निष्पादन में भी ज्यादा विलंब नहीं हुआ है, जिससे बिचौलिए वाली बात पर विश्वास किया जा सके।

**सीइओ सुदीप एक्का से भी एसी ने की बात :** इस दौरान अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि अंचल अधिकारी रामगढ़ सुदीप एक्का के कार्यालय में भी पहुंची। वहां सीइओ की मौजूदगी में उन्होंने कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान समय पर मामलों का निष्पादन करने का भी निर्देश दिया। इस दौरान वहां भी ना तो कोई बिचौलिया मिला और ना ही आम नागरिकों के अलावा कोई मौजूद था।

**काम को लेकर सिर्फ आम नागरिक ही पहुंचते हैं एलआरडीसी कार्यालय:** एलआरडीसी दीप्ति प्रियंका कुजूर ने बताया कि उनके कार्यालय में बिचौलियों से काम नहीं लिया जाता है। इतने दिनों के कार्यकाल में उन्होंने सिर्फ आम नागरिकों का ही काम किया है। वाद का निष्पादन कि शीघ्र ही कर दिया जाता है। कार्यालय में बिचोलिए से काम कराने का अफवाह कैसे फैला, इसके बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

डीसी को सौप जायेगा जांच प्रतिवेदन

अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि ने बताया कि दोनों कार्यालय का जांच किया गया है। इससे संबंधित प्रतिवेदन भी डीसी को सौंपा जायेगा। डीसी के द्वारा उन्हें जिन बिंदुओं पर जांच करने का निर्देश दिया गया था उन्होंने गंभीरता पूर्वक उसकी छानबीन की है।

## स्कूल के जर्जर रसोइघर की छत का गिरा प्लास्टर शिक्षक हुए घायल

**हंटरगंज/चतरा(आजाद सिपाही)।** जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय रक्सी के रसोई घर की जर्जर भवन के छत का प्लास्टर भरभराकर टीचर के ऊपर गिर गया। जिससे शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसे आनन-फानन में जोरी के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया। जहां बेहतर ईलाज के लिए हजारीबाग शेख भिखारी कॉलेज एंड अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रधानाध्यापक (शिक्षक) विराज वीरेंद्र टुट्टी ने बताया कि रसोई घर में एमडीएम का निरीक्षण करने गये थे। इसी दौरान जर्जर भवन के छत का प्लास्टर भरभराकर गिरने के क्रम में एक टुकड़ा शिक्षक के सिर पर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल गये। घटना की जानकारी मिलते ही हंटरगंज उप प्रमुख राहुल कुमार गुप्ता अस्पताल पहुंचकर घायल शिक्षक के स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना। उन्होंने कहा कि जान जोखिम में डालकर रसोईया खाना बना रही है। उन्होंने कहा कि जो स्थिति दिखती है, उससे लगता है कि कभी ऊपर से छत गिर सकता है। उन्होंने भवन की मरम्मत कराने की मांग किया है। तजिसके की ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो।

### यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन का 13वां केंद्रीय सम्मेलन संपन्न

# मजदूरों की एकता से सफल होगी नौ जुलाई की हड़ताल : रमेंद्र कुमार

### शत्रुघ्न बने अध्यक्ष और अशोक बने सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन का 13वां केंद्रीय सम्मेलन बुधवार को भुरकुंडा के रिवर साइड स्थित ऑफिसर्स क्लब में आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेंद्र कुमार और विशिष्ट अतिथि यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष सह बरकट्ठा विधायक शत्रुघ्न महतो शामिल हुए। सम्मेलन में झारखंड के सीसीएल, बीसीसीएल और इसीएल के लगभग 300 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन से पूर्व ऑफिसर क्लब के निकट धरती आबा बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। वहीं सम्मेलन की शुरुआत झंडोत्तोलन और शहीद बेदी पर श्रद्धांजलि अर्पित कर की गयी। इसके उपरांत अध्यक्ष मंडली का चयन किया गया। जिसमें लखनलाल महतो, विंध्याचल बेदिया, रामस्वरूप, विनोद बिहारी पासवान, अशोक यादव और नरेश मंडल का चयन किया गया। सम्मेलन में कोयला श्रमिकों की विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा की गई। वहीं केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों और चार लेबर कोड के नुकसान को लेकर बातें रखीं गयी। इस दौरान छह प्रस्ताव पारित किये गये। साथ ही यूनियन के आय-व्यय का ब्योरा साझा किया गया। इसके उपरांत देर शाम यूनियन की नयी केंद्रीय कमेटी की घोषणा की गयी।

यूनियन नई कमेटी में केंद्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न महतो, उपाध्यक्ष लखन लाल महतो, विंध्याचल बेदिया, रामस्वरूप, मो. शरीफ, नंदू यादव, महासचिव रमेंद्र कुमार, सचिव अशोक यादव, ढुल्लू महतो, रामजी शाह, नरेश मंडल, विनोद बिहारी पासवान, कोषाध्यक्ष जेपीएन सिन्हा, कार्यकारणी समिति सदस्य विकास कुमार, अनुज कुमार, वरुण कुमार, सुदेश प्रसाद, महादेव मांझी, बिनोद मिश्रा, एसएनए जाफरी, ललित नारायण राय, बलराम नायक, भीम महतो, नवीन कुमार विश्वकर्मा, पंकज कुमार सिंह, जयनंदन महतो, राजेंद्र प्रसाद सिंह, पप्पु, अरविंद शर्मा, प्रेम कुमार, कर्मा मांझी, पशुपति कोल, गुरु प्रसाद हाजरा, तुलसी साव, अरशद हुसैन, संतोष गोराई, नर्मदेश्वर पांडेय, बिपिन राय, शिशिर कुमार, छोटू राम, रघुनाथ प्रसाद, सन्यासी नायक, विजय कुमार तिवारी, विजय कुमार शेखर, साहेब राम मांझी, संझली मुर्मू, उदय प्रसाद साहू, एस्थर लंग, सतेंद्र गुप्ता, मनोज मंडल, मंगरू महतो समेत स्थाई आमंत्रित सदस्य शमशेर आलम, संजीवनी कुमार, ज्योति कुमार, रविशंकर, अमरेंद्र कुमार का मनोनयन किया गया। वहीं सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एटक अध्यक्ष रमेंद्र कुमार ने कहा कि आगामी नौ जुलाई को प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाकर यह बताना है कि हम सभी मजदूर एक हैं। केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों का पुरजोर विरोध किया जायेगा। सम्मेलन में लखेंद्र राय, बीरेंद्र पासवान, संतोष पासवान, विकास कुमार, विनोद मिश्रा, अनुज कुमार, एनपी सिंह,मंगल नायक, अशोक, संतोष सिंह, अफजल हुसैन, रवि कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जर्मन एंबेसी के सदस्य पहुंचे रामगढ़, मनरेगा से किये गये बागवानी कर लिया जायजा



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ जिले में मनरेगा से हुए कार्यों की गूंज विदेश तक पहुंच चुकी है। बुधवार को मांडू प्रखंड के बड़गांव पंचायत अंतर्गत भुंईयाडीह गांव में मनरेगा से हुए बागवानी के कार्य का जायजा लेने जर्मन एंबेसी की पूरी टीम पहुंची। जीआईजेड और सपोर्ट संस्था में जर्मन एंबेसी के फ्लिप आक्रमण यूरोपियन यूनियन से थॉमस एम, यूबी जेहलश हेड ऑफ डेवलेपमेंट जर्मन एंबेसी, जुली रिवर कंट्री डायरेक्टर के द्वारा मनरेगा से लगे आम बागवानी का विजिट किया गया। इस मौके पर पूरी टीम का स्वागत पारंपरिक नृत्य और जीत के साथ किया गया। उसके बाद आम बागवानी में विजिट किया गया। जिसमें नवदानिया मॉडल पोषण वाटिका, टमाटर, परवल, मिर्ची, काला हल्दी, आम्रपाली आम, अमरूद, ताइवान पिंक अमरूद, रेड लेडी पपीता, सोलर, नाडेप खाद, जलकुंड में भी विजिट किया गया। इस दौरान टीम के लोगों ने ग्रामीणों के साथ बैठक की। साथ ही मैप चार्ट के माध्यम से उन्हें पूरे क्षेत्र के बारे में बताया गया। इस मौके पर सपोर्ट संस्था के द्वारा अंतर फसल का कार्य भी गांव में शुरू किया गया है। इस मौके पर - कंट्री हेड थॉमस एम, कंट्री डायरेक्टर जुली रिवर, यूबी जेहलेश, रामगढ़ एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी, मांडू बीडीओ, मांडू सीओ, मांडू बीपीओ, सपोर्ट संस्था से रविन्द्र सिंह, अभिषेक शंकर, श्वेता बारा, कुलदीप कुमार, मनोज कुमार, उदय कुमार, गीता देवी, प्रेमलता देवी, न्यूनता देवी, रविन्द्र लकड़ा, भुइयाडीह से ग्रामीण सुनीता कुजूर, जोस्पिन लकड़ा, फुलकुरिया कुजूर, पूनम लकड़ा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त ने बालिका आश्रय गृह और पुस्तकालय का किया निरीक्षण



**चतरा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त कीर्तिश्री जी ने बालिका आश्रय गृह, उंटा के निरीक्षण के दौरान बालिका आश्रय गृह में आवासित बच्चियों से मिल कर उनके स्वास्थ्य, खानपान, रहन-सहन और शिक्षा से संबंधित सभी बिंदुओं पर चर्चा की। इस दौरान आवासित 8 दिव्यांग बच्चियों के मानसिक, बौद्धिक विकास हेतु सभी बच्चियों को रिनपास रांची के समीप आश्रय गृह में आवासित कराने पर चर्चा जिले में मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ नहीं होने के कारण बालिकाओं का सिर्फ भरण-पोषण हो रहा है जबकि इनके मानसिक स्वास्थ्य के विकास पर ध्यान देने पर जोर दिया गया। साथ ही प्राइवेट भवन में संचालित बालिका आश्रय गृह को सरकारी भवन में शिफ्ट करने का निर्देश दिया। चतरा बालक गृह के निरीक्षण के दौरान बालक गृह में रह रहे सभी बच्चों से विशेष मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य, खानपान, शिक्षा और बच्चों की दैनिक कार्यों से संबंधित जानकारी प्राप्त की गयी। बालक गृह के अधीक्षक द्वारा बच्चों के दैनिक कार्यों से संबंधित समय-सारणी का जानकारी दी गयी। वहीं 10 जून को मानव तस्कर गिरोह द्वारा रोजगार दिलाने के नाम पर 30 लोगों को अन्य राज्यों में पलायन करवाया जा रहा था, जिसमें कुल 12 नाबालिग बच्चे भी शामिल थे। जिन्हें बाल संरक्षण के अधिकारियों द्वारा रेस्क्यू कर बालक गृह, नगवां चतरा में आश्रय दिया गया है। उन बच्चों से मुलाकात कर मामले की जानकारी प्राप्त की गयी। उपायुक्त ने चतरा कॉलेज चतरा में बन रहे पुस्तकालय के निरीक्षण के क्रम में निर्देशित किया कि पुस्तकालय निर्माण कार्य में जो भी सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है उसकी गुणवत्ता का खास ख्याल रखने के अलावा कई अन्य निर्देश दिया गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार, जिला खेल पदाधिकारी सह जनशिकायत कोषांग के नोडल पदाधिकारी तुषार रॉय, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अरुणा प्रसाद समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अनुसूचित जाति आवासीय बालिका विद्यालय में बुधवार को आरबीएस के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जांच शिविर लगाया गया। जिसमें डॉ जे भूषण द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य जांच किया गया जिसमें बुखार, पेट दर्द, खांसी, लू, चर्म रोग, कान बहना, सड़े हुए दांत, के अलावा अन्य बीमारियों का जांच किया गया और बीमारी से संबंधित नि:शुल्क दवाई दी गई। वही डॉक्टर जे भूषण द्वारा गर्मी को देखते हुए लू से बचने एवं स्वच्छता को लेकर जागरूक किया गया और सभी बच्चों को ओ आर एस पाउडर दिया गया और इसे पीने से होने वाले फायदे के बारे में जानकारी दी गयी। इस मौके पर फार्मासिस्ट इरफान गनी, प्रधान अध्यापक शंकर प्रसाद के अलावा कई स्वास्थ्य विभाग कर्मी शामिल थे।

## बाल श्रम के खिलाफ अभियान

**हंटरगंज/चतरा(आजाद सिपाही)।** बुधवार की शाम में हंटरगंज मुख्य बाजार में स्थानीय पुलिस के साथ श्रम प्रवर्तन विभाग की टीम ने बाल श्रम के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। इससे हंटरगंज के बाजार में दुकानदारों के बीच हड़कंप की स्थिति बनी रही। श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रियंका कुमारी ने बताया कि आगे भी इस तरह के अभियान चलाए जाते रहेंगे। इस दौरान जो लोग बाल श्रम कराते हुए पाये जायेंगे, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी। बाल श्रम के खिलाफ श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रियंका कुमारी के साथ स्थानीय पुलिस टीम ने बाल श्रम करा रहे दो होटलों और एक कपड़ा दुकान पर की गयी छापेमारी में पांच बाल श्रमिक पकड़े गये। इसमें दो बाल श्रमिक नारायणी स्वीट्स, दो श्री राम होटल वहीं एक टुनटुन मार्केट से रेस्क्यू किया गया। सभी बच्चों को हंटरगंज थाना लाया गया। जहां 3 बच्चों को कार्यस्थल से मुक्त करवाया गया वहीं शेष बच्चों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों को बुलाकर सौप दिया गया।


**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ डीईई/जी/खड़गपुर-721301 निम्नलिखित कार्यों के लिए उल्लिखित तिथियों को दोपहर 12:00 बजे से पहले ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **क्रमांक संख्या; निविदा सूचना संख्या; कार्य का विवरण; निविदा मूल्य; बोली सुरक्षा/बयाना राशि** क्रमशः इस प्रकार हैं **[1]; 114-ईएलसी-जी-केजीपी-25-26-09;** खड़गपुर मंडलः एबीएसएस योजना (फेज-1) के तहत 10 लिफ्टों की अनुबंध के साथ आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग (उलुबेड़िया, बागनान, मेचेदा, पांशकुड़ा, खड़गपुर, मेदिनीपुर और जलेश्वर में) 18 साल के व्यापक वार्षिक रखरखाव; ₹ 5,40,89,764.70; ₹ 4,20,500.00 **[2]; 114- ईएलसी-जी-केजीपी-25-26-10;** खड़गपुर मंडलः एबीएसएस योजना (फेज-1) के तहत अनुबंध के साथ 22 एस्केलेटरों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग (बागनान, मेचेदा, पांशकुड़ा, खड़गपुर, मेदिनीपुर और उलुबेड़िया में) 18 साल के व्यापक वार्षिक रखरखाव; ₹ 51,50,21,939.74; ₹ 27,25,100.00; **खुलने की तारीखः** 27.06.2025 (क्रमांक 1 और 2 के लिए); **निविदा दस्तावेज का मूल्यः** शून्य (क्रमांक 1 और 2 के लिए) **कार्य पूरा करने की अवधिः** स्वीकृति पत्र जारी होने की तारीख से क्रमांक (i) और (ii) के लिए 09 महीने। **जमा करने की तिथिः** 27/06/2025 को दोपहर 12:00 बजे तक। इच्छुक निविदाकर्ता निविदा के पूर्ण विवरण, जानकारी और विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जा सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी स्थिति में इस कार्य के लिए मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **नोटः** संभावित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** पर जा सकते हैं। (PR-251)

# नियति से भेंट

एक्सिओम मिशन-4 के तहत उड़ान भरने जा रहे शुभांशु शुक्ला के साथ देश के 1.4 अरब से ज्यादा लोगों की उम्मीदें और महत्वकांक्षाएं भी उड़ान भरेंगी। इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन का यह सफर देश के लिए अंतरिक्ष के नये दरवाजे खोलेगा, जिसकी छाप आने वाले अभियानों पर दिखेगी।

**कमी पूरी हुई:** सोवियत सोयुज स्पेसक्राफ्ट में बैठकर राकेश शर्मा साल 1984 में जब स्पेस में पहुंचे थे, तब से 41 बरस हो चुके हैं। शुभांशु दूसरे भारतीय होंगे, जो अंतरिक्ष में जा रहे हैं। चार दशक के इस लंबे अंतराल में भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में अद्भुत कामयाबियां हासिल की हैं। अमेरिका, रूस, चीन समेत वह दुनिया की बड़ी स्पेस पावर में शुमार हो चुका है। मिशन चंद्रयान और मिशन आदित्य ने उसे अलग लीग में ला खड़ा किया है, फिर भी एक कमी थी, जो अब शुभांशु की यात्रा से पूरी हो रही है।

**अनुभव का फायदा:** राकेश शर्मा से लेकर शुभांशु तक, भारत के लिए स्पेस में बहुत कुछ बदला है। तब वह शुरुआत थी, इंफ्रा और तकनीक की कमी थी। इसी वजह से दूसरे भारतीय को स्पेस तक जाने के लिए 2025 तक का इंतजार करना पड़ा। लेकिन, इन बीते बरसों में तकनीक, हुनर और संसाधन - सभी मोर्चों पर काम किया गया है। इसरो की पहचान ऐसी स्पेस एजेंसी के रूप में बन चुकी है, जो कम खर्च में बड़ी सफलता हासिल कर सकती है। ऐसे में आइएसएस पर रहकर शुभांशु जो कुछ भी सीखेंगे, उसका फायदा आगे मिलेगा।

**एक्सिओम मिशन-4 के मायने इसलिए भी बहुत हैं, क्योंकि इसने स्पेस और साइंस को लेकर उत्सुकता पैदा कर दी है। अब सरकार पर है कि वह इसका फायदा किस तरह उठाती है।**

**बड़े कदमों पर नजर:** भारत अपने ह्यूमन स्पेस फ्लाइट मिशन गगनयान पर काम कर रहा है। सब कुछ सही रहा तो 2027 में देश अपने दम पर अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेस में भेजेगा। इसके बाद का अगला बड़ा लक्ष्य है 2035 तक अपना पहला स्पेस स्टेशन खोलना और 2040 तक चांद पर इंसान को भेजना। इन दोनों और भविष्य के सभी अभियानों के लिए शुभांशु का अनुभव बहुमूल्य साबित होगा।

**फायदा उठाने का मौका:** एक्सिओम मिशन-4 के मायने इसलिए भी बहुत हैं, क्योंकि इसने स्पेस और साइंस को लेकर उत्सुकता पैदा कर दी है। अब सरकार पर है कि वह इसका फायदा किस तरह उठाती है। अभी पूरे देश में केवल 26 साइंस म्यूजियम हैं, जो किसी नजरिये से काफी नहीं कहे जा सकते। सरकारी मदद से विज्ञान केंद्र खोले जा रहे हैं, लेकिन उनकी रफ्तार भी धीमी है। मौजूदा स्पेस जर्नी इन चीजों को गति देने का अवसर है। शुभांशु इस समय सबसे ज्यादा सर्च किये जाने वाले भारतीयों में से एक हैं। पूरा देश जुड़ाव महसूस कर रहा है उनसे। उनकी सफलता पूरी पीढ़ी को प्रेरित करेगी।

अभिमत
आजाद सिपाही

**वर्ष 2014 से पहले, महिलाओं की सुरक्षा को अक्सर नीति नहीं बल्कि सुर्खियों से प्रेरित प्रतिक्रियात्मक मुद्दे के रूप में देखा जाता था, लेकिन आज यह शासन की संरचना में अंतर्निहित है, जो वित्त पोषित, फोरेंसिक उपकरणों, कानूनी सुधार और अग्रिम पंक्ति के कार्यकताओं द्वारा सहायता प्रदत्त है। अमृत काल में प्रवेश करने के साथ ही अब स्पष्ट दृष्टि है कि इस नए भारत में कोई भी महिला अकेली नहीं है। अब उसकी सुरक्षा विशेषाधिकार नहीं बल्कि सरकार की क्षमता से समर्थित संवैधानिक गारंटी है।**

# चुप्पी से सुरक्षा तक: मोदी सरकार के शासन में कानूनी सुधारों ने महिला सुरक्षा को नया रूप दिया



सावित्री ठाकुर



2012 में क्रूर निर्भया कांड ने देश की अन्तरात्मा को झकझोर कर रख दिया था। इस घटना ने महिलाओं की सुरक्षा में भारत के कानूनी और प्रशासनिक ढांचे की गहरी कमियों को भी उजागर कर दिया था। अपर्याप्त पुलिस व्यवस्था, धीमी न्यायिक प्रक्रिया, पुराने पड़ चुके कानून और पीड़ितों के ना-काफी सहायता इंतजाम निराशाजनक तस्वीरें पेश कर रहे थे।

2014 तक, भारत एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा था। जनता में जबरदस्त आक्रोश था। लेकिन कानूनी तंत्र सुस्त पड़ा था। फास्ट ट्रैक कोर्ट महज एक अवधारणा थी, वास्तविकता नहीं। कोई एकल समाधान और केंद्र नहीं थे, कोई राष्ट्रीय महिला हेल्पलाइन नहीं थी, जांच तेज करने के लिए कोई फोरेंसिक (न्यायालयिक विज्ञान जांच) सहायता नहीं थी और इन उपायों के संचालन के लिए कोई समर्पित निधि भी नहीं थी। महिलाओं के मुद्दों को सामाजिक सरोकारों के तौर पर देखा जाता था-राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के रूप में नहीं।

**मोदी युग: सुरक्षा से संरचनात्मक सशक्तिकरण तक**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले 11 वर्षों के शासन में सुस्त आंशिक प्रतिक्रिया की जगह अब कानूनी सुधार, संस्थानों के दायित्वपूर्ण रवैये और हर महिला के सम्मान से संबधित दृष्टिकोण को मिशन-मोड में अपनाते हुए व्यापक बदलाव किया है।

**नये कानूनों में महिलाओं के विरुद्ध सभी अपराधों को एक अध्याय में समेकित किया गया है।**

**कानूनी सुरक्षा, अब राष्ट्रीय प्रतिबद्धता :** सरकार ने देश भर में फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट (त्वरित न्याय प्रदान करने के लिए स्थापित विशेष न्यायालय) की स्थापना की शुरुआत की और आज ऐसी 745 अदालतें क्रियाशील हैं। इनमें 404 विशेष रूप से यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के तहत मामलों को निपटाती हैं।

वर्ष 2014 की तुलना में जब वन स्टॉप सेंटर (शारीरिक, यौन, भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और आर्थिक शोषण का सामना करने वाली महिलाओं की सहायता और निवारण संबंधी केंद्र) अस्तित्व में नहीं थे, अब 820 से अधिक जिलों में ये पूरी तरह कार्यान्वित हैं, जो हिंसा से प्रभावित किसी भी महिला को एक ही स्थान पर कानूनी सहायता, पुलिस हस्तक्षेप, आश्रय और परामर्श प्रदान करते हैं। इस पारिस्थितिकी तंत्र के हिस्से के रूप में आरंभ की गयी राष्ट्रीय महिला हेल्पलाइन 181 ने हर दिन चौबीसों घंटे 86 लाख से अधिक महिलाओं को आपातकालीन सहायता प्रदान की है। इसके अलावा, देश भर में 14,600 से अधिक पुलिस स्टेशनों (पुलिस थाने) में अब महिला हेल्प डेस्क स्थापित हैं, जिनमें महिला अधिकारी मौजूद हैं। यह महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराध की स्थिति में पहले बरते जाने वाली उदासीनता या यहां तक कि आक्रामकता के माहौल की अपेक्षा अधिक संवेदनशीलता और सहायता प्रदान करने के माहौल में बदल गये हैं। निर्भया कोष के जरिए सरकार ने वर्ष 2014 से पहले की ढुलमुल प्रतिक्रिया प्रणाली की तुलना में अब महिलाओं की सुरक्षा और संरक्षा पर केंद्रित 50 से ज्यादा बड़ी परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की है।

**प्रगतिशील कानूनी संशोधन :** आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2013 में कुछ आवश्यक सुधारों से शुरूआत के बाद अब भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और 2023 में संबंधित कानूनों के व्यापक संहिताबद्ध किए जाने से औपनिवेशिक युग के आपराधिक न्यायशास्त्र की जगह अब भारतीय संदर्भ में कानून परिभाषित किये गये हैं। नये कानूनों में महिलाओं के विरुद्ध सभी अपराधों को एक अध्याय में समेकित किया गया है।

पीड़ित के बयानों को वीडियो-रिकॉर्ड किया जाना अनिवार्य बनाया गया है जिसमें संवेदनशीलता बरतने के लिए महिला मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में बयान दर्ज कराने को प्राथमिकता दी गयी है। डिजिटल स्टॉकिंग (डिजिटल माध्यम से पीछा करना), वॉयरिज्म (रति क्रिया छुपकर देखना) और शादी के झूठे वादे कर शारीरिक शोषण जैसे अपराधों को पहली बार आपराधिक बनाया गया है। कानूनी प्रणाली में अब तेजाब हमलों, मानव तस्करी, सामूहिक बलात्कार और हिरासत में यौन हिंसा के विरुद्ध कठोर दंड की व्यवस्था की गयी है। इसके अतिरिक्त, बलात्कार पीड़िता को प्राथमिकी दर्ज करने या आपातकालीन चिकित्सा देखभाल प्रदान न करना भी अपराध माना गया है। पुराने संरक्षणवादी प्रतिबंधों को हटाते हुए महिलाओं को अब कानूनी रूप से किसी भी क्षेत्र में और किसी भी समय काम करने की अनुमति है, जो उनके खुद निर्णय लेने की आजादी की पुष्टि करते हैं। महत्वपूर्ण प्रक्रियागत सुधार भी किए गए हैं जिनमें गवाहों की सुरक्षा और डिजिटल साक्ष्यों को मंजूरी देना शामिल है। यौन हिंसा के मामलों में पीड़ितों को न्याय दिलाने की प्रक्रिया को यह पुनर्परिभाषित करता है। ये सभी केवल संशोधन भर नहीं हैं - ये पीड़ितों को न्याय दिलाने की प्रणाली को पुनःस्थापित करते हैं।

**कानून से परे भी सशक्तिकरण :** कानूनी सुरक्षा के दायरे से परे, महिलाओं के प्रति सरकार का दृष्टिकोण सामाजिक, वित्तीय और डिजिटल सशक्तिकरण के व्यापक पहलुओं में कानूनी सुधार लाना है। मातृत्व अवकाश को अब 12 से बढ़ा कर 26 सप्ताह कर दिया गया है, और 50 से अधिक कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों में अब क्रेच (बच्चों की देखभाल) की सुविधा प्रदान करना आवश्यक है। महिलाएं अब सशस्त्र बलों में युद्धक-भूमिकाओं में सक्रियता से भाग ले रही हैं। वे सैनिक स्कूलों में प्रवेश पा रही हैं, प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में दाखिला ले रही हैं, और स्थायी कमीशन प्राप्त कर रही हैं। ये ऐसे उल्लेखनीय बदलाव हैं जो पहले उनके लिए बहुत मुश्किल थे। तीन तलाक जैसी भेदभावपूर्ण प्रथाओं को कानूनी तौर पर समाप्त कर दिया गया है, साथ ही महिलाओं को अब पुरुष अभिभावक के बिना भी हज यात्रा करने की अनुमति है। न्याय प्रदान करने को अब समुदाय-आधारित नारी अदालतों और शी-बॉक्स 2.0 जैसे प्लेटफार्म के माध्यम से विकेंद्रीकृत और डिजिटीकृत किया गया है। इससे सीधे जमीनी स्तर पर समयबद्ध निवारण तंत्र सक्रिय हो गया है।

**सुरक्षित, मजबूत भारत की शुरूआत कानूनी गरिमा से :** वर्ष 2014 से पहले, महिलाओं की सुरक्षा को अक्सर नीति नहीं बल्कि सुर्खियों से प्रेरित प्रतिक्रियात्मक मुद्दे के रूप में देखा जाता था, लेकिन आज यह शासन की संरचना में अंतर्निहित है जो वित्त पोषित, फोरेंसिक उपकरणों, कानूनी सुधार और अग्रिम पंक्ति के कार्यकताओं द्वारा सहायता प्रदत्त है।

अमृत काल में प्रवेश करने के साथ ही अब स्पष्ट दृष्टि है कि इस नए भारत में कोई भी महिला अकेली नहीं है। अब उसकी सुरक्षा विशेषाधिकार नहीं बल्कि सरकार की क्षमता से समर्थित संवैधानिक गारंटी है। यह यात्रा अभी जारी है, लेकिन महिलाओं की सुरक्षा में हम अब तक एक लंबा सफर तय कर चुके हैं। निरंतर राजनीतिक इच्छाशक्ति, सामाजिक भागीदारी और कानूनी प्रतिबद्धता के साथ, भारत निश्चित रूप से एक महिला के रहने, काम करने और नेतृत्व करने का सबसे सुरक्षित स्थान बन सकता है।

**(लेखिका : राज्य मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# परसुडीह के हलुदबनी में राशन डीलर की मनमानी और महिलाओं से अभद्रता पर ग्रामीण नाराज, किया हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** परसुडीह स्थित पूर्वी हलुदबनी पंचायत क्षेत्र में इन दिनों राशन डीलरों की मनमानी से ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। खासकर बी.सी. गोप नामक राशन डीलर पर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और जमकर बवाल काटा।

ग्रामीणों का आरोप है डीलर द्वारा प्रत्येक महीने दो बार राशन देने के सरकारी निर्देश के बावजूद, केवल एक बार ही राशन दिया जा रहा है। यही नहीं जब ग्रामीण महिलाएं इस संबंध में सवाल पूछती हैं तो डीलर द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है।ग्रामीण महिला मीणा सिंह सरदार ने बताया जब महिलाओं ने डीलर से पूछा हर महीने दो बार राशन क्यों नहीं दिया जा रहा तो डीलर ने बदतमीजी से जवाब दिया और अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया। उधर सूचना मिलते ही पूर्वी हलुदबनी पंचायत के उप मुखिया तरुण हाजरा और अन्य ग्रामीण प्रतिनिधि डीलर के पास पहुंचे। उन्होंने अनियमितताओं का विरोध करते हुए उच्च अधिकारियों से शिकायत की और डीलर का लाइसेंस रद्द करने की मांग की। मौके पर मीडिया के द्वारा पूरे मामले में राशन डीलर बीसी गोप से जवाब मांगने पर उन्होंने स्पष्ट उत्तर देने की बजाय गोलमोल जवाब देने लगे।उन्होंने कहा उन्हें ऊपर से ऐसा आदेश मिला है। लेकिन वे यह स्पष्ट नहीं कर सके आदेश किसका था और क्यों हर महीने दो बार राशन नहीं बांटा जा रहा है। ग्रामीणों ने जिला आपूर्ति विभाग से इस मामले की गहन जांच कराने और दोषी डीलर पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।उधर मामला बढ़ने पर प्रशासन की ओर से कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं आने पर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

# चौका से एक और ईचागढ़ से दो बालू लदे ट्रैक्टर जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** सरायकेला खनन विभाग की टीम ने बुधवार को चौका और ईचागढ़ थाना क्षेत्र में अवैध बालू भंडारण और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने चौका थाना क्षेत्र के पातकुम रोड में औचक निरीक्षण किया और बालू के अवैध परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 1 ट्रैक्टर को जब्त किया। इसके बाद जिला खनन विभाग की टीम ने ईचागढ़ थाना क्षेत्र में स्थानीय पुलिस की मदद से अवैध बालू लदे 2 ट्रैक्टर को जब्त किया। दोनों मामलों में आगे की कार्रवाई की जा रही है। जिला खनन विभाग की इस कार्रवाई से अवैध बालू परिवहन करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपथी ने बताया कि अवैध खनिज खनन, भंडारण और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। जिला प्रशासन ने अवैध बालू परिवहन पर रोक लगाने के लिए कठोर कदम उठाने का संकल्प लिया है। आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।



# सोनाझुरी जंगल में अजगर ने बकरी को बनाया शिकार



**पटमदा (आजाद सिपाही)।** पटमदा प्रखंड के कमलपुर थाना अंतर्गत काश्मार गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आया। सोनाझुरी के घने जंगल में गांव के ही कुछ बच्चे बकरी चराने निकले थे। एक विशाल अजगर ने बकरी को अपना शिकार बना लिया। मिली जानकारी के अनुसार काश्मार गांव निवासी साधन गोप के बेटे विष्णु गोप अपने दोस्त धनंजय गोप, जयदेव गोप, राखाल गोप, मुकुंद गोप और सीताराम गोप के साथ बकरी चरा रहा था। सभी बच्चे पेड़ की छांव में बैठकर मोबाइल फोन में व्यस्त रहे तभी अचानक एक बकरी के चिल्लाने की आवाज आई।कुत्ते के हमले की आशंका में सभी बच्चे इधर-उधर दौड़े, तभी उन्होंने देखा एक विशाल अजगर एक बकरी को अपनी कुंडली में लपेट चुका और बकरी निगलने की कोशिश कर रहा है। विष्णु गोप ने हिम्मत दिखाते हुए लाठी से अजगर को भगाने की कोशिश की लेकिन कोई असर नहीं पड़ा। बाद में सभी बच्चों ने मिलकर पत्थर फेंकने शुरू किया और अजगर वहां से भाग निकले। हालांकि तब तक बकरी की मौत हो चुकी थी। बकरी की कीमत लगभग 7 हजार बतायी जा रही है। विष्णु ने बताया उनके झुंड में कुल 53 बकरियां थीं,जिनमें से एक को अजगर ने शिकार बना लिया।बताया जारहा है काश्मार गांव के ब्राह्मण परिवार की निजी जमीन पर करीब 25 एकड़ क्षेत्र में जंगल फैला है। पूर्व में जमीन पर सब्जी की खेती होती थी। उधर घटना की सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। अजगर को देखने और उसका वीडियो बनाने में जुट गए।वही स्थानीय लोगों ने वन विभाग से मांग की इस क्षेत्र में नियमित निगरानी रखी जाये, ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और ग्रामीणों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# मउभंडार में धूमधाम से निकाली गयी महाप्रभु जगन्नाथ की स्नान यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** मउभंडार श्री जगन्नाथ मंदिर में बुधवार को बहुत ही हर्षोल्लास के साथ देव स्नान (यात्रा) पूर्णिमा मनायी गयी। श्री जगन्नाथ मंदिर से सुबह कीर्तन मंडली के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। इसमें हजारों के संख्या में महिलाओं संग जगन्नाथ मंदिर परिसर से शुरू हुई कलश यात्रा स्वर्णरिखा तट गयी और कलश में जल भरकर मंदिर पहुंचा। कलश यात्रा के उपरांत वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच महाप्रभु जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और देवी सुभद्रा को गर्भ गृह से बाहर लाये गये एवं पुरोहितों ने विधि-विधान से महाप्रभु को देव स्नान कराया। इसके उपरांत श्रद्धालुओं ने भी महाप्रभु जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को स्नान करा कर विशेष श्रृंगार किया जिसके बाद महाप्रभु जगन्नाथ की पूजा-अर्चना की गयी। पूजा-अर्चना हो जाने के बाद दोपहर के 1 बजे से महाभोग का वितरण किया गया जिसमें हजारों के संख्या में श्रद्धालु महाभोग ग्रहण किये। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा को श्रद्धालुओं द्वारा अत्यधिक स्नान करा देने से महाप्रभु बीमार पड़ जाते है। ऐसे में 15 दिनों तक महाप्रभु के मंदिर के कपाट बंद हो जाते हैं जिससे श्रद्धालु महाप्रभु के दर्शन नहीं कर पाते है। मऊभंडार में भी महाप्रभु जगन्नाथ के मंदिर के कपाट बंद हो जायेंगे। प्रतिदिन पुजारी गर्भगृह में प्रवेश कर वैद्य द्वारा बनाए गए दवा स्वरूप काढ़ा महाप्रभु को दी जाएगी। महाप्रभु जगन्नाथ पंद्रह दिन के बाद स्वस्थ होकर गर्भगृह से बाहर आएंगे तथा श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे।

## टाटा स्टील यूआइएसएल की अनूठी पहल

# लौहनगरी में वर्षा जल संचयन से बढ़ेगा जल संरक्षण और स्थिरता

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** शहरीकरण अनियमित वर्षा और भूजल के अत्यधिक दोहन से जूझ रहे देश के अन्य हिस्सों की तरह लौहनगरी जमशेदपुर भी पानी की किल्लत के चुनौती से गुजर रहा है। टाटा स्टील यूआइएसएल ने चुनौती से निपटने के लिए शहर में वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की शुरूआत की। इस पहल के तहत शहर के विभिन्न हिस्सों में वर्षा जल संचयन संरचनाएं स्थापित की गयी हैं। जिनका उद्देश्य भूजल स्तर को रिचार्ज करना, जल संरक्षण को बढ़ावा देना और जल आपूर्ति पर दीर्घकालिक लचीलापन सुनिश्चित करना है। यह कदम टाटा स्टील यूआईएसएल के 2030 तक ताजे पानी की खपत से अधिक भरपाई जैसे महत्त्वाकांक्षी पर्यावरणीय लक्ष्यों का हिस्सा है। वर्षा जल संचयन प्रणाली के अंतर्गत छतों और सतहों से वर्षा जल को एकत्र कर टैंकों, पुनर्भरण कुओं और जलभृतों में पहुंचाया जाता है। इससे एक ओर जहां बोरवेल और भूजल स्रोतों की उपज में सुधार होता है। वहीं दूसरी ओर बाहरी जल स्रोतों और टैंकरों पर निर्भरता भी कम होती है।अब तक जुस्को स्कूल कदमा, साउथ पार्क, सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट, दयानंद पब्लिक स्कूल, ग्रीन एन्क्लेव, बेल्डीह लेक फ्लैट्स, गोल्फ व्यू, प्रोफेशनल फ्लैट्स, सारनाथ तालाब, एसएनटीआई लाइब्रेरी, जेजीएम अस्पताल और प्रैक्सेयर सहित कई स्थानों पर यह प्रणाली लागू की जा चुकी है। वहीं अनिलसुर पथ सफेद तालाब और सीएफई परियोजना स्थल जैसी पुनर्भरण संरचनाओं के माध्यम से प्रति वर्ष 20,000 क्यूबिक मीटर से अधिक जल को भूजल स्रोतों में वापस पहुंचाया जा रहा है।

# विधायक मंगल कालिंदी ने गदड़ा में पीसीसी सड़क का किया शिलान्यास



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने बुधवार को जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत उत्तर पूर्वी गदड़ा पंचायत के गदड़ा गांव में पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया।यह सड़क बीएमसी क्लब के घर से लेकर पुराने पंचायत भवन तक लगभग 800 फीट लंबाई में बनेगी।शिलान्यास समारोह के दौरान विधायक मंगल कालिंदी ने कहा इस सड़क निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। विशेषकर बरसात के दिनों में कीचड़ और जलजमाव की समस्या से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा उनके लिए संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र का समावेशी और टिकाऊ विकास सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से क्षेत्र में विभिन्न विकास योजनाओं को तेजी से लागू किया जा रहा है। मौके पर ग्रामीणों ने विधायक को इस पहल के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा वर्षों से लंबित सड़क निर्माण कार्य अब शुरू होरहा है, इससे गांव की तस्वीर बदलने की उम्मीद जगी है। इस अवसर पर विश्वजीत भगत, बिरजू पात्रों, कृष्णा दास, विकास स्वर्णकार, राकेश सिंह, विवेक गुप्ता, सुनील सिंह, गोविंद स्वर्णकार, मनोज दास, इंद्रदेव, मनीष पांडेय, भूषण स्वर्णकार सहित वरिष्ठ नागरिक संघ गदड़ा के विजय आर्य, दूधनाथ मौर्य, जगदीश प्रसाद, सुरेश पंडित, हरिनारायण सिंह,धरनी महतो सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

## दानरो नदी संरक्षण के लिए एसडीएम की बैठक में जुटे 20 गांव के लोग

# दानरो तट पर स्थित सभी 28 गांवों में गठित होंगे 'दानरो क्लब'

**गांव स्तरीय क्लब नदी अतिक्रमण, पौधरोपण, नदी सफाई, अवैध उत्खनन की दिशा में करेंगे काम**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को 'कॉफी विद एसडीएम' में गढ़वा सदर अनुमंडल क्षेत्र के उन 20 गांवों का प्रतिनिधित्व करते हुये 40 लोग पहुंचे हुए थे जो दानरो किनारे बसे हुए हैं। संजय कुमार ने दानरो किनारे बसे 28 गांवों में से प्रत्येक गांव के दो-दो लोगों को 'कॉफी विद एसडीएम' में आमंत्रित किया था, हालांकि 28 में से 20 गांव के लोग ही कार्यक्रम में पहुंचे।

**दानरो महोत्सव का आगाज :** अभी से लेकर अगले वर्ष पर्यावरण दिवस तक पूरे एक साल तक चलने वाले विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला के रूप में 'दानरो महोत्सव' की शुरूआत का प्रस्ताव लाया गया। 20 अलग-अलग गांव से पहुंचे 40 प्रतिनिधियों में जिला परिषद सदस्य, ब्लाक प्रमुख, मुखिया, बीडीसी सहित आम नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और पर्यावरण प्रेमी भी शामिल रहे। सभी ने सर्वसम्मति से एसडीएम द्वारा सुझाए गये 'दानरो महोत्सव' कार्यक्रम का समर्थन किया। फलस्वरुप बुधवार से औपचारिक रूप से 'दानरो महोत्सव' का शुभारंभ किया गया।

**नदी संरक्षण को लेकर होगी विभिन्न गतिविधियां एवं कार्यक्रम :** एसडीएम और नागरिकों के साथ हुए इस अनौपचारिक संवाद के दौरान निर्णय लिया गया कि सभी 28 गांव में वृक्षारोपण, नदी स्वच्छता, गंगा आरती जैसी कई गतिविधियां आयोजित की जायेंगीं। वहीं खुले में शौच के विरुद्ध अभियान, अवैध बालू उठाव के विरुद्ध अभियान, नदी अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान जैसे कई प्रयास नागरिक प्रशासनिक सहयोग से किये जायेंगे।

**गांव-गांव में गठित होंगे 'दानरो क्लब' :** बैठक में तय किया गया कि दानरो के तटीय इलाकों में अवस्थित सभी गांव में 'दानरो क्लब' नाम से स्थानीय समितियां बनायीं जायेंगीं। ये समितियां ही विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों एवं अभियानों को स्थानीय स्तर पर संचालित करेंगी। हर गांव का क्लब अपने गांव के अंतर्गत आने वाली नदी की स्वच्छता, नदी के संरक्षण का जिम्मा लेंगे। इस ग्राम स्तरीय क्लब में कम से कम 20 सदस्य होंगे हालांकि इन सदस्यों की संख्या 20 से अधिक कितनी भी हो सकती है।

**आये विभिन्न सुझाव :** अनुमंडल क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों से पहुंचे लोगों ने दानरो नदी संरक्षण की दिशा में उठाये जा रहे इस कदम का न केवल स्वागत किया बल्कि 'दानरो महोत्सव' जैसे वृहत जागरूकता अभियानों को समसामयिक जरूरत बतायी। कल्याणपुर के मुखिया अशोक कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि वे इसी नदी के किनारे पले बढ़े हैं, अब इसको बचाए रखने की जिम्मेदारी भी हम लोगों की है। उन्होंने कहा कि ग्राम जल स्वच्छता समिति के माध्यम से नदी के किनारों को खुले में शौच के विरुद्ध अभियान चलाने का सुझाव दिया। टंडवा की पूर्व पार्षद सविता देवी ने कहा कि दानरो नदी उनके लिए किसी गंगा से कम नहीं है, वह बहुत खुश हैं कि इस अभियान का हिस्सा बन रही है।

जाटा गांव की मालती देवी ने कहा कि यह बहुत ही कारगर कदम है वह अपने स्तर से 20 लोग इस अभियान से छोड़ेंगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ नदी से ही स्वस्थ गांव बन सकता है। छतरपुर पंचायत की मुखिया संगीता देवी ने कहा कि वह अपने गांव में समिति बनाकर नदी के संरक्षण में स्थानीय प्रयास करेंगी।

बैठक में देवगाना, गेरुआ, तिसरटेटुका, कोरवाडीह, टंडवा, जाटा, नवाडीह, छतरपुर, कल्याणपुर, डंडई, सहिजना, झलुवा, मधेया, भरटिया, हूर, फरटिया, करकोमा, खुटैलिया, करमडीह आदि गांवों के लोगों ने भाग लिया।

## राज्य सरकार भाषा का विवाद उत्पन्न कर युवाओं का भविष्य कर रही बर्बाद : रितेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने हिंदी, मगही, भोजपुरी और पलमुआ भाषा को लेकर हेमंत सरकार का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि झामुमो सरकार युवाओं के बीच भाषा का विवाद उत्पन्न कर झारखंड के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रही है। उन्होंने कहा कि नागपुरी भाषा पलामू गढ़वा का नहीं है। झारखंड में गढ़वा पलामू सहित कई अन्य जिलों में लोग हिंदी मगही भोजपुरी भाषा बोलते समझते हैं। हेमंत सरकार जानबूझकर भाषा का विवाद उत्पन्न कर रही है। झारखंड में पचास प्रतिशत से अधिक लोग हिंदी मगही भोजपुरी भाषा को समझते है। हेमंत सरकार पिछले कार्यकाल में भी भाषा विवाद उत्पन्न किया था। जिसका भाजपा ने खुलकर विरोध किया था। अंततः सरकार को फैसला वापस लेकर लागू करना पड़ा था। लेकिन हेमंत सरकार के दुसरे कार्यकाल में फिर से भाषा विवाद उत्पन्न किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार झारखंडी युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने के लिए तरह तरह का विवाद उत्पन्न कर रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार झारखंड को विकास नहीं बल्कि पतन की ओर ले जा रही है। पलामू प्रमंडल सहित पूरे झारखंड के युवाओं को छलने का काम किया जा रहा है बार बार भाषा विवाद में झारखंड को उलझाकर विकास को अवरूद्ध किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि झामुमो राजद कांग्रेस को यह स्पष्ट करना चाहीए कि हिंदी मगही भोजपुरी अंग्रेजी जैसे भाषा वाले लोगों से उनको मतलब नहीं है। हेमंत सरकार के इस फैसले से युवाओं में काफी निराशा हुई है। झामुमो सरकार बिना भाषा विवाद सुलझाए किसी भी प्रकार का बहाली नहीं करे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार भाषा नियमावली बनाकर माध्यमिक आचार्य बहाली के लिए आवेदन लेने जा रही है, जो पुरी तरह से जनविरोधी नीतियों का हिस्सा है। भाजपा कार्यकर्ता स्थानीय युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेंगे। हेमंत सरकार अगर फैसले पर पुनर्विचार नहीं करती है तो तमाम छात्रों युवाओं के साथ चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जायेगा।

## मकरी पंचायत में जेसीबी से डोभा खुदाई, मेट कबूतरी और लाभुक बाला पर प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत मकरी पंचायत में मनरेगा योजना के तहत जेसीबी मशीन से डोभा खुदाई किये जाने के मामले में बीडीओ नंदजी राम ने कड़ी कार्रवाई की है। उपविकास आयुक्त गढ़वा के निर्देश पर बीडीओ ने स्थानीय थाना में मेट कबूतरी देवी, लाभुक बाला प्रसाद यादव और अज्ञात जेसीबी मालिक के विरुद्ध लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

बीडीओ द्वारा दिये गये आवेदन में उल्लेख किया गया है कि मकरी पंचायत के लाभुक सरिता देवी, पति बाला प्रसाद यादव के नाम से मनरेगा योजना के तहत डोभा निर्माण की स्वीकृति दी गयी थी। इस योजना का कोड 3407003013/IF 7080903912104 है। जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि 29 मई 2025 को लाभुक बाला प्रसाद यादव द्वारा मनरेगा के नियमों का उल्लंघन करते हुए जेसीबी मशीन से खुदाई करायी गयी, जो कि मनरेगा की गाइडलाइन के खिलाफ है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए बीडीओ ने संबंधित तीनों व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## गढ़वा एएसपी राहुल देव ने केतार मां चतुर्भुजी शक्तिपीठ में विधिवत पूजा अर्चना की



**केतार (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिले के केतार प्रखंड के सुप्रसिद्ध मां चतुर्भुजी शक्तिपीठ में मां चतुभुर्जी के चरणों में एएसपी राहुल देव ने माथा टेका। तत्पश्चात विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख, शांति, सुरक्षा एवं समृद्धि की कामना किया। मंदिर परिसर में पहुंचने पर मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार, सचिव हेमंत पाठक, कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद और अन्य सदस्यों ने उनका स्वागत किया। मंदिर समिति की ओर से एएसपी राहुल देव को मां चतुभुर्जी की फोटो और चुनरी भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने कहा कि ऐसे अधिकारी जब धार्मिक स्थलों पर आकर दर्शन करते हैं, तो यह पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात होती है। राहुल देव ने मंदिर परिसर में साफ सफाई और मंदिर परिसर में विधि व्यवस्था को देखकर मंदिर समिति को पदाधिकारी को सराहना किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## जड़गड़ गांव में कोचिंग सेंटर का शुभारंभ




**रंका (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन ने गरीब और यतीम छात्र-छात्राओं के लिए मुफ्त शिक्षा का बीड़ा उठाया है। इस बाबत इकरा मॉडर्न अकादमी के तहत गढ़वा प्रखंड के जड़गड़ गांव में पहला कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया गया है। इस कोचिंग सेंटर के उद्घाटन समारोह में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और प्रशंसा की। इस कार्यक्रम के विषय में जिला अध्यक्ष सह इकरा मॉडर्न अकादमी के प्रेसिडेंट आफताब आलम ने आजाद सिपाही को बताया कि यह कोचिंग सेंटर गरीब और यतीम छात्र-छात्राओं के लिए नि:शुल्क और अन्य मेधावी छात्रों के लिए मिनिमम शुल्क पर संचालित की जायेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में इंजीनियर इरशाद अंसारी, सचिव ताजुद्दीन अंसारी, कोषाध्यक्ष अली रजा, फरीद अंसारी और शौकत अंसारी ने अहम भूमिका निभायी।

## अधौरा गांव में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के शिवपुर पंचायत अंतर्गत अधौरा गांव में बुधवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। एसबीआई फाउंडेशन के तहत स्वंय सेवी संस्था रोज के तत्वावधान में यह शिविर का आयोजन किया गया। चलंत चिकित्सावाहन के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य सर्विसेज का लाभ बड़ी संख्या में लोग ले रहे हैं। इस शिविर में लगभग 25 मरीजों का जांच कर उन्हें दवा व उचित सलाह दी गयी। डॉ विजय गोस्वामी मरीज का जांच कर दवा दे रहे है। संगीता देवी का ईसीजी जांच किया गया। मालूम हो कि कांडी प्रखण्ड में सरकार की ओर से स्वास्थ्य सुविधा शून्य है। स्वास्थ्य जांच शिविर में लैब टेक्नीशियन राहुल कुमार, एएनएम प्रतिमा श्रीवास्तव फार्मासिस्ट नीरज कुमार स्वास्थ्य सहिया रीता कुंवर उपस्थित थे।

## तीसरी बार सूरज सिंह गढ़वा जिला राजद के अध्यक्ष बने



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** राजद का संगठनात्मक चुनाव गढ़वा जिला निर्वाचन पदाधिकारी खुर्शीद अहमद एवं मोहम्मद सैफुल्लाह खान की उपस्थिति में चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें तीसरी बार सूरज सिंह गढ़वा जिला राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष पद पर जीत कर निर्वाचित हुए। कुल वोटो की संख्या जिला में 69 थी, जिसमें तीन मतदाता अनुपस्थित रहे। सूरज सिंह को 49 वोट मिले और उनके प्रतिद्वंदी विनोद यादव को 16 मत प्राप्त हुए, एक मत रद्द किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जमीरउद्दीन अंसारी, प्रदेश महासचिव परवेज शाहिद, डॉ मुरली गुप्ता, धर्मराज राम, राजेश्वर गुप्ता, महेंद्र पाल, कामाख्या सिंह सहित गढ़वा जिले के सभी प्रखंड के अध्यक्ष गण प्रखंड के डेलीगेट गण जिला के पदाधिकारी गण एवं राष्ट्रीय जनता दल के हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मेराल के आउटसोर्सिंग कर्मियों ने समान वेतन की मांग को लेकर काला बिल्ला लगाकर किया काम

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** झारखंड राज्य आउटसोर्स कर्मचारी संघ के आह्वान पर प्रखंड कार्यालय के आउटसोर्स कर्मचारियों ने काला बिल्ला लगाकर कार्य किया। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा जारी की गई आउटसोर्स नियमावली 2025 का विरोध करते हुए अपनी मांग को पूरा कराने को लेकर चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया है। कर्मचारियों ने सरकार से आउटसोर्स नियमावली 2025 में संशोधन कर 60 वर्ष तक सेवा, सुरक्षा और वित्त विभाग के आलोक में संविदा कर्मियों को समान वेतन भुगतान का प्रावधान शामिल करने का मांग किया है। आंदोलन के पहले चरण में 9 से 11 जून तक काला बिल्ला लगाकर कार्य करने तथा 12 जून को सभी जिला मुख्यालय में समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने तथा 15 जून को रांची स्थित मोराबादी मैदान में महाधरना का आह्वान किया गया है। अंचल में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर आलम अंसारी, सीओ के चालक सुरकेश बैठा आदि ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भी समान काम के बदले समान वेतन न्यायदेश पारित किया गया है। उसका भी अनूपालन नहीं किया जा रहा है। कहा कि मध्य प्रदेश सरकार के तर्ज पर सभी आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को ठेका प्रथा से मुक्त करते हुए संबंधित विभाग के अधीन संविदा के आधार पर समायोजन किया जाए तथा सभी अनुबंध कर्मचारियों को स्थाई किया जाए। काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रगट करने वालों में कंप्यूटर खादिम अंसारी, मनीष कुमार, अशरफ अंसारी, अमन कुमार आदि शामिल थे।

## प्रमुख ने योजनाओं की ली जानकारी, समाधान का दिया भरोसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** विशुनपुरा ब्लॉक प्रमुख दीपा कुमारी की अध्यक्षता में प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में बुधवार को प्रखंड के सभी वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य एवं मुखिया, उप मुखिया, उप प्रमुख के साथ किया गया बैठक। बैठक में सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा एवं जानकारी ली। वहीं प्रमुख दीपा ने बैठक का मुख्य उद्देश्य सभी जनप्रतिनिधियों को एक जुट होकर सभी कार्य को सुचारू रूप से जनता के हित में करने की बात कही। सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित अमहर खास पंचायत से वार्ड सदस्य अनुरुद्ध कुमार ने विशुनपुरा बाजार में अतिक्रमण एवं लोगों को जाम से मुक्ती दिलाने की बात कही। वहीं उपस्थित कई वार्ड सदस्यों ने मुखिया के द्वारा कार्यकारिणी की बैठक में वार्ड सदस्यों को नहीं बुलाने की बात कहा।

बैठक में उपस्थित विशुनपुरा पंचायत उप मुखिया मुकेश राम ने विशुनपुरा पंचायत में 15वें वित से चापाकल मरम्मती कार्य में मुखिया द्वारा गड़बड़ी करने की बात कहा।

वहीं प्रखंड वार्ड सदस्य संघ के अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने वार्ड सदस्यों को अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना से जोड़ने तथा समय पर वेतन नहीं मिलने की बात प्रमुख से कहा। बैठक में सभी की बात सुनते हुए प्रमुख दीपा कुमारी ने कहा कि आप सभी की समस्याओं से सबंधित वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए हर संभव समाधान हेतु प्रयास करूंगी।

## डीसी ने भंडरिया प्रखंड का किया औचक निरीक्षण, कहा

# सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित किया जाये

आजाद सिपाही भंडरिया



**गढ़वा।** गढ़वा जिला दंडाधिकारी -सह-उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने बुधवार को भंडरिया प्रखण्ड का दौरा किया। इस दौरान निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने एकलव्य विद्यालय भंडरिया, प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भंडरिया, का औचक निरीक्षण किया और वहां की वस्तु स्थिति से अवगत हुए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पुराने एवं जर्जर भवन को तोड़कर उस जगह को अच्छी तरीके से साफ-सफाई के साथ रखने के निदेश दिए। प्रखंडों के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले ग्रामीणों के लिए पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था तथा उनके कार्यों को दिये गये समय सीमा के अंदर पूर्ण करने के भी निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि अगर जनता की शिकायतें निर्धारित समय के अंदर नहीं होती है और इसकी सूचना मुख्यालय में प्राप्त होगी, तो संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने एसडीओ रंका एवं बीडीओ को निर्देश दिया कि जो भी पुराने वाहन उपयोग में नहीं है वैसे वाहनों को नीलामी के माध्यम से जल्द से जल्द हटा दे। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने यह भी बताया कि जिला प्रशासन द्वारा यह निरीक्षण सुनिश्चित करता है कि जनसुविधाओं की प्रभावी उपलब्धता, पारदर्शिता और गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी नहीं हो। इस मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश, अनुमंडल पदाधिकारी रंका रूद्र प्रताप, प्रखंड विकास पदाधिकारी भंडरिया अमित कुमार, अंचल पदाधिकारी राकेश भूषण सिंह मौजेस किसपोटा हरिदास तिर्की सहित अन्य संबंधित पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
CIN No. U40108JH2013SGC001702
Regd. Office:- Engineering Building, HEC, Dhurwa, Ranchi–834004.
fax # 0651-2400483 e-mail : cesp.jseb@rediffmail.com/ gmsp.jbvnl@rediffmail.com

**1st Time Extension Notice**

Last date of uploading of bid documents, last date of online submission of tender fee and bid opening date of following tender notice no. is hereby extended as below :-

| Sl. No. | NITs No. | Extended online bid uploading/ submission end date | Last date of online submission of tender fee and EMD | Technical bid opening date and time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 36/PR/JBVNL/2025-26 1000 KVA, 11/0.433 KV Cu. Wd. CRGO M4 Core ONAN BIS Level-I Distribution Transformer | 18.06.2025 upto 18:00 Hrs | 18.06.2025 upto 18:00 Hrs. | 19.06.2025 upto 18:00 Hrs. |

Further details against the above NIT can be seen on website http:jharkhandtenders.gov.in and may be contacted on Mobile No. 09431135523 / 9430348596/ NIC helpline No. 0651-2400178. Only online payment mode of submission of Tender Fee & EMD will be accepted.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No. 353676
Sd/-
DGM (Purchase)
JBVNL
PR 354765 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)25-26*D

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा**
समग्र शिक्षा
समाहरणालय भवन, कोडरमा, पिन कोड–825410
jepckoderma@yahoo.co.in • kodermassa@gmail.com

**कोडरमा जिला अंतर्गत 01 नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, डोमचाँच में शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के चयन हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या–1541 / 19.12.2023 रद्द करने के निमित्त आम सूचना**

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक 1701 दिनांक 05.05.2025 के आलोक में दिनांक 04.06.2025 को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, डोमचाँच में संविदा आधारित शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के चयन हेतु गठित जिला चयन समिति के निर्णयानुसार जिला कार्यालय के विज्ञापन संख्या–1541 / 19.12.2023 को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है। नियुक्ति से संबंधित नया विज्ञापन शीघ्र जिले के NIC के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर प्रकाशित किया जायेगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी सह
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा, कोडरमा।

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
समग्र शिक्षा, कोडरमा।

PR 354684 (Jharkhand Education Project Council) 25-26 (D)

**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा**
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**सूचना**

जिला परिषद चतरा द्वारा प्रखण्ड टण्डवा में निर्मित न्यू डाकबंगला को एक वर्ष के लिए बंदोबस्ती /लीज पर उपलब्ध कराया जाना है। परिसम्पति विवरणी निम्नवत् है:–

| क्र. स. | जिला परिषद द्वारा निर्मित भवन | क्षेत्रफल | बन्दोबस्ती की सुरक्षित राषि एक वर्ष का | जमानत की राषि तीन माह का |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | न्यू डाकबंगला टण्डवा | 3876 sqft | 96000/ | 24000/ |

अतएव सूचित करना है कि दिनांक 21.06.2025 को 3:00 बजे अपराह्न में उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद,चतरा के सभागार में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा उपरोक्त परिसम्पतियों के बन्दोबस्ती प्रक्रिया की जायेगी।

जो व्यक्ति बन्दोबस्ती में भाग लेना चाहते हैं आवेदन के साथ 5000.00 (पॉच हजार) रू0 का बैंक ड्राफ्ट जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिशद,चतरा के पदनाम से देय हो जमा कर निम्नलिखित शर्तो का अनुपालन करते हुए निर्धारित समय पर डाक में भाग ले सकते हैं,जो लौटाया नहीं जायेगा।

शर्ते :–
1. बन्दोबस्ती एक वर्ष के लिए की जायेगी।
2. डाक बोलने वाले को डाक में भाग लेने हेतु कॉलम–5 में वर्णित राशि जमानत के रूप में बैंक ड्राफ्ट द्वारा उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,जिला परिषद,चतरा के पदनाम से जिला परिषद,कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। असफल जमाकर्ताओं की जमानत की राशि वापस कर दी जायेगी।
3. उच्चतम बोली द्वारा निर्धारित राशि पर बंदोबस्तीधारी को सरकार द्वारा निर्धारित GST भुगतान करना होगा।
4. डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को अपना पहचान पत्र /पैन कार्ड की अभिप्रमाणित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तथा मूल कागजात साथ में सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. बन्दोवस्तधारी द्वारा सभी शर्तो को पुरा करने की स्थिति में निबंधित एकरारनामा किया जाना अविवार्य होगा। एकरारनामा के पश्चात् डाकबंगला आवंटित होगा।
6. बन्दोबस्तीधारी को बन्दोबस्ती राशि का 25% जमानत राशि एवं 25% भवन का संचालन हेतु एकरारनामा के समय जमा करना अनिवार्य होगा।
7. निर्धारित निबंधन एवं एकरारनामा स्टाम्प शुल्क की राशि बन्दोबस्तधारी को स्वयं वहन करना होगा।
8. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
9. किसी भी प्रकार का विवाद होने पर चतरा जिला अन्तर्गत न्यायालय के jurisdiction में सुनवाई होगी।

कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद,चतरा

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा

PR 354679 (District)25-26*D

## उपायुक्त ने किया इवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ ताराचंद ने ईवीएम-वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर राजनीतिक दलों के साथ हुई बैठक में मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में अपना सहयोग देने की अपील की। साथ ही, वैसे मतदाता जिनका नाम हटाया/जोड़ा जाना है उनका नाम हटाने/जोड़ने के लिए सहयोग करने की अपील की। नए वोटर को जोड़ने के लिए अर्हता तिथियों से अवगत कराया गया। सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से जिला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता सूची में सुधार हेतु होने वाले कार्य मे सहयोग की अपील की गई। उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा निर्वाचन के विभिन्न सर्कुलर कुछ बिंदुओं में हुए बदलाव से अवगत कराया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, एनडीसी अभिनीत सूरज और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### लोहरदगा, सेन्हा, कैरो और कुडू में एनजीटी को लागू करने के लिए विशेष छापामारी अभियान

## बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले में अवैध बालू खनन और परिवहन पर शिकंजा कसते हुए खनन विभाग और पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। खनन विभाग और पुलिस के वाचक छापामारी अभियान के दौरान सेन्हा थाना क्षेत्र के एकागुड़ी टंगराटोली में तीन अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टर को मौके पर जब्त किया गया। पुलिस बल देख ट्रैक्टर चालक और मजदूर फरार हो गए। छापेमारी की गयी। जब्त ट्रैक्टरों को सेन्हा थाने के हवाले कर दिया गया।

मामले को लेकर डीएम और राजाराम प्रसाद ने बुधवार अहले सुबह सेन्हा थाना कांड संख्या 64/2025 दर्ज कराया है। इस संदर्भ में डीएमओ राजाराम प्रसाद ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश



पर एनजीटी के आदेश को प्रभावी बनाने को लेकर खनन विभाग एवं पुलिस के द्वारा मंगलवार रात्रि 10 बजे से बुधवार सुबह 5 बजे तक कुडू, कैरो, लोहरदगा और सेन्हा थाना क्षेत्र में अभियान चलाया गया। इसके तहत विभिन्न नदी घाटों पर छापेमारी जांच व छापामारी किया गया। इसमे अवैध रूप से बालू लदे तीन ट्रैक्टर पकड़े गये। हालांकि पुलिस को देखते ही सभी ट्रैक्टर चालकों ने मौके से भागने की कोशिश की और अंधेरे और झाड़ियों का लाभ उठाकर फरार हो गये।

डीएमओ ने बताया कि, गत रात पुलिस केंद्र से सअनि राजेश तिर्की के नेतृत्व में सशस्त्र बलों के साथ छापेमारी दल रवाना हुआ था। 11 जून की तड़के करीब 4:20 बजे तीन ट्रैक्टरों को बालू से लदा पाया गया। जांच के दौरान इनमें रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित नहीं थे। प्रत्येक ट्रैक्टर में लगभग 80 घनफीट बालू लदा हुआ था। जब्त किये गये वाहनों में एक लाल रंग का महिंद्रा 415 डीआइ डीएनएक्स ट्रैक्टर, एक नीला रंग का स्वराज 735 एफइइआर मॉडल ट्रैक्टर तथा एक पावर ट्रैक यूरो 50 ट्रैक्टर शामिल है। तीनों ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। जिसपर एनजीटी के आदेश का उल्लंघन करने व अवैध रूप से बालू खनन व परिवहन करने का आरोप है। बताया गया कि, उक्त क्षेत्र की कोयल नदी से बालू उठाव की कोई वैध अनुमति नहीं है। वर्तमान में मानसून सत्र के दौरान एनजीटी के निर्देशानुसार बालू खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है। डीएमओ राजाराम प्रसाद ने कहा कि एनजीटी के आदेश का शत प्रतिशत अनुपालन कराने के प्रति खनन विभाग संवेदनशील होकर कार्य कर रही है। इसे प्रभावी बनाने को लेकर नियमित रूप से बालू घाटों का निरीक्षण किया जाएगा। अगर कोई भी व्यक्ति बालू का अवैध खनन व परिवहन करते पकड़ा जाता है तो उपसर सीधी कार्रवाई किया जायेगा।

## बयानों के हवाई किला बनाने में माहिर हैं नेताजी : निश्चय



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत के लोहरदगा प्रतिनिधि द्वारा दिए गये बयान पर कांग्रेस नेता निश्चय वर्मा ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि जो लोग काम करते हैं, वह कहते नहीं हैं और शोर करने वाले बरसते नहीं हैं। सांसद बयानों के हवाई महल बनाने में माहिर हैं। सबको पता है कि लोहरदगा में खेल के विकास को लेकर किसने क्या किया है और कौन सिर्फ हवाई दावे करता रहा है। बीएस कॉलेज स्टेडियम बनाने की बात लोग कहते हैं, उन्हें यह भी बताना चाहिए कि किस हालत में भी बीएस कॉलेज स्टेडियम को छोड़ दिया गया था और अब स्टेडियम की स्थिति कैसी है। रह गयी बात ललित नारायण स्टेडियम की, तो वहां के हालात के लिए भी जिम्मेदार कौन है, इस बात को भी बताना चाहिए। जनता को धोखे में रखकर सिर्फ बड़े-बड़े बयान देने से ही विकास नहीं हो जाता है। उन्होंने कहा है कि हमेशा दलालों से घिरे रहने वाले नेता कभी एक बेहतर जनप्रतिनिधि नहीं बन सकते हैं। सांसद से ज्यादा तो उनके चमचे ही बयान देते रहते हैं। लोहरदगा में विकास के नाम पर आखिर उन्होंने क्या किया है,जितना भी अभी काम चल रहा है उसमें भी तसिलगिरी जारी हैं। यह भी जनता को बताना चाहिए। उन्होंने जो कुछ भी काम किया, वह अधूरा ही छोड़ दिया गया। जबकि हम सभी के अभिभावक धीरज प्रसाद साहू ने जिस काम को करने का संकल्प लिया, वह काम पूरा करके दिखाया है। लोहरदगा में खेल, शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में विकास को लेकर दिए गए उनके और उनके परिवार के योगदान को बुलाया नहीं जा सकता है। ना ही उसकी बराबरी की जा सकती है। वह और उनके परिवार के सदस्य सिर्फ काम करने में विश्वास रखते हैं। निस्वार्थ भाव के साथ लोगों की सेवा ही उनका एकमात्र मकसद रहा है।

## जिला स्तरीय आम उत्सव-सह-बागवानी मेला 13 को



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड, रांची के निर्देश पर मनरेगा के बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत 13 जून 2025 को सुबह 9 बजे से जिला स्तर पर एक दिवसीय आम उत्सव-सह-बागवानी मेला का आयोजन समाहरणालय मैदान, लोहरदगा में किया जायेगा। इसमें जिला कृषि कार्यालय, जिला उद्यान कार्यालय, जेएसएलपीएस, नाबार्ड, प्रदान (एफपीओ), आदित्य हाइटेक नर्सरी सभी सातों प्रखंड कार्यालयों की ओर से कुल 19 स्टॉल लगाये जायेंगे। इनमें संबंधित विभागों/एनजीओ/नर्सरी द्वारा लोहरदगा जिला में उत्पादित सभी प्रजाति के आम, आम के उत्पाद, अन्य फलों की प्रजातिवार प्रदर्शनी और बिक्री की जायेगी। उप विकास आयुक्त, लोहरदगा के निदेश पर सभी प्रखंड मुख्यालयों में आम उत्सव-सह-बागवानी मेला का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को भी आम उत्सव-सह-बागवानी मेला का आयोजन किया गया। 12 जून को प्रखंड स्तर पर अंतिम दिन यह कार्यक्रम आयोजित होगा।

## सेन्हा में आम महोत्सव का आयोजन




**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में बुधवार को आम महोत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। आम महोत्सव में प्रखंड क्षेत्र के कई किसान अपने-अपने बागवानी से लंगड़ा, दशहरी, आम्रपाली सहित अनेकों किस्म के आम लाये और प्रदर्शनी के रूप में दिखाया जिसे प्रखण्ड और अंचल कर्मी तथा अन्य ने खरीदा। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने कहा कि बागवानी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार द्वारा बिरसा हरित ग्राम योजना चला रही है। जिसे बहुत कम लागत में किसान आम बागवानी कर अच्छी आमदनी कर रहे हैं। साथ ही कहा कि बागवानी के लिए पेड़ तैयार होते तक देखभाल करना जरूरी है। आम अच्छी किस्म होने के कारण आम का मांग बहुत ज्यादा है। आम बागवानी को एक बार मेहनत करने के बाद कई वर्षों तक लाभ उठा सकते है। वही 13 जून को जिला स्तर पर होने वाले आम महोत्सव सह बागवानी मेला में भाग लेने के लिए किसानों को प्रेरित किया। प्रमुख फुलझरी देवी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के किसान मनरेगा योजना से आम बागवानी करें जिसे आम बागवानी कर आप सभी आय वृद्धि कर उन्नति कर सकते हैं। बागवानी के साथ-साथ खेती भी कर सकते हैं। मौके पर आम महोत्सव सह बागवानी मेला में महाबीर उरांव, प्रदीप कुमार महली, प्रमोद राम,संगीता उरांव, राजकपूर भगत, सगीर अंसारी, इंदु देवी, लीलावती देवी समेत अन्य किसान उपस्थित थे।

## तीन बजे के बाद स्कैन और शेयर मॉड्यूल 80 फीसदी नहीं मिलने पर संबंधित ऑपरेटर का वेतन रोका जाये : उपायुक्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त सह अध्यक्ष प्रोजेक्ट इंप्लिमेशन यूनिट लातेहार उत्कर्ष गुप्ता के अध्यक्षता में की बैठक को आयोजित की गयी। बैठक का उद्देश्य आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत लातेहार जिले में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा दिया जाना है एवं इस डिजिटल हेल्थ योजना को जिले में पूर्ण रूप से लागू किया जाना है। बैठक में आयुष्मान भारत स्कैन और शेयर मॉड्यूल को 100 फीसदी तक किये जाने का निर्णय लिया गया। इ-प्रिस्क्रिप्शन मॉड्यूल को डेंटल ओपीडी के साथ- साथ जेनरल ओपीडी में पूर्ण रूप से चालू करने का निर्णय लिया गया है। सदर अस्पताल लातेहार में अपराह्न 3 बजे के बाद स्कैन और शेयर मॉड्यूल की संख्या (प्रतिशत) काफी कम हो जाती है इस पर उपायुक्त ने उक्त मोडले को 100 फीसदी करवाने का आदेश देते हुए अपराह्न 3 बजे के बाद जो कंप्यूटर ऑपरेटर इस कार्य के लिए कार्यरत है उसको शोकॉज करते हुए कहा कि अगर अगले स्वास्थ्य विभाग के बैठक के रिपोर्ट में अपराह्न 3 बजे के बाद स्कैन और शेयर मॉड्यूल 80% नहीं पाया गया तो संबंधित ऑपरेटर का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया गया।




### फसल बीमा को लेकर बैठक

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार उपायुक्त लातेहार उत्कर्ष गुप्ता के अध्यक्षता में बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना रब्बी 2024 अधिसूचित क्षेत्र तथा बीमित फसलों का क्वालिटी चेक हेतु डीएलएमसी की बैठक हुई। जिला में सहाकारिता पदाधिकारी लातेहार द्वारा बताया गया कि बी-पीएमएफबीवाइ रब्बी 2024 के अंतर्गत चना, आलू, सरसों एवं गेहूं फसलों का बीमा आसीआसी लोंबार्ड कंपनी द्वारा कराया गया है। सभी फसलों को मिलाकर कुल 4297 किसानों का 3964-576 हेक्टेयर का बीमा कराया गया है। बीमा कंपनी आसीआसी लोंबार्ड द्वारा बताया गया कि 445 किसानों का 3721 त्रुटीपूर्ण पाया गया है। डीएलएमसी की बैठक में निर्णय लिया गया कि त्रुटीपूर्ण 445 किसानों का सत्यापन के लिए जिला प्रबंधक आसीआसी लोम्बार्ड हार्ड कॉपी उपलब्ध कराये तथा सत्यापन के पश्चात डीएलएमसी की बैठक में उपस्थापित किया जाय।

## आम तोड़ते समय करंट लगने से युवक की मौत

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** आम तोड़ने के दौरान दर्दनाक हादसे में एक युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान कुडू रहमतनगर बटम मुहल्ला निवासी असलम अंसारी के 27 वर्षीय पुत्र परवेज अंसारी के रूप में हुई है। यह हृदयविदारक घटना तब घटी जब परवेज आम के पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहा था और ऊपर से गुजर रही हाईवोल्टेज बिजली की तार की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जिमा स्थित सीदरा पेट्रोल पंप के समीप परवेज जब पेड़ पर चढ़ा हुआ था, तभी उसका हाथ बिजली के तार से छू गया। जोरदार करंट लगते ही वह जोर से चिल्लाया और पेड़ से नीचे गिर गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। परिजन अफरा-तफरी में कुडू अस्पताल पहुंचे लेकिन तब तक परवेज की सांसें थम चुकी थीं। मृतक परवेज की पत्नी के अलावा दो बेटा और बेटियां हैं। इधर स्थानीय ग्रामीण बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं।

## मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए निकाली जागरूकता रैली




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कुडू / लोहरदगा।** महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड के द्वारा निषुद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने हेतु चलाये जा रहे जागरूकता सह प्रचार प्रसार अभियान के तहत सीडीपीओ सोनिया मंजुल के नेतृत्व में आंगनबाडी सेविका और सहायिकाओं ने बुधवार को कुडू में जागरूकता रैली निकाली। रैली प्रखंड मुख्यालय परिसर से शुरू होकर आसपास के पोषक क्षेत्र में घुमी इस दौरान हाथों में पोस्टर-बैनर के माध्यम से लोगों को नशा उन्मूलन के प्रति जागरूक किया गया। विशेषकर किशोरों, युवाओं और माता-पिता को नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने का आह्वान किया गया।

## शादी का झांसा देकर यौन शोषण के आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना कांड संख्या 12/2025, दिनांक 18.03.2025 के तहत दर्ज शादी का झांसा देकर यौन शोषण के मामले में आरोपी के विरुद्ध पुलिस द्वारा कार्रवाई तेज कर दी गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 376(2)(एन) के तहत दर्ज किया गया है, जिसमें आरोपी राकेश पैंकरा, निवासी जनपद पंचायत के चंदागढ़ छतीसगढ़ निवासी के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाये गये हैं। पुलिस द्वारा न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी के विरुद्ध इश्तेहार जारी कर उसका विधिवत तमिला (प्रक्रिया के तहत इश्तेहार चस्पा करना) कराया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है। यदि आरोपी नियत समय पर न्यायालय में उपस्थित नहीं होता है, तो आगे कुर्की की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। इस प्रकरण को लेकर स्थानीय लोगों में भी चर्चा बनी हुई है, वहीं पुलिस प्रशासन ने कहा है कि फरार आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

## करंट लगने से दो मवेशियों की मौत

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना क्षेत्र के बड़ागाईं गांव में एक दुखद घटना सामने आयी है जहां खेत में चर रहे दो मवेशी 11 हजार वोल्ट के बिजली तार की चपेट में आकर मौत का शिकार हो गये। यह हादसा उस समय हुआ जब स्थानीय किसान मोतीलाल ठाकुर की गाय और उसकी बछिया खेत में चर रही थीं। किसान मोतीलाल ठाकुर ने बताया कि खेत के पास पहले से ही एक हाई वोल्टेज बिजली का तार गिरा हुआ था, जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने कई बार बिजली विभाग को दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी लापरवाही के कारण उसके दो मवेशी करंट की चपेट में आ गए। इस हादसे में लगभग 30 हजार का आर्थिक नुकसान हुआ है। मोतीलाल ठाकुर ने बताया कि वह गाय के दूध से घर चलाते थे। ग्रामीणों ने प्रशासन और बिजली विभाग से मांग की है कि इस तरह की लापरवाही पर अंकुश लगाया जाये और पीड़ित किसान को उचित मुआवजा दिया जाये।

### सिरम टोली फ्लाइओवर विवाद

## यह आदिवासी अस्मिता की लड़ाई है : जलेश्वर

**कांग्रेस नेता ने विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के बयान का समर्थन किया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** सिरम टोली फ्लाईओवर के रैंप निर्माण को लेकर सरना स्थल के आसपास उत्पन्न विवाद ने एक बार फिर आदिवासी अस्मिता और आस्था से जुड़े मुद्दों को राजनीतिक विमर्श के केंद्र में ला दिया है। इसी क्रम में कांग्रेस नेता जलेश्वर उरांव ने पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ रामेश्वर उरांव का समर्थन करते हुए तीखा बयान जारी किया है। जलेश्वर उरांव ने कहा कि डॉ रामेश्वर उरांव उन नेताओं में हैं, जिन्होंने नाखून काटकर नहीं, बल्कि जमीन पर खड़े होकर आदिवासी अस्मिता की लड़ाई लड़ी है। सरना स्थल की रक्षा के लिए जब आदिवासी समाज ने आवाज बुलंद की, तो उन्होंने



संवेदनशीलता और ज़िम्मेदारी के साथ इसे उठाया। यह संघर्ष किसी भी तरह से राजनीतिक दिखावा नहीं है, बल्कि आस्था और आत्मसम्मान की रक्षा का प्रयास है। श्री उरांव ने बीजेपी नेता सुखदेव भगत पर निशाना साधते हुए कहा कि जब यह परियोजना कागजों पर थी, तब उन्होंने कोई विरोध नहीं जताया। आज वे जब 'नाखून काटकर शहीद होने' जैसी टिप्पणियां कर रहे हैं, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की भावना का भी अपमान है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वित्त मंत्री रहते हुए डॉ रामेश्वर उरांव की भूमिका केवल बजटीय प्रावधान तक सीमित थी। परियोजना का डिजाइन, स्थल चयन और सामाजिक प्रभाव का आकलन संबंधित निर्माण एजेंसियों और विभागों की जिम्मेदारी होती है। उन्होंने याद दिलाया कि राज्य में जब महागठबंधन की सरकार बनी, तब कांग्रेस अध्यक्ष रहते डॉ उरांव ने मुख्यमंत्री एवं अन्य आदिवासी नेताओं के साथ मिलकर सरना कोड की मांग विधानसभा से पारित कर राज्यपाल के माध्यम से केंद्र सरकार को भेजी। यह इस बात का प्रमाण है कि उन्होंने आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान को संवैधानिक दर्जा दिलाने के लिए निरंतर संघर्ष किया है।

## सांसद के प्रयास से गितिलगढ़ में लगा ट्रांसफार्मर



**कैरो (आजाद सिपाही)।** कैरो प्रखंड में सांसद सुखदेव भगत के प्रयास से प्रखण्ड के गितिलगढ़ गांव में विभाग द्वारा कराये गये 100 केवी के ट्रांसफार्मर का उद्घाटन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सह यूथ कांग्रेस के उड़ीसा प्रदेश प्रभारी अभिनव सिद्धार्थ भगत सांसद प्रतिनिधि समीद अंसारी ग्रामीण हाफिज सब्बीर अंसारी के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। विदित हो कि दो तीन दिनों गितिलगढ़ नीचे टोली में लगा 100 केवी का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। ग्रामीणों के द्वारा सांसद सुखदेव भगत से ट्रांसफार्मर लगवाने की गुहार लगाये गये थे जिसपर तुरंत ध्यान देते हुए विभाग से बात कर ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। मौके पर अभिनव सिद्धार्थ भगत ने कहा कि क्षेत्र की जनसमस्याओं के समाधान के लिए हमसब हमेशा तैयार हैं जहां तक संभव होगा समस्या के समाधान के लिए प्रयास करते रहेंगे तथा हर सुख-दुख में साथ हैं। मौके पर लछु उरांव, गौतम कुजूर, संजू कुमार शुक्ला, एहसान अंसारी, अफरोज अंसारी, रेयाज अंसारी, वसीम अंसारी, मजेबुल अंसारी, चन्द्रदेव भगत, मंटू भगत समेत कई उपस्थित थे।

## जनता की सेवा ही मेरी पहली प्राथमिकता : धीरज प्रसाद साहू

**डॉ इरफान अंसारी और धीरज प्रसाद साहू ने कव्वाली कार्यक्रम का किया उद्घाटन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** हजारीबाग जिला के बरही में हजरत सैयदना महमूद गजनी के सलाने उर्स के अवसर पर, उर्स कमिटी ने कव्वाली मुकाबले का आयोजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू शामिल हुए। कव्वाली कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ इरफान अंसारी एवं धीरज प्रसाद साहू के द्वारा फीता काटकर किया गया। कमेटी के पदाधिकारी ने



बताया कि 25 वर्षों के बाद उर्स मैं कव्वाली का आयोजन किया गया है। इसलिए हजारों की संख्या में कव्वाली प्रेमी आये हुए हैं। मौके पर उपस्थित स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि आप लोगों के बुलाने पर मैं पहली बार यहां आया हूं। मैं आपके भाई के जैसा हूं आपको जब भी मेरी जरूरत पड़े। आप मुझे एक आवाज देकर देखें। मेरा दरवाजा 24 घंटे झारखंड की जनता के लिए खुला है। डॉ अंसारी ने धीरज साहू के विषय में कहा कि यह हमारे अभिभावक है जिन्होंने बड़ी लंबी दूरी तय करके कार्यक्रम स्थल पहुंचे हैं एवं हम सबों के बीच अपना बहुमूल्य समय हमे दिए है। उनके परिवार से हमारा संबंध दो पीढ़ी का है हमारे पिता के समय से धीरज बाबू एवं उनके परिवार से हम सबों का गहरा संबंध है। यह परिवार समाज की सेवा करने वाला परिवार है जिन्होंने हमेशा से जनता की सेवा की है मौके पर उपस्थित धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि हमारा इस क्षेत्र के साथ बहुत ही पुराना रिश्ता रहा है। मेरे भाई गोपाल साहू इस क्षेत्र मे अपना राजनीतिक एवं सामाजिक योगदान दिये हैं। मेरा पहला प्रयास रहता है की झारखंड की जनता को विकास की धारा से जोड़ना जिसके लिए मैं सदैव प्रयासरत रहता हूं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बरही के पूर्व विधायक अकेला यादव, अरुण साहू, डॉ अजय नाथ शाहदेव, पप्पू चंद्रवंशी, हातिम अंसारी, निश्चय वर्मा के साथ कमेटी के सभी पदाधिकारीगण एवं हजारों की संख्या में कव्वाली प्रेमी उपस्थित थे।

## बीडीओ ने संचालित योजनाओं का किया निरीक्षण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भंडरा।** बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने भीठा पंचायत में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में स्वास्थ्य उपकेंद्र नगड़ी का भी निरीक्षण किया इस संबंध में बीडीओ प्रतिमा कुमारी बताया कि भीठा पंचायत की मुकुंदा एवं नगड़ी गांव में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना अबुआ आवास योजना मनरेगा से संचालित विभिन्न योजनाएं सहित पंचायत से संचालित विभिन्न योजनाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश योजनाओं संबंधित कर्मियों को दी गयी। बीडीओ ने निरीक्षण के क्रम में नगडी में संचालित स्वास्थ्य उपकेंद्र का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपस्थित एएनएम सहित गांव की महिलाओं से स्वास्थ्य उपकेंद्र से मिल रहे विभिन्न लाभों की जानकारी ली।

## नाइट नॉकआउट क्रिकेट मैच में एजे स्टाइल लोहरदगा विजयी

**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** यूथ क्रिकेट क्लब गराडीह के तत्वधान में प्रखण्ड के गराड़ीह में आयोजित तीन दिवसीय नाइट नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन मंगलवार रात्रि किया गया। फाइनल मुकाबले में एजे स्टाइल लोहरदगा ने नगजुआ की टीम को 21 रनों हराया। तीसरे स्थान पर गराडीह चौथे स्थान पर अकासी पांचवे स्थान पर तेतरपोका और छठे स्थान पर जिदो की टीमें रहीं। जिन्हें मुख्य अतिथि यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सह यूथ कांग्रेस के उड़ीसा प्रदेश प्रभारी अभिनव सिद्धार्थ भगत, विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद चंगु प्रखंड सांसद प्रतिनिधि समीद अंसारी और अन्य अतिथियों के द्वारा नकद, शील्ड और मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद खिलाड़ियों और दर्शकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अभिनव सिद्धार्थ भगत ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेले खेल में हार जीत लगी रहती है संघर्ष करने वाले एक न एक दिन अवश्य सफल होते है। विशिष्ट अतिथि साजिद अहमद चंगु ने कहा कि क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद सुखदेव भगत खेल और खिलाड़ियों को हमेशा से बढ़ावा देने का काम करते आ रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 12 जून, 2025
www.azadsipahi.in
09

## बाबा डीहवार की पूजा से गांव में सुख-समृद्धि आती है : प्रखंड प्रमुख



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लंगर कोट गांव में जेठ पुर्णिमा के अवसर पर नव निर्मित वीर शिरोमणि बाबा डीहवार परिसर में कलश स्थापना के अवसर पर 12 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि बाबा डीहवार समस्त गांव वासियों को चारों दिशाओं से हर विपरीत परिस्थितियों से बचाते हैं। गांव के सुख-समृद्धि में सहायक होते है। बाबा डीहवार को सच्चे भक्ति भाव से याद करने वालों का घर परिवार सुखी जीवन व्यतीत करता है। वहीं, उप प्रमुख इंदु देवी ने कहा कि बाबा डीहवार को श्रद्धा भक्ति भाव से याद करता है वह व्यक्ति सुखी जीवन व्यतीत करता है। इस मौके पर समाजसेवी पवन पटेल, पंसस मिथिलेश कुमार पासवान, बिगन प्रजापति, चौकिदार मुन्सी राम, मुख्य यजमान विक्रमा पासवान, राजेंद्र राम, प्रमोद कुमार चौधरी, अवधविहारी सिंह, मिथिलेश सिंह, राम राज चौधरी, लखन चौधरी, गोपाल चौधरी आदि थे।

### जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश

# बालू उठाव पर 15 अक्टूबर तक हर हाल में रोक लगायें : डीसी

**कहा- वन विभाग, पुलिस और सीओ के आपसी समन्वय से अवैध खनन की करें रोकथाम**

### सनहा- एफआइआर का अलग-अलग प्रतिवेदन समर्पित करेंः एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। जिसकी अध्यक्षता पलामू डीसी समीरा एस ने की। उन्होंने डीएमओ सुनील कुमार से पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की जानकारी ली। इस पर डीएमओ ने अवैध खनन पर कार्रवाई का प्रतिवेदन उपलब्ध कराया। बताया कि पिछले दो महीने में खनन विभाग स्तर से अबतक अवैध परिवहन एवं खनन कर रहे कुल 78 वाहनों को जब्त किया गया है। साथ ही 34 लाख 8 हजार रुपये जुर्माना भी वसूला गया है। जबकि सात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज की गयी है। इसी तरह वन प्रमंडल पदाधिकारी स्तर से अवैध खनन से जुड़े दो वाद दायर किया गया है। जबकि जिला परिवहन कार्यालय के तरफ से 16 वाहनों को जब्त कर 10 लाख 31 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला गया है। इसके अलावे अलग-अलग अंचलों की ओर से की गयी कार्रवाई में 80 वाहन जब्त किये गये है। जिसमें सबसे अधिक हुसैनाबाद में 11 वाहन शामिल हैं। डीएमओ ने बताया कि विभिन्न अंचलो में अवैध बालू उठाव को रोकने को लेकर 17 स्थानों पर ट्रेंच कटिंग की कार्रवाई की गयी है। जबकि 24 चौकीदारों की नियुक्ति की गयी है। इस पर डीसी ने एनजीटी के 10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू नहीं उठाव करने वाले आदेश का जिले में पूर्णतया लागू करने की बात कही। उन्होंने इस कार्य में सीओ एवं थाना प्रभारी को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित करने की बात कही। डीसी ने वन विभाग, पुलिस और स्थानीय सीओ को अवैध खनन गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए बेहतर मिलकर समन्वय बनाने का निर्देश दिया। कहा कि वन विभाग, सीओ और थाना प्रभारी को गहन निगरानी करनी होगी, ताकि किसी भी तरह की अवैध गतिविधि को रोका जा सके। वहीं, बैठक में उपस्थित एसपी रीष्मा रमेशन ने कहा कि सीओ और थाना प्रभारी के स्तर से जो प्रतिवेदन भेजा जाता है उसमें सनहा और एफआईआर का अलग-अलग कैटगोरी वाइज नहीं होता। जिससे असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने सभी से सनहा और एफआईआर को अलग-अलग दर्शाते हुए रिपोर्ट भेजने की बात कही। इस मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सदर एसडीएओ, हुसैनाबाद एसडीओ, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी सीओ, थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे।

# अकाल तख्त एक्सप्रेस से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**मधुपुर/झारखंड।** आसनसोल सीआईबी की टीम को बुधवार को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सीबीआइ ने कोलकाता-अमृतसर अकाल तख्त एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12317 अप) से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त करते हुए दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई ट्रेन के एसी 3ए कोच में छापामारी के दौरान की गई। जानकारी के मुताबिक सीआइबी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि अकाल तख्त एक्सप्रेस में कुछ लोग अवैध शराब की तस्करी कर रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर टीम ने मधुपुर स्टेशन पर ट्रेन की तलाशी ली। इस दौरान एसी 3ए कोच की सीटों के नीचे से तीन पिट्ठू बैग और एक ट्रॉली बैग बरामद हुआ, जिसमें 259 पीस शराब (व्हिस्की एवं बीयर) छिपा कर रखे गए थे। लगे हाथ दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया। उनकी पहचान सुखवंत लाल (45) और दीपक कुमार (19) के रूप में हुई है। दोनों बिहार के पटना जिले के बख्तियारपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नया टोला माधवपुर एवं अब्बू मोहम्मदपुर के रहने वाले हैं। वहीं, आरपीएफ पोस्ट मधुपुर ने कार्रवाई के बाद सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए जब्त शराब को देवघर उत्पाद विभाग को सौंप दिया है। इस ऑपरेशन में आसनसोल सीआईबी टीम के एएसआई अरुण कुमार, एएसआई सुरजीत कुमार राय, प्रधान आरक्षी कामेश्वर प्रसाद, कांस्टेबल दिनकर तिवारी सहित आरपीएफ जवानों की अहम भूमिका रही। रेलवे परिसर में शराब तस्करी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए आरपीएफ लगातार सतर्कता बरत रही है। आगे भी ऐसे अभियान चलाकर अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए तैयार है। लगे हाथ पकड़े गये तस्करों से पूछताछ कर उनके गिरोह का प पता लगाने में जुटी है।

## मानव सेवा का सबसे बेहतर माध्यम चिकित्सा का क्षेत्र है : डॉ दिनेश सिंह



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नौगाढ़ा स्थित सत्य साई नर्सिंग रिसर्च इंस्टीच्यूट का पहला वर्षगांठ बुधवार को समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय (विवि) के कुलपति डॉ दिनेश सिंह एवं धनंजय त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से किया। जिसकी अध्यक्षता इंस्टीच्यूट के चेयरमैन नितेश पाठक ने किया। इस अवसर पर कुलपति डॉ दिनेश सिंह ने कहा कि चिकित्सीय क्षेत्र मानव सेवा का सबसे बेहतर माध्यम है। वहीं, धनंजय त्रिपाठी ने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्र में इंस्टीच्यूट स्थापित करना बड़े साहस का काम है। उन्होंने संस्थापक नीतेश पाठक की जमकर सराहना की। जबकि चेयरमैन नीतेश पाठक ने संस्था के एक वर्ष की प्रगति यात्रा पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इस दौरान बीएससी नर्सिंग, जीएनएम एवं एएनएम के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। इससे पहले सभी छात्र - छात्राओं को मानव सेवा एवं नशा मुक्ति का शपथ दिलाया गया। मौके पर जिला पार्षद विजय रविदास, किशोर कुमार, शिक्षाविद् अशोक पांडेय, ओमप्रकाश पांडेय, प्रधानाध्यापक विनोद पांडेय, मुखिया धर्मेंद्र चौधरी, भाजपा नेता सुनील पांडेय, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष अमरेश तिवारी, कीरानी तिवारी, देवेंद्र पाठक, विष्णु कांत पाठक आदि मौजूद थे।

## रामचंद्र चंद्रवंशी विवि में नशामुक्त अभियान की शुरूआत, छात्र-छात्राओं को दिलायी गयी शपथ



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय (विवि) सभागार में बुधवार को नशा मुक्ति अभियान की शुरूआत की गयी। रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय की ओर से संचालित सभी महाविद्यालयों में 26 जून तक चलेगा। पहले दिन अभियान में आरसीआईटी, पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं सहदेव चंद्रवंशी बी एड कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी और कुलपति डॉ संजय कुमार झा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर डॉ चंद्रवंशी ने कहा कि नशा विनाश का कारण होता है। इससे हर हाल में युवाओं को दूर रखना होगा। इसके लिये सबसे पहले युवाओं में जागरूकता फैलानी होगा, ताकि उनका स्वस्थ और भविष्य दोनों सुरक्षित रह सके। वहीं, डॉ संजय कुमार झा ने नशा मुक्ति अभियान की रूप रेखा की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी एवं कुलपति डॉ संजय कुमार झा ने छात्र-छात्राओं को नशा पान नहीं करने की शपथ दिलायी। इस मौके पर एंटी ड्रग स्क्वाड के सदस्य डॉ जयप्रकाश, डॉ रविंद्र केसरी, डॉ आशीष राय, डॉ बंसीलाल, पंकज कुमार, आरसीआईटी के प्राचार्य डॉ रामकुमार सिन्हा, पॉलिटेक्निक के प्राचार्य डॉ रवि कुमार, प्राचार्य डॉ नागेंद्र राम, डॉ बीके यादव, डॉ राजू, डॉ सत्य प्रकाश, डॉ आरके तिवारी, गोविंद सिंह और इदरिस हवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## नशा मुक्ति को लेकर किया शपथ ग्रहण



**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड सभागार में नशा मुक्ति को लेकर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजित हुआ। जिसके माध्यम से जेएसएलपीएस विभाग के बीपीएम वैभवकांत आदर्श एवं बीपीओ अरविंद सिंह ने कर्मियों को नशा का सेवन नहीं करने की शपथ दिलायी। उन्होंने सभी कर्मियों को खुद नशा का उपयोग नहीं करने और दूसरों को भी नशा से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकरी देकर उन्हें जागरूक कर नशा प्रयोग से दूर रखने का शपथ दिलाया।

# एनजीटी की रोक के बावजूद नदियों से अवैध तरीके से बालू का उठाव जारी

**अवैध खनन पर अंचल एवं खनन विभाग ने बंद की आंखें**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर/पलामू।** मानसून के आगमन के पूर्व बालू घाटों एवं नदियों से बालू उठाव पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। एनजीटी के आदेश के बाद 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदियों से बालू का उठाव नहीं किया जाना है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने अपने आदेश में कहा है कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने बालू उत्खनन गाइडलाइन में खनन के लिए कुछ प्रावधान तय कर रखा है। इसके मुताबिक बरसात के मौसम में नदी क्षेत्र से बालू नहीं निकाला जा सकता। जिले में इस आदेश को खनन विभाग ने प्रभावी तरीके से लागू कर दिया है। कहीं भी अवैध बालू उठाव की सूचना पर त्वरित कार्रवाई भी की जा रही है। बालू के अवैध उत्खनन पर रोक लगाने को लेकर जिला स्तरीय टास्क फोर्स भी गठित की गयी है। बावजूद इसके टास्क फोर्स की विफलता के कारण चैनपुर प्रखंड में बालू का अवैध कारोबार धड़ल्ले से फल-फूल रहा है। चैनपुर प्रखंड के नगर निगम एवं ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न गांवों से गुजरने वाली कोयल नदी से रात नौ बजे से अगले सुबह नौ बजे तक बालू उत्खनन एवं परिवहन जारी रहता हैं। रात में अवैध बालू का परिवहन कर बालू कारोबारियों द्वारा चैनपुर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों और कई प्रकार के कार्यों में ऊंची कीमतों पर बेचा भी जा रहा है। इस कार्य में प्रतिदिन करीब दो दर्जन ट्रैक्टर लगे रहते हैं। प्रतिदिन रात से सुबह तक ट्रैक्टर की लाइन लगी रहतीं हैं। लेकिन पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को यह सब नहीं दिखता है। इस कारण बालू कारोबारियों का हौसला बुलंद हैं। बालू कारोबारियों द्वारा चैनपुर थाना क्षेत्र में प्रति ट्रैक्टर बालू 2500-3000 हजार तक बिक्री किया जा रहा है।

## राजद कार्यकर्ताओं ने मनाया लालू प्रसाद यादव का जन्मदिन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का 78वां जन्मदिन बुधवार को हरिहरगंज राजद कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ मनाया। इससे पहले राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव के नेतृत्व में केक काटी गई और एक-दूसरे को खिलाकर लालू प्रसाद यादव की लंबी उम्र की कामना की गयी। वक्ताओं ने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत से ही पिछड़े, दलित और गरीब तबकों के हक के लिए संघर्ष किया। आज जो राजद कार्यकर्ता मजबूती से खड़े हैं उसका श्रेय लालू जी के विचारों और संघर्ष को जाता है। मौके राजद नेता बुधन सिंह यादव, अशोक जायसवाल, लखन यादव, महावीर यादव, कुशवाहा संगीता, दीपक यादव, छोटेलाल गुप्ता, शिवपूजन मेहता आदि मौजूद थे।

### आदि कुड़ुख सरना झंडा स्थापना में शामिल हुए पांकी विधायक

# सरना स्थल पर लगवाया जायेगा चापाकलः डॉ शशिभूषण मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी/पलामू।** नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड के डबरा पंचायत स्थित ग्राम नावाडीह तेनार (गेंठा) के सरना स्थल में आयोजित सरना झंडा स्थापना सह प्रार्थना सभा कार्यक्रम में बुधवार को पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उनका ढोल-नगाड़ों, मांदर की धुनों और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि यह आयोजन न केवल आदिवासी संस्कृति की आत्मा का प्रतीक है, बल्कि हमारी विरासत, आस्था और प्रकृति के प्रति सम्मान की भावना को सशक्त रूप में प्रकट करता है। उन्होंने घोषणा की कि सरना स्थल में फेवर ब्लॉक और चम्पाकल लगवाया जायेगा। इस दौरान उन्होंने सहयोग राशि भी दी। मौके पर प्रधान गिरवर उरांव, अध्यक्ष महेन्द्र उरांव, सचिव सुरेंद्र उरांव, कोषाध्यक्ष अमरेश उरांव, पाहन देवराज उरांव, पाहन बनवारी उरांव, पाहन उर्मिला उरांव, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, समाजसेवी कमेश यादव, मीडिया प्रभारी राकेश कुमार वर्मा, डबरा मुखिया मंजू देवी, पूर्व मुखिया पुष्पा देवी, पंसस पूनम देवी, वीरेंद्र पासवान, अशोक राम चंद्रवंशी, सुधीर तिवारी, अरविंद मेहता, अंशु उरांव, श्यामलाल उरांव, जिला अध्यक्ष मिथिलेश उरांव, जिला सचिव शंकर उरांव, उपाध्यक्ष सरिता उरांव आदि उपस्थित रहे।

## स्कूटी-कार में टक्कर दो युवक घायल

**देवघर (आजाद सिपाही)।** जसीडीह थाना अंतर्गत कुरेबा मोड़ के पास मंगलवार को स्कूटी और कार के बीच टक्कर हो गई, जिसमें स्कूटी सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी पहचान दुम्मा निवासी बबलू कुमार और सोना कुमार के रूप में हुई है। दोनों को तत्काल इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। वहीं, प्रत्यक्षदर्शी टोटो चालक अरविंद कुमार ने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ जब स्कूटी सवार युवक कुरेबा मोड़ के पास से गुजर रहे थे। उसी समय एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को सामने से टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवक सड़क पर गिर गये और गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को देवघर सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। दूसरी ओर, घटना की जानकारी जसीडीह थाना पुलिस को दी गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच कर रही, ताकि कार चालक की पहचान की जा सके।

## मोहनपुर में बाइक-स्कॉर्पियो की टक्कर, तीन गंभीर

**देवघर/मोहनपुर (आजाद सिपाही)।** मोहनपुर थाना अंतर्गत जरूवाडीह रेलवे क्रॉसिंग के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो और बाइक के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल देवघर सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार कर उन्हें वार्ड में भर्ती कर लिया है। इस बाबत सोनरायथाड़ी पोखरिया गांव निवासी सोइब अंसारी ने बताया कि वह बाइक से भगना सरइया के रहने वाले मजीद अंसारी को छोड़ने जा रहे थे। बाइक पर उसके साथ असाब अंसारी और मजीद अंसारी भी सवार थे। तभी जरूवाडीह रेलवे फाटक के पास एक असंतुलित स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार सभी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को तुरंत देवघर सदर अस्पताल पहुंचाया। वहीं, देवघर पुलिस ने स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया और वाहन चालक से पूछताछ की जा रही है।

## नशा के विरूद्ध जागरूकता को लेकर निकली रैली



**देवघर (आजाद सिपाही)।** तंबाकू सेवन के हानिकारक प्रभावों के प्रति आम लोगों को जागरूक करने को लेकर सभी सरकारी विद्यालयों में बुधवार को प्रभातफेरी निकाली गई। जिले के सारठ प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय ओझाडीह के छात्र-छात्राओं द्वारा नशा के विरूद्ध जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाल कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। जो हुआ नशे का शिकार उजड़ा उसका घर परिवार समेत कई तरह के नारे लगा रहे थे। मौके पर शिक्षक शिवशंकर झा, मनोज कुमार, मंटू मंडल सहित अन्य बच्चे मौजूद थे। वहीं, नशा मुक्ति एवं मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर जन जागरूकता अभियान के तहत उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेलवरना के छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकल कर आम लोगों को नशा मुक्ति के लिए जागरूक किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार राय ने कहा कि नशा के चलते परिवार की दुर्दशा हो रही है। तम्बाकू, शराब, सिगरेट के सेवन से लोग कैंसर जैसे खतरनाक बिमारी से जूझ रहे हैं। विभागीय निर्देश के आलोक में नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत तम्बाकू सेवन से होने वाले गंभीर बिमारी एवं इसके दुष्परिणाम को लेकर जागरूक किया गया। जागरूकता पैदा कर ही नशा मुक्त समाज की परिकल्पना पूरी की जा सकती है। मौके पर सहायक अध्यापक विश्वनाथ पंडित, ललन प्रसाद साह, राजेश्वर प्रसाद सिंह, अनिता सहाय आदि उपस्थित थे।

## बाइक की चपेट में आने से सब्जी विक्रेता घायल

**देवघर (आजाद सिपाही)।** नगर थाना क्षेत्र के मीना बाजार स्थित केसरवानी आश्रम के पास मंगलवार को तेज रफ्तार बाइक ने सब्जी विक्रेता को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी पहचान चंदन थाना क्षेत्र के लिल कोठी निवासी राजू चौधरी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, राजू चौधरी प्रतिदिन की तरह मंगलवार को भी सब्जी बेचने चंदन से मीना बाजार आया था। दोपहर में जब वह केसरवानी आश्रम के समीप फुटपाथ पर सब्जी बेच रहा था, तभी वहां से तेज रफ्तार से गुजर रहा बाइक सवार असंतुलित होकर सीधे राजू चौधरी पर बाइक चढ़ा दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को देवघर सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी।

## महामंडलेश्वर हरिहरानंद जी पहुंचे बैद्यनाथधाम, अतिरुद्र महायज्ञ नवंबर में



**देवघर (आजाद सिपाही)।** परमहंस स्वामी शारदानंद सरस्वती जी महाराज के वर्तमान उत्तराधिकारी महामंडलेश्वर हरिहरानंद जी महाराज विश्व कल्याण के निमित्त कई संत, विद्वानों और गुरु भक्तों के साथ देवघर पहुंचे हैं। स्थानीय राजेश सतनालीवालाजी के आवास पर भक्तों ने पूरी मंडली का भव्य स्वागत किया। मौके पर परम शिष्य प्रेम सिंघानिया, महेश भालोटिया, संतोष भुवानियां, विश्वनाथ मोदी, सुनील मोदी, आनंद मोदी, शंकरलाल सर्राफ, मुरारी सर्राफ, शिव कुमार सर्राफ, बिनोद सुल्तानियां, केदार नाथ झा, कुमुद खवाड़े, गिरधारी वल्लभ झा मौजूद थे। महामंडलेश्वर हरिहरानंद जी महाराज ने अतिरुद्र महायज्ञ की तैयारी को लेकर श्री श्याम कीर्तन मंडल एक बैठक भी की। इस दौरान महामंडलेश्वर ने यज्ञ स्थल का भी निरीक्षण किया और विद्वत जनों के साथ बैठक की। निर्णय लिया गया कि विश्व कल्याण के उद्देश्य से यज्ञ हो रहा है। देवी संपत मंडल के ब्रह्मनिष्ठ स्वामी शारदानंद सरस्वती जी महाराज के समय में भी यज्ञ की श्रृंखला निरंतर चलते रहता था। उसी श्रृंखला को जारी रखने के लिए सबसे पहले बाबा बैद्यनाथ की भूमि देवघर में नवंबर को यज्ञ होगा।

## बागवानी सखियों को दिया गया आम बागवानी प्रशिक्षण

**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड सभागार में बुधवार को बागवानी सखियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता बीपीओ अरविंद सिंह ने की। प्रशिक्षण में 42 बागवानी सखी उपस्थित हुई। इस दौरान सभी बागवानी सखी को आम बागवानी के लाभुक गांव अनुसार उनको जोड़ा गया, ताकि समय-समय पर बागवानी से संबंधित विषयों पर जिला मनरेगा परियोजना पदाधिकारी उपेंद्र राम ने जानकारी दी। प्रशिक्षण में झरिवा, सेमरा, सलतुआ, करसो, बॉडी, बूढ़ीवीर आदि पंचायत से बागवानी सखी उपस्थित हुई।

# डीप बोरिंग के नाम पर किसान से 25 हजार की ठगी, मामला दर्ज



आजाद सिपाही संवाददाता

**जारी।** जारी प्रखंड के मेराल गांव निवासी फिरमा बाखला से साइबर अपराधियों द्वारा डीप बोरिंग के नाम पर 25हजार रुपये ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर पीड़ित ने जारी थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना को दिये आवेदन के अनुसार फिरमा के मोबाइल पर मंगलवार को एक कॉल आया कॉल करने वाले ने कहा कि आपका नाम से डीप बोरिंग के लिए सेलेक्शन किया गया है। फिर रजिस्ट्रेशन के लिए 6500 की मांग की गयी साथ ही अकाउंट नंबर भेजा गया। पीड़ित उनकी बातों में आ गया और दिये गये अकाउंट नंबर पर पैसा ट्रांसफर कर दिया फिर कुछ देर बाद फिर कॉल आया कॉल करने वाले ने कहा कि टैक्स के नाम पर 18500 और जमा करना होगा। वह पैसा भी जमा कर दिया कुछ देर बाद फिर कॉल आया और साइबर ठगों द्वारा कहा गया कि गाड़ी में डीजल डालना है इसके लिए 1000 और जमा करना होगा। इसके बाद मुझे उन लोगों पर शक होने लगा तो मैंने पैसा देने से इनकार कर दिया। इसके बाद मैने उस नंबर पर कई बार कॉल किया लेकिन फोन रिसीव नहीं किया गया। बाद में मोबाइल भी स्विच ऑफ कर दिया गया। मामले को लेकर मैने थाना में शिकायत करने की बात कही तो उनके द्वारा पैसा वापसी की बात कही गयी। लेकिन अब टाल मटोल किया जा रहा है। मामले को लेकर पीड़ित ने जारी थाना को आवेदन देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

### गुमला उपायुक्त ने चैनपुर में विकास योजनाओं का किया औचक निरीक्षण

# अस्पताल भवन के निर्माण में धीमी गति पर कार्यपालक अभियंता को लगायी फटकार

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** गुमला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने बुधवार को फील्ड विजिट के लिए चैनपुर पहुंची। जहां चल रहे विभिन्न विकास योजनाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्रखंड कार्यालय, सामुदायिक पुस्तकालय, प्रज्ञा केंद्र और आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। अस्पताल मे एम्बुलेंस को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। साथ ही अनुमण्डल स्तरीय अस्पताल भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। अस्पताल निर्माण की धीमी गति को देख कार्यपालक अभियंता व संवेदक की जम कर फटकार लगायी। तदोप्रांत उपायुक्त प्रखंड कार्यालय पहुंच सामुदायिक पुस्तकालय का भी निरीक्षण कर कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रखंड कार्यालय और सामुदायिक पुस्तकालय को और भी बेहतर बनाने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने सिलफरी आंगनबाड़ी केंद्र और मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र लोरम्बा का निरीक्षण किया। उन्होंने सेविका को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शौचालय बनवाने और आंगनबाड़ी केंद्र में लाइट पंखा लगवाने के निर्देश दिए। महेशपुर डिपाटोली गांव में ग्रामीणों ने उपायुक्त को गांव में पानी की समस्या से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में चार जलमीनार हैं। लेकिन सभी खराब हैं। लोगों को पानी के लिए काफी समस्या हो रही है। उपायुक्त ने पी एच डी विभाग के कार्यपालक अभियंता को सभी जलमीनारों को दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। जिसके पश्चात उपायुक्त ने मनरेगा योजना से बने बिरसा हरित बागवानी का निरीक्षण किया और वहां की गतिविधियों की जानकारी ली। विलुप्त प्राय अदीम जनजातिय गांव लोरम्बा असूर टोली मे ग्रामीणों से गांव की समस्या को जाना जहां मुख्य समस्या पानी व बिजली की थी। इस पर उन्होंने बिजली विभाग के कर्मियों को जून माह के अंत तक प्रत्येक घर में बिजली पहुचाने का निर्देश दिया। साथ ही खराब पड़े चापाकल की मरम्मत का निर्देश दिए। को 10 दिनों के भीतर ठीक करने की बात कही। उपायुक्त प्रेरणा दिक्षित के चैनपुर पहुचने और गांव टोले मुहल्ले मे सरपट दौड़ती गाडि?ों के काफिले को देख सभी विभागों के अधिकारियों के सांसे फुल रहे थे। सुरक्षा के चाक चौबंद के बीच पहली बार तिलवारी पाठ गांव पहुंचे उपायुक्त ने एक एक योजनाओं को बारीकी स देख रही थी। पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, जनवितरण, मनरेगा, आवास सहित जनहित से जुड़े मामले को फोकस कर रही थी।

# गैर धर्म अपनाने वाले युवक को हिंदू समाज ने कराया सनातन धर्म में वापसी



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड थाना क्षेत्र के सिसई बस्ती निवासी गणेश साहू के 24 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार साहू गत तीन माह पूर्व हिन्दू धर्म को छोड़कर गैर धर्म को अपना लिया था और अपना नाम भी बदल लिया था। परिजनों के समझाने पर भी वापसी न करने की जिद पे अड़ा हुआ था। इसके बाद हिन्दू समाज के पदाधिकारियों को इसकी जानकारी मिलने पर संजय वर्मा के आवास पर विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल सिसई के प्रखंड अध्यक्ष पंकज साहू, रोहित शर्मा, मुकेश श्रीवास्तव, उदय कुशवाहा,सुप्रदीप महतो मनोज वर्मा, लक्ष्मी यादव छोटेलाल ताम्रकर एवं सूंड़ी समाज के गुमला जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, जिला सचिव प्रमोद साहू,सह सचिव सुधीर कुमार, वरुण कुमार सूंड़ी समाज प्रखण्ड सचिव आशीष साहू समाजसेवी गोपीनाथ सिंह ने मंगलवार को एक बैठक कर युवक को काफी समझाया बुझाया। तब जाकर युवक राकेश कुमार साहू ने पूरे समाज के सामने स्वीकार करते हुए कहा कि दूसरे धर्म के लोगों के बहकावे व प्रलोभन में आकर भटक गया था। मुझसे गलती हुई है जिसका मुझे ग्लानि महसूस हो रहा है। आगे उसने कहा कि अब दुबारा ऐसी गलती नहीं होगी। और अपने मूल धर्म में वापसी करने को तैयार हो गया। इसके बाद मंगलवार को पूरे विधि विधान से हिन्दू रीति रिवाज के साथ पूजा अर्चना कर राकेश का शुद्धिकरण संस्कार किया गया। और प्रसाद खिलाया गया साथ ही वहां मौजूद सभी लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और राकेश को सनातन धर्म में घर वापसी कराया गया। मौके पर युवक के पिता गणेश साहू, बड़ा भाई संदीप कुमार साहू, छोटा भाई मुकेश साहू, विशाल साहू एवं समाजसेवियों के अलावे हिन्दू समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**भरनो (आजाद सिपाही)।** बीती रात भरनो थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग एनएच 23 कुम्हरो खरवागढ़ा के पास सड़क दुर्घटना में बेड़ो थाना क्षेत्र के जरिया निवासी युवक रोहित लोहरा (20) की मृत्यु हो गयी। मृतक युवक जरिया बेड़ो अपने घर से भरनो थाना क्षेत्र के जुरा गांव जाने के क्रम में खरवागढ़ा के समीप सड़क में खड़ी ट्रैक्टर को पीछे से मारी टक्कर घटनास्थल पर ही युवक की दर्दनाक मौत हुई। वहीं दुर्घटना की सूचना पर थाना प्रभारी कंचन प्रजापति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो पहुंच कर अग्रतर कार्रवाई करने में जुटी है।

### गाय शेड निर्माण योजना घोटाला

# बिना काम किये ही पैसों की निकासी हुई

आजाद सिपाही संवाददाता



**जारी।** जारी प्रखंड के गोविंदपुर पंचायत के गोविंदपुर गांव में मनरेगा के तहत गाय शेड निर्माण योजना में घोटाला का मामला सामने आया है। 2021-22 योजना के तहत गाय शेड का निर्माण किया जाना था। शेड का निर्माण तो नहीं हुआ लेकिन वाउचर पेमेंट से पैसों की निकासी कर ली गयी। इस कार्य में प्रखंड के मुखिया पंचायत सेवक, रोजगार सेवक और प्रखंड कर्मी की मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता है। गोविंदपुर गांव के अंथरेल मिंज और नितेश मिंज का 2021-22 योजना के तहत गाय शेड का निर्माण कार्य करना था लेकिन लाभुक नितेश मिंज का गाय शेड का निर्माण कार्य अब तक अधूरा हैऔर मटेरियल पेमेंट 109887 रुपये की गयी है। वहीं दूसरी ओर अंथरेल मिंज का गाय शेड का पता भी नहीं है और पैसों की निकासी मटेरियल पेमेंट 109887 रुपये भी हो चुकी है। जब लाभुक अंथरेल के घर जाकर पूछा गया उसने कहा कि हम लोग गाय शेड बनवाए थे लेकिन मुखिया के आदेश के बाद उसको घर बना दिया गया। इस प्रकार देखा जाए तो जारी प्रखंड में सरकारी पैसों की लूटमची है। साथ ही पैसों की बंदर बांट भी की जा रही है। योजना का पता भी नहीं चलता और वाउचर पेमेंट से पैसे की निकासी होती है। वही शेड का नमोनिशान तक नहीं है। जानकारी के मुताबिक वाउचर पेमेंट में मुखिया का हस्ताक्षर भी होता है लेकिन प्रखंड कर्मियों की मिलीभगत से पैसों के निकासी कर बंदर बांट की गयी है। अगर निष्पक्ष तरीके से इसकी जांच हो तो और भी कई मामले उजागर होंगे।

## जय माता दी होटल के पास हाइवा की टक्कर से युवक घायल

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा लोहरदगा मुख्य पथ पर जय माता दी होटल के समीप हाइवा ट्रक के धक्के से बाइक सवार राकेश रंजन प्रसाद बुरी तरह घायल हो गये। पैर जांघ बुरी तरह जख्मी एवं फ्रैक्चर कर गया है। घायल राकेश को 108 एम्बुलेंस की मदद से ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। चोट ज्यादा था जिस कारण एंबुलेंस से बगैर उतारे ही उनका प्राथमिक इलाज चिकित्सक द्वारा किया गया और उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया। राकेश बाइक पर सवार होकर लोहरदगा की ओर जा रहा थे, इसकी क्रम में विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही हाइवा ने उसे चपेट में ले लिया और चालक हाइवा ट्रक लेकर फरार हो गया।

# कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग का जिला संवाद कार्यक्रम 18 को

**पार्टी को और मजबूत बनाने को लेकर प्रबुद्धजनों से होगी वार्ता : कुमुदिनी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग द्वारा 17 जून 2025 से लगातार तीन दिवसीय जिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन खूंटी, गुमला और सिमडेगा जिले में किया जायेगा। इसकी जानकारी कार्यक्रम की जिला प्रभारी कुमुदिनी प्रभावती ने दी। बताया गया कि यह जिला संवाद कार्यक्रम गुमला में 18 जून को अयोजित होगा। गुमला में आयोजित कार्यक्रम कुमुदीनी प्रभावती की निगरानी में होगा। संवाद कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रभारियों को जिला का भ्रमण करने का निर्देश दिया गया है। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर अल्पसंखयक विभाग की पूरी टीम को अलर्ट किया गया है। कार्यक्रम में 100 प्रबुद्धजनों के साथ अलग से चाय पर चर्चा कर पार्टी के प्रति बहुमूल्य सुझाव लेना है। जिसे एआइसीसी को अवगत कराया जा सके। जिला अंतर्गत मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, पूर्व विधायकों, पूर्व सांसदों, मेनबॉडी के जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष, पदाधिकारियों, अग्रणी संगठन, विभाग के जिला अध्यक्षों को शामिल करने की योजना है। जिला अध्यक्षों के साथ समन्वयक बनाकर कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्देश भी दिया गया है।

## विकास योजनाओं को समय पर पूरा करें : एसडीओ



**सिसई (आजाद सिपाही)।** बीडीओ कक्ष में बुधवार को एसडीओ राजीव नीरज की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक में एसडीओ ने अंचल कार्यालय, खाद्य आपूर्ती, स्वास्थ्य, मनरेगा, जेएसएलपीएस, शिक्षा, पीएचइडी, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीयों और संबंधित कर्मियों से विभागवार संचालित योजनाओं एवं प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने विभिन्न संचालित योजनाओं का निरंतर निरीक्षण करने,जन सरोकार की शिकायतों व समस्याओं को तत्काल दूर करने व सभी विकास योजनाओं को समय पर पुरा करने, पेयजल की समस्या को दूर करने, ससमय राशन वितरण करने, पोषक क्षेत्र के सभी स्कूलों में शत प्रतिशत नामांकन कराने, मौसमी बिमारी से पीड़ितों व अन्य रोगियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, स्वास्थ्य व स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने सहित कई तरह के दिशा-निर्देश दिया। इस मौके पर एसडीओ कार्यालय गुमला के स्टेनो कृष्ण नन्दन प्रसाद, सीओ नितेश रौशन खलखो, प्रधान सहायक राकेश कुमार सुमन, बीपीआरओ सुमराई किण्डो, एजीएम मिकखन टोप्पो,बीपीओ अराधना राय, कृषि पदाधिकारी दिलीप मिश्रा,एई उमा शंकर राम, आवास समन्वयक आयता मिंज, पंस रामजी उरांव, विनोद भगत, मोनिका मिंज,आलोक खेस, बजरंग उरांव,जेई अभिषेक कुमार, श्रवण कुमार सिंह, विष्णु उरांव, किरंजन उरांव, जगरनाथ लोहरा, अरुणा कुमारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

# आरिफ हुसैन अख्तर बने कांग्रेस के मीडिया चेयरमैन और प्रवक्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** पत्रकार आरिफ हुसैन अख्तर को गुमला जिला के लिए कांग्रेस पार्टी का मीडिया चेयरमैन और प्रवक्ता बनाया गया। बता दें कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर मीडिया चेयरमैन और प्रवक्ताओं की नियुक्ति की गयी है। इस नियुक्ति में आरिफ हुसैन को गुमला जिले के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इससे कांग्रेसियों के कुनबे में खुशी है। चुंकि पार्टी के सच्चे सिपाही के रूप में कार्य करने हुए आरिफ ने समाज में अपनी अलग छाप बनायी है। सांसद सुखदेव भगत, जिला अध्यक्ष चैतू उरांव, सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, विधायक भूषण बाड़ा, खूंटी के सांसद प्रतिनिधि बसंत गुप्ता, रोशन बरवा, विकास गुप्ता, अरुण पांडे, राजू उरांव, बैबुल अंसारी, असिस नाथ शाहदेव, मोख्तार आलम, मो शादाब,मो साहेब, राजेश्वर एक्का, संजय उरांव, राजेश टोप्पो, आफताब आलम लाडले,विकास साहू, जिला महासचिव फिरोज आलम, प्रदेश सचिव अकील रहमान, रमेश चीनी, आशिक अंसारी, दीपनारायण, रोहित, जय सिंह, रामनिवास प्रसाद, गुलाम सरवर, खुर्शीद आलम, मो मिन्हाज, एकरामुल हक, आजाद अंसारी, मनीष, मीरा आदि ने बधाई दी। कहा है कि युवा साथी आरिफ को राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा जो जिम्मेवारी दी गई है। उसपर वे खरा उतरेंगे। इसकी पूरी उम्मीद है। वे अनुभवी के साथ साथ कुशल नेतृत्व क्षमता वाले व्यक्ति है। इससे पार्टी को और मजबूती मिलेगी। इधर आरिफ ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताया। कहा कि राहुल गांधी जिस प्रकार लगातार संघर्ष करते हुए जिन नीति व सिद्धांतो को लेकर आगे बढ़ रहे है। उन्हीं नीति सिद्धांतो के साथ वे भी आगे बढ़ते हुए पार्टी को नई ऊंचाइयों की ओर ले जाने का प्रयास करेंगे।

# डीडीसी ने बेलगाड़ा में विकास कार्यों का किया औचक निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** गुमला डीडीसी दिलेश्वर महतो ने बेलागड़ा पंचायत अंतर्गत विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में वर्ष 2023-24 के बिरसा संवर्धन कूप निर्माण का निरीक्षण किया। साथ ही कूप से होने वाले सिंचाई भूमि पर लगे मक्का की खेती को देखकर कृषक को प्रोत्साहित किया। अबुवा आवास के लाभुकों से मिले और लाभुकों को जल्द से जल्द आवास निर्माण कार्य को पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर बेलागड़ा में किये जा रहे उपचार मरीज, दवा संग्रह की जांच कर जानकारी ली। मसरिया डैम के पास हो रहे हैं कैंटीन एवं विश्राम स्थल के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। साथ ही बेलागड़ा गांव स्थित राशन डीलर के दुकान पहुंचे। कहा रजिस्टर पणजी सहित कई जांच किया। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार, बीपीओ बेबी कुमारी आवास कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार, बेलागड़ा, मुखिया रानी उरांव सहित कई लोग उपस्थित थी।

## बाइक चोरी के आरोप में तीन गिरफ्तार

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के तीन आरोपी को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। इस संबंध में थानेदार पुनीत मिंज ने बताया कि नवडीहा भंडरा टोली निवासी दीपनारायण पासवान, अनीश खान उर्फ कोको व करण महली उर्फ चूजा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि कचमची भंडरा निवासी शंकर उरांव नवडीहा भंडार टोली अपनी बहन के घर 8 जून को आया था और घर के बरामदे पर अपना मोटरसाइकिल खड़ा कर घर में सो गया। जहां से उक्त तीनों ने मोटरसाइकिल चोरी कर ली। जिसके बाद शंकर ने थाना में लिखित आवेदन देकर सूचना दिया। जांच के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर तीनों आरोपी को उठाकर पूछताछ किया गया तो तीनों ने अपना अपराध स्वीकार किया। साथ ही दीपनारायण पासवान के निशानदेही पर खटंगा परसा टोली से मोटरसाइकिल भी बरामद कर लिया गया जिसके बाद तीनों को जेल भेज दिया गया है।

## किरण यादव आत्महत्या मामले को लेकर जेएनडी की टीम 12 को करेगी दौरा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल की केंद्रीय सदस्य सह महिला मंडल सहयोग संचालन समिति की जिला प्रभारी पुष्पा उरांव ने घाघरा प्रखंड के टोटाम्बी निवासी 24 वर्षीय किरण यादव की आत्महत्या पर गहरी शोक प्रकट करते हुए कहा है कि आत्महत्या के मामले को लेकर 5 सदस्यीय टीम दौरा कर शोक संपत परिवार से मुलाकात करेंगे। विदित हो कि 11 जून 2025 को अखबार के मुताबिक किरण यादव द्वारा अपनी चाची को अपने 6 माह के बच्चे को देकर आत्महत्या कर ली है। अबोध बच्चे की मां के आत्महत्या से कई तरह के सवाल पैदा हो रहे हैं जिसकी गांव में चर्चा है की फाइनेंस कंपनी द्वारा दबाव के कारण किरण देवी आत्महत्या करने के लिए मजबूर हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा टीम का गठन किया गया है तथा जांच टीम 12 जून 2025 को गांव जाकर मृतका के घर तथा अगल-बगल के लोगों से मामले को लेकर टीम द्वारा तहकीकात किया जाएगा। झारखंड नवनिर्माण दल की टीम के साथ दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह की भी गांव जाने की संभावना है। टीम के सदस्य दिन के 11 बजे गांव पहुंचेंगे।

## लोहड़ा में वृद्ध ने खाया कीटनाशक, मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** डुमरी थाना क्षेत्र के लोहड़ा निवासी 50 वर्षीय श्याम चरण साय ने थाइमेट नामक कीटनाशक का सेवन कर लिया। सदर अस्पताल आने के क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। बुधवार की शाम 6:30 बजे सदर अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टर असीम मिंज ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया श्याम चरण अक्सर शराब का सेवन करता था। किस कारण से उसने कीटनाशक खा लिया उसका पता नहीं चल पाया।

# स्पोर्ट्स



प्रशिक्षण शिविर में मुख्य रूप से पोल मलखंभ, रोप मलखंभ, हैंगिंग मलखंभ एवं पिरामिड का निर्माण खिलाड़ियों के द्वारा किया गया।

# ग्रीष्मकालीन बालक-बालिका मलखंभ प्रशिक्षण शिविर का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट एवं रांची जिला मलखंभ संघ कि ओर से आयोजित 15 दिवसीय रांची जिला मलखंभ ग्रीष्मकालीन बालक बालिका मलखंभ प्रशिक्षण शिविर का समापन बुधवार को बंगीय सांस्कृतिक परिषद् उच्च विद्यालय सेक्टर 2 धुर्वा रांची के प्रांगण में संपन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी आनंद केडिया, उमेश केडिया, स्मिता केडिया, बीएसपी विद्यालय सचिव सजल बनर्जी, रांची जिला मलखंभ संघ के अध्यक्ष अजय झा, रांची जिला मलखंभ संघ के महासचिव आशुतोष द्विवेदी, समाजसेवी डॉ अनिल कुमार, संयुक्त रूप से सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

जबकि मंच का संचालन मलखंभ की वरीय राष्ट्रीय खिलाड़ी दिव्या कुमारी ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रशिक्षण शिविर संयोजक सह प्रशिक्षक विवेक कुमार ने किया। इस अवसर पर श्रीकांत महतो, शुभम सिंह, निखिल कुमार मंगरू उरांव, एवं अन्य खेलप्रेमी उपस्थित थे।

इस प्रशिक्षण शिविर में मुख्य रूप से पोल मलखंभ, रोप मलखंभ, हैंगिंग मलखंभ एवं पिरामिड का निर्माण खिलाड़ियों के द्वारा किया गया।

इस प्रशिक्षण शिविर में मुख्य प्रशिक्षक अजय झा सहायक प्रशिक्षक विवेक कुमार, दिव्या कुमारी ने नये-नये कौशल खिलाड़ियों को सिखाया। यह जानकारी रांची जिला संघ के महासचिव आशुतोष द्विवेदी ने दी।

## चिली लगातार तीसरे फीफा वर्ल्ड कप से बाहर, कोच रिकार्डो गरेका ने दिया इस्तीफा

एजेंसी

**साओ पाउलो।** चिली की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम को एक और बड़ा झटका लगा है। टीम फीफा विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफाई करने में नाकाम रही है और लगातार तीसरे वर्ल्ड कप से बाहर हो गई है। मंगलवार को एल एल्टो (बोलीविया) में खेले गए मुकाबले में चिली को बोलीविया के हाथों 0-2 से हार झेलनी पड़ी, जिससे वह दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग राउंड-रॉबिन प्रतियोगिता में सबसे आखिरी स्थान पर ही बनी रही। इस निराशाजनक प्रदर्शन के बाद टीम के मुख्य कोच रिकार्डो गरेका ने इस्तीफे की घोषणा कर दी। अर्जेंटीना के 67 वर्षीय इस कोच ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मैं खिलाड़ियों और अधिकारियों को उनके समर्थन के लिए सार्वजनिक रूप से धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं अब टीम को छोड़ रहा हूं। चिली की 'गोल्डन जनरेशन' जिसने 2015 और 2016 में दो कोपा अमेरिका खिताब जीते थे, अब इतिहास बन चुकी है। टीम के दिग्गज स्ट्राइकर एलेक्सिस सांचेज ने हार के बाद कहा, बहुत दुख हो रहा है, मैंने ऐसा पहले कभी महसूस नहीं किया। हमें लोगों से माफी मांगनी चाहिए। बदलाव की शुरूआत हो चुकी है, गोल्डन जनरेशन अब दफन हो चुकी है, मैं अकेला बचा हूं।

# डालसा ने 11 दिव्यांगजनों को दिलाया सरकारी योजना का लाभ



- दिव्यांगों को चिन्हित कर उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ा जायेगा : न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी
- डालसा करायेगी दिव्यांगों का समुचित इलाज एवं समय-समय पर काउंसलिंग : न्यायााधीश मयंक तुषार टोपनो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** नालसा एवं झालसा के निर्देश पर दिव्यांगों के लिए लांच किए गए साथी परियोजना के तहत 11 दिव्यांगों को साथी इकाई की टीम की ओर से चिन्हित कर बुधवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार तिवारी ने उन्हें दिव्यांगता प्रमाण पत्र, दिव्यांगता पेंशन से संबंधित कागजात सौंपे। इस अवसर पर न्यायधीश ने बताया कि नालसा एवं झालसा के निर्देश पर पूरे जिले में उक्त योजना को एक सप्ताह पहले ही लांच किया गया था। जिसके तहत दिव्यांगों को चिन्हित कर उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। इसके तहत झरिया क्षेत्र से चयनित 11 दिव्यांगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया गया। वहीं पूरे योजना की जानकारी देते हुए न्यायाधीश सह डालसा सचिव मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि धनबाद जिले के सभी प्रखंडों में साथी इकाई के तहत डालसा की टीम ऐसे दिव्यांग बच्चों को चिन्हित कर रही है जिनका अभी तक आधार कार्ड नहीं बना है। ना ही उन्हें किसी तरह की सरकारी योजनाओं से जोड़ा गया है। प्रोजेक्ट लांच होने के एक सप्ताह के अंदर अधिकार मित्र डिपेंटी कुमारी गुप्ता एवं हेमराज चौहान ने झरिया क्षेत्र के कुल 11 दिव्यांगों को चिन्हित किया, जिन्हें दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाया गया एवं दिव्यांग पेंशन जैसे सरकारी योजनाओं से जोड़ा गया है। साथ ही दिव्यांगों की सुविधा के लिए पात्रता के अनुसार सामग्री का वितरण किया गया। बताया कि दिव्यांगों का समुचित इलाज एवं समय-समय पर काउंसलिंग की व्यवस्था धनबाद डालसा की ओर से सुनिश्चित की जाएगी।

# सामाजिक न्याय के पुरोधा थे शहीद रसिक हांसदा : मथुरा प्रसाद महतो



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विस्थापित आंदोलनकारी शहीद रसिक हांसदा की 46वीं पुण्यतिथि गोधर कुमीर्डीह बस्ती स्थित स्मारक स्थल में बुधवार को मनायी गयी। इस दौरान मासस एवं झामुमो के दर्जनों कार्यकर्ता गाजे बाजे के साथ उपस्थित हुए। शहीद रसिक हांसदा की प्रतिमा पर सबसे पहले उनके पुत्र महादेव हांसदा ने माल्यार्पण किया। इसके बाद अन्य लोगों ने बारी-बारी से श्रद्धांजलि दी। वहीं, कार्यक्रम में शामिल हुए झामुमो के मुख्य सचेतक सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि शहीद रसिक हांसदा सामाजिक न्याय के पुरोधा थे। कोयलांचल में विस्थापितों के हित,सूदखोरी, महाजनी और कोयला माफियाओं के विरुद्ध संघर्षरत रहे। वे हमेशा जल, जमीन, जंगल बचाव के प्रति संघर्षशील रहे। कहा कि 1979 के दशक में रसिक हांसदा विस्थापितों को लेकर आंदोलनरत थे, जिससे विरोधी घबराकर सुनियोजित योजना के तहत कंपनी के गुर्गे, बिहार पुलिस और सीआईएसएफ के लोगों ने उनकी हत्या करा दी। लेकिन उनकी शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। वर्तमान समय मे भी उनकी आवाज लोगों के बीच संघर्ष के रूप में गूंज रही है। विस्थापित, जल, जमीन जंगल की लड़ाई हमेशा जारी रहेगी। मौके पर महादेव हांसदा, हरी प्रसाद पप्पू, चंद्रदेव यादव, अजय रवानी, देवीलाल महतो, रतिलाल टुडू, सपन बनर्जी, भूषण महतो और पिंटू रवानी आदि मौजूद थे।

# वाहनों से अवैध वसूली होगी बंद: वैभव सिन्हा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** झारखंड ई-रिक्शा टोटो संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को धनबाद रेल मंडल के वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक मो इकबाल से उनके कार्यालय में जाकर मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन धनबाद रेलवे स्टेशन के दक्षिण द्वार (झरिया पुल से पुराना बाजार दुर्गा मंडप तक) तक की सड़क पर अनियमित पार्किंग व्यवस्था, अवैध वसूली और आधारभूत सुविधाओं की कमी को लेकर था। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संघ के संरक्षक बैभव सिन्हा ने किया। उनके साथ अनिल यादव (प्रदेश अध्यक्ष), मुन्ना कुशवाहा (संस्थापक), शैलेश कुमार, राजेश सिंह, राजेश राम एवं मासूम खान भी शामिल थे। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के बीच बैठक सौहार्दपूर्ण रही। सभी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने प्रतिनिधिमंडल को पार्किंग क्षेत्र से संबंधित विस्तृत योजना की जानकारी भी साझा की। लगे हाथ मौके पर ही संबंधित रेलवे अधिकारियों को निर्देश दिया कि पार्किंग व्यवस्था में तत्काल सुधार किया जाए। ई-रिक्शा के लिए ई-चार्जिंग स्टेशन की तत्काल स्थापना, पार्किंग शुल्क की वर्तमान दरों पर पुनर्विचार और पिकअप और ड्रॉप के लिए आने वाले वाहनों या अधिकतम 5 मिनट तक रुकने वाले वाहनों से कोई पार्किंग शुल्क ना वसूला जाए। यह स्पष्ट रूप से नियमों के तहत सुनिश्चित किया गया। वहींस संगठन की ओर से की गयी मांगों में स्पष्ट मार्किंग एवं सीमांकन–पार्किंग क्षेत्र को व्यवस्थित करने, चालकों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए पार्किंग स्थल की मरम्मत, जबरन वसूली पर रोक, पार्किंग शुल्क में कटौती, ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन की व्यवस्था, आदि शामिल थे। वहीं, संगठन के संरक्षक वैभव सिन्हा ने बैठक को सकारात्मक बताया। कहा कि यदि रेलवे प्रशासन द्वारा इन निर्देशों का पालन सख्ती से किया जाता है, तो क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुधरेगी और ई-रिक्शा व अन्य सार्वजनिक परिवहन चालकों को काफी राहत मिलेगी।

## छत्तीसगढ़ में मारे गये तोपचांची के दो मजदूरों के आश्रितों को मिला 50-50 हजार का आर्थिक सहयोग

# काम के लिए दूसरे राज्यों में जाने वाले धनबाद के मजदूर अपना रजिस्ट्रेशन जरूर करायें: उपायुक्त

- कहा- रजिस्ट्रेशन होने पर हादसे का शिकार होने वालों के आश्रितों को मिल सकेगा सरकारी योजना का लाभ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** डीसी आदित्य रंजन ने छत्तीसगढ़ में ट्रेन की चपेट में आने वाले तोपचांची थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर पंचायत के ब्रहमडिहा निवासी कृष्णा राय एवं डिलू राय की मां राधिका देवी और पुनकी देवी को बुधवार को 50-50 हजार रुपए का चेक प्रदान किया। साथ ही मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन की ओर से सरकारी योजनाओं का लाभ मुहैया कराने का आश्वासन दिया। डीसी ने जिले के वैसे सभी मजदूर जो दूसरे राज्यों में जाकर काम करते हैं, उन्हें **श्रमाधान.झारखंड.जीओवी,इन** पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्रेशन हो जाने से किसी भी दुर्घटना या अन्य विपरीत परिस्थितियों में उन्हें योजना के तहत अधिक से अधिक लाभ दिया जा सकता है। साथ ही कहा कि स्थानीय इकाइयों में जहां 10 से अधिक कर्मी है, उन्हें प्रोविडेंट फंड, ईएसआई सहित अन्य लाभ दिलाने के लिए प्रशासन की ओर से मुहिम चलाई जाएगी। डीसी ने सभी ठेकेदार एवं इकाइयों से अपील करते हुए कहा कि उनका कार्य मजदूरों से चलता है। इसलिए वे अपनी तरफ से भी उन्हें अधिकतम लाभ प्रदान करें। जिला प्रशासन भी मजदूरों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करेगा। वहीं, राधिका देवी एवं पुनकी देवी ने डीसी को बताया कि 10 मई को उनके गांव से 12 मजदूर उत्तर प्रदेश के बनारस में रहने वाले ठेकेदार हर्षित सिंह के माध्यम से छत्तीसगढ़ के डायनासौर कंपनी में काम करने गए थे। मजदूरों के साथ 600 रुपये दैनिक मजदूरी तय हुई थी। पर भुगतान 400 रुपये के हिसाब से ही की गई। इसका विरोध करने पर कंपनी के सुपरवाइजर ने स्थानीय लोगों को बुलाकर उनके साथ मारपीट की और खदेड़ने लगे। भागने के क्रम में कृष्णा राय एवं डिलू राय रेलवे लाइन पर दौड़ने लगे। तभी दोनों ट्रेन की चपेट में आ गए। जबकि दो अन्य मजदूर अजय राय एवं विकास हेमब्रम गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी ओर, सहायक श्रमायुक्त प्रवीण कुमार ने कहा कि डीसी के निर्देश पर अंतर राज्य प्रवासी मजदूरों के सर्वेक्षण एवं पुनर्वास योजना के तहत मृत्यु के बाद मृतकों के आश्रितों को शव लाने के लिए तत्काल उपरोक्त राशि दी गई है। सारी औपचारिकताएं पूरी कर एक-एक लाख रुपये की और राशि प्रदान की जाएगी। घायलों को भी उपचार के लिए राशि दी जाएगी।


**झारखण्ड सरकार,**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।**

74वीं औपबंधिक सूची
जिला–राँची (पार्ट–1)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो एवं श्री नरसिंह मुर्मू द्वारा स्वतः संज्ञान के आधार पर की गई अनुशंसा के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–218/25<br>2. आवेदक–विनोद कुमार पाण्डेय, पिता–रामलाल पाण्डेय<br>3. ग्राम–हरमू हाउसिंग कॉलोनी , पोस्ट–डोरण्डा, थाना–डोरण्डा, प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–219/25<br>2. आवेदक–सुप्रियो भट्टाचार्य पिता–स्व0 एम0 सी0 भट्टाचार्य<br>3. ग्राम–के0पी0 दत्ता कम्पाउण्ड , सर्कुलर रोड, लालपुर , पोस्ट–जी0पी0ओ0 , थाना–लालपुर, प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी प्रतिभा पाण्डेय एवं रमेश कुमार साहु द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान व आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–220/25<br>2. आवेदक–अरूण कुमार मिश्रा , पिता–स्व0 त्रिगुणा मिश्रा<br>3. ग्राम–अशोक नगर, रोड नं0 01 , पोस्ट–अशोक नगर , थाना–अरगोड़ा , प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–दोनों भौह पर कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–221/25<br>2. आवेदक–रविन कुमार मिश्रा , पिता–स्व0 त्रिगुना मिश्रा<br>3. ग्राम–पंडरा रोड न0–3 , पोस्ट–हेहल , थाना–सुखदेव नगर , प्रखण्ड–रातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–943/25<br>2. आवेदक–गजाधर राय , पिता–स्व0 सोदागर राय<br>3. ग्राम–तारडीहा , पोस्ट–तारडीहा , थाना–पत्थरगामा , प्रखण्ड–पत्थरगामा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–213/25<br>2. आवेदक–विपुला महतो , पति–बिजय महतो<br>3. ग्राम–तामारी , पोस्ट–तामारी , थाना–ईचागढ़, प्रखण्ड–ईचागढ़<br>4. लिंग–महिला, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–222/25<br>2. आवेदक–विदया जसिता खलखो , पति–धर्म राज खलखो<br>3. ग्राम–लीची बगान सेक्टर –2 , पोस्ट–धुर्वा , थाना–धुर्वा , प्रखण्ड–धुर्वा<br>4. लिंग–महिला, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना माथा में चोट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–472/25<br>2. आवेदक–नूरजहाँ खान , पति–साजीद खान<br>3. ग्राम–फलैट न0–208 मीम ब्लॉक चेपापुल , पोस्ट–मानगो , थाना–मानगो , प्रखण्ड–मानगो<br>4. लिंग–महिला, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरा में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–223/25<br>2. आवेदक–दीपक कुमार , पिता–स्व0 काशी प्रसाद साहु<br>3. ग्राम–देवी नगर हेसाग , पोस्ट–हटिया , थाना–जगरन्नथपुर , प्रखण्ड–नामकोम<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना नाक के ओर मासा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–224/25<br>2. आवेदक–शांति देवी , पति–मुन्ना उराँव<br>3. ग्राम–धुर्वा न्यू कॉलोनी , पोस्ट–धुर्वा , थाना–धुर्वा , प्रखण्ड–धुर्वा<br>4. लिंग–महिला, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–225/25<br>2. आवेदक–सतीश कुमार , पिता–स्व0 दुर्गा प्रसाद<br>3. ग्राम–उमेडण्डा , पोस्ट–उमेडण्डा , थाना–बुढमू , प्रखण्ड–बुढमू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना भौ में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी सुबोध कुमार लकड़ा द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–226/25<br>2. आवेदक–संगीता देवी , पति–महेश महतो<br>3. ग्राम–सांगा, पोस्ट–मालश्रृंग, थाना–पिठौरिया , प्रखण्ड–कांके<br>4. लिंग–महिला, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ के ठेपा अंगुठा में जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–227/25<br>2. आवेदक–डॉ रीझु नायक, पिता–शनिचरवा नायक<br>3. ग्राम–साल्हन, पोस्ट–अनगड़ा, थाना–अनगड़ा , प्रखण्ड–अनगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें भौं के उपर तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–228/25<br>2. आवेदक–गुप्तेश्वर प्रसाद अग्रवाल, पिता–राम नन्दन प्रसाद अग्रवाल<br>3. ग्राम–विद्यानगर हरमू, पोस्ट–हरमू, थाना–सुखदेवनगर, प्रखण्ड–राँची<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर के ऐडी में कटा निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–229/25<br>2. आवेदक–गुलाब चन्द मुण्डारी , पिता–स्व0 स्तानिस्लास मुण्डारी<br>3. ग्राम–प्रेम नगर, हेसाग, हटिया, पोस्ट–हटिया, थाना–जगरनाथपुर , प्रखण्ड–नामकोम (खिजरी)<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कनीष्ठ अंगुली मुड़ा हुआ। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–230/25<br>2. आवेदक–ज्योतिष कुमार राम , पिता–मंगरू राम<br>3. ग्राम–हटिया स्टेशन रोड, बिरसा चौक, पोस्ट–हटिया, थाना–जगरनाथपुर , प्रखण्ड–अरगोड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें तरफ तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–231/25<br>2. आवेदक–कुसुम तिग्गा , पति–सुशील लकड़ा<br>3. ग्राम–बेरमाद सरई टोला, पोस्ट–हटिया, थाना–जगरनाथपुर , प्रखण्ड–नामकोम (खिजरी)<br>4. लिंग–महिला , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर के एड़ी पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–713/25<br>2. आवेदक–नारायण सिंह पिता–स्व0 कलेवर सिंह<br>3. ग्राम–सारूबेड़ा, मण्डारटोली पोस्ट–ओबिरा सुन्दरपुर, थाना–पालकोट , प्रखण्ड–पालकोट<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आँख के पास कटा का दाग।। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी रामेश्वर महतो एवं बानेश्वर महतो द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–232/25<br>2. आवेदक–गाजू महतो, पिता–अघनू महतो<br>3. ग्राम–चापावार पतराटोली , पोस्ट–चापावार पतराटोली, थाना–राँची , प्रखण्ड–राँची<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–233/25<br>2. आवेदक–प्रताप कुमार भगत ,पिता– अनिल कुमार भगत<br>3. ग्राम–सिल्ली , पोस्ट–सिल्ली , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गाल में काला का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–234/25<br>2. आवेदक–जगलाल महतो, पिता–मेघनाथ महतो<br>3. ग्राम–चतरा , पोस्ट–चतरा, थाना–टीटीसिलवे , प्रखण्ड–अनगडा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–235/25<br>2. आवेदक–गंगा देवी, पति–गाजू महतो<br>3. ग्राम–टाटीसिलवे , पोस्ट–टाटीसिलवे थाना–टाटीसिलवे , प्रखण्ड–टाटीसिलवे<br>4. लिंग–महिला, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–सिर पर कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–236/25<br>2. आवेदक–रंजीत घोष ,पिता–शशि घोष<br>3. ग्राम–पतराहातु , पोस्ट–पतराहातु , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बंशी प्रसाद एंव पुष्कर महतो एंव अर्जुन राम एंव अर्पणा देवी द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–237/25<br>2. आवेदक–मिन्सेट तिर्की, पिता–स्व0 माइकेल तिर्की<br>3. ग्राम–करकटा राजा उलातु , पोस्ट–नामकुम , थाना–नामकुम, प्रखण्ड–नामकुम<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आख के सामने मासा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–238/25<br>2. आवेदक–पानो देवी , पति–स्व0 पानकिस्टो मांझी<br>3. ग्राम–लोसेरा , पोस्ट–छोटापुरी , थाना–सिल्ली., प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग–महिला , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–239/25<br>2. आवेदक–जोर्ज तोपनो , पिता–मार्सल तोपनो<br>3. ग्राम–नया हुलहुन्डू , पोस्ट–हुलहुन्डू , थाना–हटिया , प्रखण्ड–नामकुम<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ पैर में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी मो0 मकसुद एवं काली चरण महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–240/25<br>2. आवेदक–केषवती देवी, पति–खेदना महतो<br>3. ग्राम–कोठाडीह, पोस्ट–परासी, थाना–तमाड़, प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–महिला, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–241/25<br>2. आवेदक–सती देवी, पति–बनवारी महतो<br>3. ग्राम–कोठाडीह, पोस्ट–परासी, थाना– तमाड़, प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–महिला, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–242/25<br>2. आवेदक–सत्य देवी, पति–राम महतो<br>3. ग्राम–चिपीबाँधडीह , पोस्ट–कुन्दला , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–महिला, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–243/25<br>2. आवेदक–शिवशंकर सिंह मुण्डा , पिता–मुन्शी बाबू<br>3. ग्राम–बांधडीह , पोस्ट–सोनाहातु, थाना–सोनाहातु, प्रखण्ड–सोनाहातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी राजु महतो एवं मो0 इम्तियाज द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–244/25<br>2. आवेदक–परवेज कुरैशी , पिता–स्व0 फारूख कुरैशी<br>3. ग्राम–कांटा टोली, कुरैशी मोहल्ला , पोस्ट–जी0पी0ओ0 , थाना–लोअर बाजार, प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के कलाई पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी पुष्कर महतो द्वारा माननीय सदस्य नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–245/25<br>2. आवेदक–प्रसाद महतो , पिता–खैंटा महतो<br>3. ग्राम–तिरिल , पोस्ट–बरियातु , थाना–सदर , प्रखण्ड–कांके<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां हाथ के तरजनी अंगुली में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–246/25<br>2. आवेदक–शिवशंकर महतो , पिता–मगतू महतो<br>3. ग्राम–प्रयागो , पोस्ट–टांगरबसली , थाना–मांडर , प्रखण्ड– मांडर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिने आँख के निचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 34 | 1. आवेदन क्र0–186/25<br>2. आवेदक–कमला देवी , पति–स्व0 सुरेश सिंह<br>3. ग्राम–बासकी , पोस्ट–तोरपा , थाना– तोरपा , प्रखण्ड–तोरपा<br>4. लिंग–महिला , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह– पेट में जल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–187/25<br>2. आवेदक–उर्मिला देवी , पति–राम लखन सिंह<br>3. ग्राम–मुरूचकेल, पोस्ट–जरियागढ़ , थाना– जरियागढ़ , प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–महिला , आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–188/25<br>2. आवेदक–चिंता देवी , पति–राम लखन सिंह<br>3. ग्राम–धोबी सोसो , पोस्ट–इचा , थाना–तोरपा , प्रखण्ड–तोरपा<br>4. लिंग–महिला , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–247/25<br>2. आवेदक–शनिचरवा लकड़ा , पिता–स्व0 बन्धना लकड़ा<br>3. ग्राम–सदा बहार चौक खिजरी , पोस्ट–खिजरी , थाना–नामकुम , प्रखण्ड–नामकुम<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–77 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में फलेरिया का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–248/25<br>2. आवेदक–सुरेन्द्र सिंह, पिता–स्व0 विधा सिंह<br>3. ग्राम–गाड़ीखाना , पोस्ट–कोतवाली , थाना–कोतवाली , प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आँख के पास कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी महावीर विश्वकर्मा द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–249/25<br>2. आवेदक–जयगोविन्दनाथ मुण्डा , पिता–स्व0 कंचननाथ मुण्डा<br>3. ग्राम–काठीटाँड रातु , पोस्ट–रातु, थाना–रातु , प्रखण्ड–रातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–ढुडी में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–250/25<br>2. आवेदक–शामू टोप्पो , पिता–तोला टोप्पो<br>3. ग्राम–तिलता , पोस्ट–कमडे , थाना–रातु , प्रखण्ड–रातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 41 | 1. आवेदन क्र0–251/25<br>2. आवेदक–मांती उराईन , पति–स्व0 सुका उराँव<br>3. ग्राम–हिसरी , पोस्ट–गुडू , थाना–रातु , प्रखण्ड–रातु<br>4. लिंग–महिला , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ हाथ में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र0–252/25<br>2. आवेदक–सनिचरवा मुण्डा , पिता–सोहराई मुण्डा<br>3. ग्राम–तिगरा टिकरा टोली , पोस्ट– गुडू , थाना–रातु , प्रखण्ड–रातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0–253/25<br>2. आवेदक–मथुरा उराँव , पिता–स्व0 दामु उराँव<br>3. ग्राम–हिसरी , पोस्ट– गुडू , थाना–रातु , प्रखण्ड–रातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ आँख के नीचे तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0–254/25<br>2. आवेदक–बुद्धदेव उराँव , पिता–स्व0 बिरसा उराँव<br>3. ग्राम–हिसरी चौली , पोस्ट– गुडू , थाना–रातु , प्रखण्ड–रातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ पैर में जाँघ मुरा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0–255/25<br>2. आवेदक–बंधन मुण्डा , पिता–चुमनु मुण्डा<br>3. ग्राम–तिगरा , पोस्ट– गुडू , थाना–रातु , प्रखण्ड–रातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0–256/25<br>2. आवेदक–बुधेश्वर मुण्डा , पिता–रन्थु मुण्डा<br>3. ग्राम–भीठा टोली सिमलिया , पोस्ट–सिमलिया , थाना–रातु , प्रखण्ड–रातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र0–257/25<br>2. आवेदक–विशनाथ उराँव , पिता–स्व0 विरवा उराँव<br>3. ग्राम–बाजपुर , पोस्ट– गुडू , थाना–रातु , प्रखण्ड–रातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–कनिष्ठ अंगुली टेढ़ा। | कंडिका–2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र0–258/25<br>2. आवेदक–बिरूवा उराँव , पिता–फगुवा उराँव<br>3. ग्राम–कोटा सरना टोली , पोस्ट– गुडू , थाना–नगड़ी , प्रखण्ड–नगड़ी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 49. | 1. आवेदन क्र0–259/25<br>2. आवेदक–दशरथ मुण्डा , पिता–झिरूवा मुण्डा<br>3. ग्राम–मरियातु , पोस्ट–बिजुलिया , थाना–रातु , प्रखण्ड–रातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र0–260/25<br>2. आवेदक–बुदू उराँव , पिता–स्व0 तुनवा उराँव<br>3. ग्राम–कोटा सरना टोली , पोस्ट– गुडू , थाना–रातु , प्रखण्ड–रातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र0–261/25<br>2. आवेदक–करमा उराँव , पिता–स्व0 गन्दौरी उराँव<br>3. ग्राम–तिगरा गरिया टोली , पोस्ट– गुडू , थाना–रातु , प्रखण्ड–रातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में सीखा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र0–262/25<br>2. आवेदक–सुखनन्दन महतो , पिता–रामधनी महतो<br>3. ग्राम–सिमलिया , पोस्ट–सिमलिया , थाना–रातु , प्रखण्ड–रातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–सर में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0–263/25<br>2. आवेदक–सुखदेव उराँव , पिता–रघु उराँव<br>3. ग्राम–गुडू, पोस्ट– गुडू , थाना–रातु , प्रखण्ड–रातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ कनी अंगुली कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0–264/25<br>2. आवेदक–बुधवा उराँव , पिता–जगूवा उराँव<br>3. ग्राम–तिलता ,पोस्ट– गुडू , थाना–रातु , प्रखण्ड–रातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 55. | 1. आवेदन क्र0–265/25<br>2. आवेदक–सुखदेव उराँव , पिता–स्व0 गोयन्दा उराँव<br>3. ग्राम–रातुकुम्बाटोली पोस्ट–रातु , थाना–रातु , प्रखण्ड–रातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

| (भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष |
|---|---|---|

PR 354691 (Home) 25-26 (D)

KHAN ACADEMY
CLASSES FOR SCIENCE & COMMERCE
Admissions Going On
9th | 10th
CBSE | ICSE | JAC
11th | 12th
CBSE | ICSE | JAC
7529917589, 8294330776
2ND FLOOR AVINASH COMPLEX, EAST JAIL ROAD
OPP - DR. AMIT MUKHERJEE HOSPITAL, RANCHI

MAHAVIR DENTAL CLINIC
Dr. Anil Kumar
B.Sc, B.D.S
M.I D.A (New Delhi)
Fee Valid For 15 Days
Time : 10AM to 02:00PM
& 04:00PM To 07:00PM
6206969366, 9934943989

WELCOME TO KIDS SECOND HOME (ESTD :- FEB-2014)
LITTLE STAR KIDS PLAY SCHOOL
Your's Favorite Preschool
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG, CLASS 1,2
ADMISSION OPEN 8252797609
Chuna Bhatha Road, Near Dislreey Pull,
H.B. Road, Kokar, Ranchi (Jharkhand)

## पूर्व मध्य रेल

### ई-ऑक्शन सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व मध्य धनबाद, एसएलआर का अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट www.IREPS.gov.in के माध्यम से IREPS पोर्टल पर ओपन ई-नीलामी के लिए आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार है:

i. क. सं. : (1), ii. ई-नीलामी सूची : पार्सल, iii. ई-नीलामी सूची सं. : लीज-32-25, iv. ई.नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण : 24.06.2025, 15.00 बजे से, v. कार्य का विवरण:

| |
|---|
| पट्टे पर ट्रेन सं. 13329 धनबाद से पटना तक 3.9 टन का एफएसएलआर-I कम्पार्टमेंट। |
| पट्टे पर ट्रेन सं. 12340 धनबाद से हावड़ा तक 3.9 टन का एफएसएलआर-I कम्पार्टमेंट। |
| पट्टे पर ट्रेन सं. 13351 धनबाद से अल्लेप्पी तक 3.9 टन का एफएसएलआर-I कम्पार्टमेंट। |
| पट्टे पर ट्रेन सं. 13331 धनबाद से पटना तक 04 टन एफएसएलआर-I कम्पार्टमेंट। |
| पट्टे पर ट्रेन सं. 11046 धनबाद से कोल्हापुर तक 4 टन का एफएसएलआर-I कम्पार्टमेंट (साप्ताहिक ट्रेन सोमवार को)। |
| पट्टे पर ट्रेन सं. 13351 धनबाद से अल्लेप्पी तक 3.9 टन का आरएसएलआर-I कम्पार्टमेंट (सप्ताह में पांच दिन, सोमवार, मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार एवं शनिवार)। |
| ट्रेन सं. 13307 धनबाद से फिरोजपुर तक 3.9 टन का आरएसएलआर-I कम्पार्टमेंट। |
| पट्टे पर ट्रेन सं. 13347 बरकाकाना से पटना तक 04 टन एफएसएलआर-I कम्पार्टमेंट। |

i. क. सं. : (1), ii. ई-नीलामी सूची : पार्सल, iii. ई-नीलामी सूची सं. : लीज-33-25, iv. ई.नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण : 25.06.2025, 15.00 बजे से, v. कार्य का विवरण : पट्टे पर ट्रेन सं. 22388 धनबाद से हावड़ा तक 3.9 टन एफएसएलआर-I कम्पार्टमेंट।

सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें और उपर्युक्त ई. नीलामी में कॉलम संख्या iv में दिए गए कार्यक्रम के अनुसार भाग लें।

रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/
पूमरे/धनबाद

पीआर/0386/डीएचएन/वा./एन/25-26/64

EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
PRE-SCHOOL
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG & CLASS 1 TO 5
AGE FROM-1.8 TO 11 YEARS
Heureka, Euphonics, Mathlab
Scientific-Spark, Eurofit
Yogakids, Euro-Music, Mindful+
OUR WEEKENDS PROGRAMS ABACUS, DANCE DRAWING, MUSIC (OPEN FOR ALL)
ENROL NOW! 2025-26
Rims Road, Tunki Tola, Kokar Ranchi // Mob:-7903079507 / 8092334348

Mob.: 9523367777
9931699449
SRI SAI ENTERPRISES
Khelgaon Chowk, Dipatoli, Ranchi - 834009
SAMSUNG LG Panasonic PHILIPS Whirlpool vivo oppo mi realme

ADMISSION OPEN
50 % OFF
TILL JUNE 2025
L.P. PUBLIC SCHOOL
50+ Years of Trusted Early Education in KOKAR
Opposite Paridhan, Near Jeep Showroom
KOKAR

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | Nursery | KG - I | KG - II
Tiril Road, Kokar, Ranchi | 9661169815

MEENA GENERAL HOSPITAL
(A Unit of Meena Hospital Pvt.Ltd.)
SPECIALTIES
Anesthesiology.
Critical Care.
Dental.
Internal Medicine.
Lab & Radiology.
Obstetrics & Gynecology
Ophthalmology
Pediatrics & Neonatology.
Urology.
General Surgery.
Orthopedics & Trauma.
Physiotherapy.
Ambulance Facilities
Ghujadih, G.T.Road, Near Kulgo Toll Plaza,
P.S.- Dumri, Giridih, (Jh.) 8969984705

Saddam 7645010000
H.Q. MOTORS
Sale Purchase & Exchange of used Bike & Scooty
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुरानी मोटरसाईकिल एवं स्कूटी की खरीद और बिक्री होती है।
रिपेयरिंग और सर्विसिंग होती है।
फाइनेंस उपलब्ध है
Old Hazaribag Road, Near, Mangal Tower, Kanta Toli Ranchi

JAISWAL CCTV
अपने शहर राँची में
एक कॉल पर घर या ऑफिस में
टेक्निशियन बुलाएं
ऑफिस घर या दुकान में CCTV कैमरा लगवाएं
INTERCOM
BIOMETCRICS
CCTV
9431584423
Raj Complex, Radium Road, Kutchery Road, Ranchi

JOB चाहिए ? COMPUTER सीखिए !
The LINGO
Institute of English Language & Computer Education
OUR COURSES
धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलना सिखें
वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक पद्धति द्वारा
ADCA
DCA
DTP
C++
Typing
Tally With GST
Advance Excel
सब पढ़ाते हैं हम सिखाते हैं।
Daily Practical LAB
Spoken English Basic & Advanced
9304108669
1st Floor, Anivash Complex, Opp. Dr. Amit Mukherjee
Near Plaza Chowk, Ranchi - 834001 (Jharkhand)

Mehta's Hotel
MUTTON CHAWAL
CHICKEN TANDOORI
CHICKEN CHAWAL
PARATHA
BIRYANI
FISH CHAWAL
VEG THALI
TAWA ROTI
DRINK & BEVERAGES
Shop No. 22 Ground Floor, Laxmi Tower,
Kokar, Near Shiv Mandir, Ranchi
9771477499

Reg. no. JH-20-0100987
BUBU PLAY SCHOOL
ADMISSION OPEN
SESSION 2025-26
AGE GROUP
Play Group - 2 to 3 years
Nursery - 3 to 4 years
L.K.G - 4 to 5 years
U.K.G - 5 to 6 years
ADDRESS
NAGRI - BUKRU
(NEAR JATRA MAIDAN)
KANKE, RANCHI (JH.)
834006
REGISTER NOW
CONTACT NO.
+91-9334814668
+91-9798295759
WEBSITE :bpsranchi.com
EMAIL ID : bubuplayschool2025@gmail.com

Dr. Anup's
HLCCS
रांची में
स्किन एवं लेजर सेन्टर
चर्म रोग चिकित्सा केन्द्र
सभी प्रकार के चर्म रोग एवं गुप्त रोग
एवं कॉस्मेटिक सर्जरी के लिए सम्पर्क करें।
Mob. 09334334935, 09431529553
हरमू बाई पास रोड, पुराना विहार Opp. माही रेस्टोरेंट, अरगोड़ा, रांची-834002

TEXMO
Borewell Submersibles
Single Phase/Three Phase
Domestic/Agriculture/Industrial Pumps
AQUATEX
Agricultural Monoblocks
Open-well Submersibles Pumps
Pressure Boosting Systems
Since : 1956
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by
AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

प्रकाशित
Verma's Today
CHAPTER WISE
CLASS - XI
2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
All Subjects Combined in ONE BOOK
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, H. B. STREET, THARPAKHNA RANCHI (JHARKHAND) - 834 001

EXPERIENCE
Happy Riding
मात्र ₹ 38,000/-
On Road
बैटरी स्कूटी
कम लागत
कम रखरखाव
लाइसेंस मुक्त
एक साल की वारंटी
60 किलोमीटर रेंज
CONTACT FOR DEALERSHIP
J.K SALES
Pillar No. 83, In Between O.T.C. Ground & Piska More
Ratu Road, Beside M-Bazar, Lakdi Tall, Ranchi
M.- 9386070011

आसान नहीं फौजी कहलाना दोस्त, जज़्बात
पिघलाकर रगों में लोहा भरना पड़ता है,
YODDHA DEFENCE ACADEMY
NDA Target.
NDA Foundation (11th & 12th)
NDA Pre Foundation (8th & 10th)
CDS/MNS/AF
CPMF
Director & Mentor
Brig. B.G. Pathak
Nurturing our youth
Shaping new soldiers
9153595906
3rd Floor Avinash Complex,
East Jail Road, Lalpur, Ranchi

A Jewel for every Tradition
Glossy Jewels
Let's Shine Everyday
अब आपके शहर रांची में
स्टर्लिंग सील्वर ज्वेलरी और प्रीमियम आर्टिफिशियल
ज्वेलरी का विशेष संग्रह अब एक छत के नीचे।
Special offer :
Flat 20% off on Sterling Silver Jewellery
Flat 50% off on Artificial Jewellery
Glossy Jewels.com
Near Satyabhama Tower, Hazaribagh Road, Lalpur, Ranchi-834001
Team of Glossy Jewels
@glossyjewels Contact@glossyjewels
7667873439

PROPERTIES DEALER
जमीन, फ्लैट, मकान
खरीदने व बेचने एवं अपनी जमीन में
बिल्डर द्वारा फ्लैट बनवाने के लिए
सम्पर्क करें
मो. 8102553784
9308973643
WATER WORLD
बोरिंग के लिए संपर्क करें।
Lower P.P. Compound Near Gurunanak, School, Ranchi

।। श्री गणेशाय नमः ।।
।। जय माँ वाली मईया ।।
पं० शम्भुनाथ उपाध्याय
दिन सोमवार से शनिवार
समय : सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे, 3 बजे से रात्रि 08 बजे तक
दिन रविवार
समय : सुबह 7:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक
इन्द्रजीत भवन, पहाड़ी मंदिर के सामने, बानों मंजिल रोड, राँची-834001
9431585446 | 7903633179

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**